RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 119
नई दिल्ली, रविवार, 6 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




दमदार शुरुआत करने उतरेगी भारतीय महिला टीम
स्पोर्ट्स-12

# भारत ने रूस-यूक्रेन पर बढ़ाया संघर्ष विराम का दवाब

## युद्धग्रस्त देश में फंसे छात्रों को निकालने के प्रयास हुए तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शनिवार को कहा कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन के पूर्वी शहर सूमी में फंसे भारतीयों को लेकर काफी चिंतित है और उसने रूस एवं यूक्रेन, दोनों से तत्काल संघर्षविराम करने को कहा ताकि संघर्ष वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार छात्रों की दिक्कतों और उनकी मनोस्थिति को समझती है तथा उन्हें वहां से निकालने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भारत ने विविध माध्यमों से रूस एवं यूक्रेन, दोनों से तत्काल संघर्षविराम करने को कहा है, ताकि संघर्ष वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।

सूमी से छात्रों को निकालने के संबंध में बागची ने कहा, हम विविध विकल्पों पर काम कर रहे हैं लेकिन हमारी मुख्य चुनौती उस इलाके में हो रही गोलाबारी, हिंसा और परिवहन की समस्या है। प्रवक्ता ने कहा, इसलिए हम दोनों देशों से स्थानीय संघर्षविराम करने को कह रहे हैं और अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि यह जल्द होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए छात्रों को वहां से निकालना जरूरी है अन्यथा उनके लिए खतरे की स्थिति हो सकती है। बागची ने कहा, यह युद्ध की स्थिति है और हमारी बुनियादी जरूरत सुरक्षित मार्ग से जुड़ी है ताकि जब छात्र परिसर से निकलें, तब सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि छात्रों को सुरक्षा संबंधी एहतियात बरतने, आश्रय स्थल के अंदर रहने तथा अनावश्यक खतरा मोल नहीं लेने को कहा गया है। गौरतलब है कि बागची ने शुक्रवार को कहा था कि सूमी में करीब 700 भारतीय फंसे हुए हैं। यह इलाका रूसी सीमा से ( शेष पेज 8 )


नई दिल्ली एयरपोर्ट पर यूक्रेन से लौटे अपने परिजनों से मिल कर भावुक हुआ एक व्यक्ति

### भारत में इंटर्नशिप पूरी कर सकते हैं विदेशी मेडिकल स्नातकः एनएमसी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** यूक्रेन में जारी संकट के बीच राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने कहा है कि कोविड-19 अथवा युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों के कारण अपनी इंटर्नशिप पूरी नहीं कर पाने वाले विदेशी मेडिकल स्नातक छात्र भारत में इसे पूरा कर सकते हैं। एनएमसी ने एक परिपत्र में कहा कि राज्य चिकित्सा परिषद भी इसका पालन करेंगे, बशर्ते छात्र ने भारत में इंटर्नशिप पूरी करने का आवेदन देने से पहले विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। उसने कहा, कुछ विदेशी छात्र ऐसे भी हैं जिनकी कोविड-19 अथवा युद्ध जैसी विषम परिस्थितयों के कारण इंटर्नशिप पूरी नहीं हो सकी है। उन विदेश मेडिकल छात्रों की परेशानियों और उन पर दबाव को देखते हुए शेष इंटर्नशिप को भारत में पूरा करने के उनके आवेदन मान्य होंगे। इस कदम से उन मेडिकल छात्रों को मदद मिलेगी जो यूक्रेन में अनेक कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे थे और यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण उन्हें वहां से पढ़ाई को बीच में ही छोड़कर देश लौटना पड़ा है। आदेश में कहा गया, राज्य चिकित्सा परिषद को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ( शेष पेज 8 )

### फंसे छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति

**भाषा।** नई दिल्ली

**यूक्रेन** में जारी भीषण लड़ाई के बीच सूमी शहर से पैदल रूस सीमा की ओर रवाना होने का फैसला करने वाले कई भारतीय छात्र अनावश्यक खतरा न मोल लेने के विदेश मंत्रालय के अनुरोध के बाद अपनी यात्रा जारी रखने को लेकर असमंजस में हैं। भारत के अधिकारियों के लिए गोलाबारी से प्रभावित शहर से भारतीयों को निकालने में चुनौतियां पेश आ रही हैं। इसलिए छात्रों ने कहा है कि वे अब कड़ाके की ठंड, खान-पान के सामान में कमी और पीने के पानी के लिए बर्फ को पिघलाने जैसी मुश्किलों का सामना नहीं कर सकते।

लगभग 700 भारतीय छात्र अभी भी युद्ध प्रभावित क्षेत्र में फंसे हुए हैं। क्षेत्र में लगातार लड़ाई से उनकी निकासी बाधित हुई है। छात्रों ने कहा कि उनके पास भोजन और पानी की कमी हो गई है। छात्रों ने सोशल मीडिया पर कई हताश करने वाले वीडियो डाले हैं, जिनमें कहा गया है कि उन्होंने यहां से 50 किमी. दूर रूसी सीमा तक जाने का फैसला किया है। इन वीडियो के सामने आने के बाद नई दिल्ली में हलचल तेज हो गई। छात्रों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय अधिकारी उन्हें रूसी सीमा से अपने साथ ले जाएंगे। ऐसे ही वीडियो में एक छात्र ने कहा, हम डरे हुए हैं। हमने बहुत इंतजार किया है और हम अब और इंतजार नहीं कर सकते। हम अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। हम सीमा की ओर बढ़ रहे हैं। अगर हमें कुछ होता है, तो सारी जिम्मेदारी सरकार और भारतीय दूतावास पर होगी।

इस वीडियो में वह छात्र अपने साथियों से घिरा हुआ है, जिनके हाथों में भारतीय ध्वज हैं। एक अन्य वीडियो में, छात्रों को बाल्टियों में बर्फ भरते देखा जा सकता है क्योंकि उनके पास पीने का पानी खत्म हो रहा है। इन वीडियो के मद्देनजर भारतीय विदेश मंत्रालय ने उनसे आश्रयों के अंदर रहने और अनावश्यक जोखिम लेने से बचने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हम सूमी, यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों के बारे में बहुत चिंतित हैं। हमारे छात्रों के लिए एक सुरक्षित गलियारा बनाने के लिए तत्काल युद्धविराम के सिलसिले में ( शेष पेज 8 )

# आज 11 उड़ानों से 2,200 भारतीय स्वदेश लौटेंगे

## अब तक यूक्रेन से निकाले जा चुके हैं 17,000 भारतीय नागरिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**युद्धग्रस्त** यूक्रेन के पड़ोसी देशों से रविवार को 11 उड़ानों के जरिए 2,200 से अधिक भारतीय स्वदेश लौटेंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को 15 उड़ानों के जरिए करीब 3,000 भारतीयों को एयरलिफ्ट किया गया। बयान में कहा गया कि इनमें 12 विशेष नागरिक और तीन भारतीय वायु सेना की उड़ानें शामिल हैं। गौरतलब है कि रूस के हमले के बाद 24 फरवरी से यूक्रेनी हवाई क्षेत्र बंद है। यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को उसके पड़ोसी देशों के जरिए स्वदेश वापस लाया जा रहा है। वायुसेना निकासी अभियान में सी-17 सैन्य परिवहन विमान का उपयोग कर रही है। वहीं, इंडिगो, विस्तारा और स्पाइसजेट जैसी भारतीय विमानन कंपनिया विशेष नागरिक उड़ानों का संचालन कर रही हैं।मंत्रालय ने कहा, आज (शनिवार को) की उड़ानों में बुडापेस्ट (हंगरी) से पांच, सुशीवा (रोमानिया) से चार, कोसाइस (स्लोवाकिया) से एक और रेज़्ज़ो (पोलैंड) से दो विशेष नागरिक उड़ानें शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, एक पखवाड़े पहले जारी की गई एडवाइजरी के बाद से लगभग 17,000 भारतीय नागरिक यूक्रेन से निकल चुके हैं। रूस ने बुधवार को कहा था कि वह नई दिल्ली के अनुरोध के बाद यूक्रेन के खारकीव, सूमी और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों के सुरक्षित मार्ग के लिए रूसी क्षेत्र में मानवीय गलियारौ बनाने पर गहनता से काम कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार यूक्रेन में 20 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं। इनमें ज्यादातर मेडिकल के छात्र हैं।

### प्रधानमंत्री ने एक और महत्वपूर्ण बैठक की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन की स्थिति और वहां से भारतीय नागरिकों को निकालने के देश के प्रयासों पर चर्चा के लिए शनिवार शाम एक और उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। यह जानकारी सूत्रों ने दी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार से ऐसी कई बैठकों की अध्यक्षता कर चुके हैं। केंद्र सरकार उन भारतीय छात्रों को वापस लाने के लिए प्रयासरत है जो यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद वहां से निकलना चाहते हैं। मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके कैबिनेट सहयोगी पीयूष गोयल के अलावा कई शीर्ष नौकरशाह शामिल हुए।

# भाजपा का चार राज्यों में फिर सरकार बनाने का दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं ने शनिवार को विश्वास जताया किया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन शानदार होगा और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर के साथ ही गोवा में वह फिर से अपनी सरकार बनाएगी जबकि पंजाब में अपनी स्थिति मजबूत करेगी। पार्टी नेताओं ने यह भी दावा किया कि और उसे चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ मिला है।

सात चरणों के पांच राज्यों के चुनावों के आखिरी दौर का प्रचार समाप्त होने के बाद पार्टी मुख्यालय में एक भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कि भाजपा ने वैज्ञानिक चुनाव अभियान चलाया और इसमें बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक ने सभी ने योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी और उसे किसी अन्य दल के समर्थन की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा, मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि पांच राज्यों की जनता ने भाजपा को अनुकूल प्रतिसाद दिया है। चार राज्यों में जहां भाजपा सत्ता में हैं, वहां भाजपा फिर से वापसी करेगी और पंजाब में हमारी स्थिति मजबूत होगी। शाह ने कहा कि पांचों राज्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता आजाद भारत के किसी भी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता से कहीं अधिक ऊपर दिखाई पड़ी और इसका सीधा फायदा भाजपा को इस चुनाव में हो रहा है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश का दौरा किया और उन्होंने महसूस किया कि राज्य में पहली बार लोकतंत्र नीचे तक पनपता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, जातिवाद, परिवारवार, तुष्टिकरण, इन तीनों नासूरों से मुक्त करके आज हम उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र को पहली बार पनपते हुए देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लगभग साढ़े सात साल से देश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही है और उनकी सरकार ने देश के लोगों को इस बात का एहसास दिलाया है कि कोई चुनी हुई सरकार उनके जीवन स्तर को उठाना चाहती है। नड्डा ने भी दावा किया कि पांच में चार राज्यों में भाजपा सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों में अच्छे बहुमत से जीतकर भाजपा अपनी सरकार बनेगी और पंजाब में उसे जनता की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, पंजाब में भाजपा पहली बार 65 ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा नेता

### विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार थमा

#### नौ जिलों की 54 विधानसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के नौ जिलों की 54 विधानसभा सीटों पर सातवें और अंतिम चरण का प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में सोमवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होना है। यूपी विधानसभा चुनाव के लिए चल रहा प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने बताया कि शनिवार को सातवें चरण की 54 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार थम गया और अब निष्पक्ष मतदान कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, गाजीपुर, मऊ आजमगढ़ और जौनपुर जिलों के 54 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार पर रोक लग गई। इन क्षेत्रों में कुल 613 उम्मीदवार अपनी तकदीर आजमा रहे हैं। सातवें चरण की 54 सीटों में 11 अनुसूचित जाति, जबकि दो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

सातवें चरण में लगभग 2.06 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शुक्ल ने बताया कि सातवें चरण के लिए तीन विधानसभा क्षेत्रों चकिया (अजा), राबर्ट्सगंज और दूधी (अजजा) में शनिवार दोपहर चार बजे, जबकि बाकी 51 विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रसार पर शाम छह बजे से प्रभावी रूप ( शेष पेज 8 )

# 15 से 18 साल के तीन करोड़ युवाओं का पूर्ण टीकाकरण

## स्वास्थ्यमंत्री मनसुख मंडाविया ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** टीकाकरण अभियान में भारत ने 3 करोड़ से अधिक युवाओं के वैक्सीन डोज देने के माइल स्टोन यानी मील का पत्थर को हासिल कर लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को कहा कि अब तक देश में 15 से 18 आयु वर्ग के 3 करोड़ से अधिक युवाओं को कोविड रोधी वैक्सीन लगाया गया है।

मंडाविया ने अपने ट्वीट में कहा कि हमारे युवा योद्धाओं ने कितनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 15 से 18 आयु वर्ग के 3 करोड़ से अधिक युवाओं को कोविड19 के खिलाफ वैक्सीन की दोनों डोज दिया जा चुका है। देश का युवा दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को अगले स्तर



पर ले जा रहा है। इस बीचए पिछले 24 घंटों में 24.62 लाख से अधिक खुराक के के साथ भारत का कोविड .19 टीकाकरण कवरेज शनिवार को 178.55 करोड़ से अधिक हो गया है। यह 20652074 सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है। 5921 ताजा कोरोना वायरस मामलों के साथए भारत ने शनिवार को लगभग दो महीनों में सबसे कम दैनिक उछाल देखा। भारत का कुल केस लोड 42957477 है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दुनिया में दूसरा स्थान है। पिछले 24 घंटों में कोविड से 289 मौतें हुई हैं। भारत में महामारी की शुरुआत से अब तक कुल 514878 लोगों की मौत कोविड से हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत में सक्रिय कोविड मामलों की संख्या 63878 है।

वर्तमान में, सक्रिय मामले में कुल मामलों का 0.15 फीसदी शामिल है। 24 घंटे की अवधि में सक्रिय कोविड-19 केसलोड में 6,019 मामलों की गिरावट दर्ज की गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार दैनिक सकारात्मकता दर गिरकर 0.63 फीसदी हो गई हैए जबकि मृत्यु दर 1.20 फीसदी है। वहीं साप्ताहिक सकारात्मकता दर 0.84 फीसदी है। कोविड से ठीक होने की दर 98.64 फीसदी हो गई है। पिछले 24 घंटों में 11651 लोगों को सफलतापूर्वक स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। इसके साथ ठीक होने की संख्या अब बढ़कर 42378721 हो गई है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,887 | |
| निफ्टी | 16,245 | |
| सोना | 51,863 | /10g |
| चांदी | 67,996 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### धन शोधन मामले में कंपनी का प्रवर्तक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने सार्वजनिक उपक्रम को कोयले की अधिक मूल्य पर बिक्री से संबंधित धन शोधन के मामले में चेन्नई की कंपनी के प्रवर्तक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एआर बुहारी के तौर पर की गई है जो कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (सीईपीएल) का प्रवर्तक है। ईडी ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया, बुहारी कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई), कोस्टल एनर्जेन प्राइवेट लिमिटेड, कोल एंड ऑयल ग्रुप (दुबई) और मॉरीशस एवं ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड की ऑफशोर कंपनियों को नियंत्रित करता था। ईडी ने बताया कि सार्वजनिक उपक्रम को कम गुणवत्ता के कोयले की आपूर्ति की गई जबकि सीईपीएल या एमएमटीसी (मेटल्स एंड मिनरल ट्रेडिंग कॉरपोरेशन) द्वारा निविदा में उच्च गुणवत्ता के कोयले की जानकारी दी गई थी।

# पाकिस्तान की मस्जिद में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी आईएस ने ली

## मृतक संख्या बढ़कर 63 हुई

**एपी।** पेशावर

**पाकिस्तान** के गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने यहां जुमे की नमाज के दौरान भीड़भाड़ वाली शिया मस्जिद पर आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती हमले के मुख्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने का शनिवार को संकल्प लिया। इस हमले में कम से कम 63 लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 अन्य लोग घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे अशांत क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक में शुक्रवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में किस्सा ख्वानी बाजार में एक मस्जिद के अंदर आईएसआईएस-खुरासान से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया था। एक चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में घायल हुए पांच और लोगों की मौत हो जाने के बाद कुल मृतक संख्या बढ़कर 63 हो गई है। पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता मुहम्मद आसिम ने कहा, मस्जिद विस्फोट में घायल हुए पांच और लोगों के दम तोड़ने के चलते इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। इस घटना में घायल हुए व्यक्तियों का इलाज लेडी रीडिंग अस्पताल में ही चल रहा है। इस्लामिक स्टेट से जुड़े एवं अफगानिस्तान में मुख्यालय वाले इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस ने पेशावर के पुराने शहर में शिया बहुल कूचा रिसालदार में हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख ( शेष पेज 8 )

# रीता बहुगुणा के पुत्र मयंक व पूर्व आईएएस फतेह बहादुर सपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इलाहाबाद** संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की सांसद रीता बहुगुणा जोशी के पुत्र मयंक जोशी एवं पूर्व आईएएस फतेहबहादुर शनिवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सात चरणों में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के अंतिम सातवें चरण के मतदान से दो दिन पहले शनिवार को मयंक जोशी व पूर्व आईएएस कुंवर फतेहबहादुर ने आजमगढ़ में अखिलेश यादव की एक सभा में सपा की सदस्यता ग्रहण की। देखा जाए तो मयंक जोशी के सपा में शामिल होने से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

हालांकि लखनऊ में चौथे चरण के मतदान से एक दिन पहले 22 फरवरी को मयंक जोशी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की थी। इसके बाद से यह कयास लग रहे थे कि वह सपा में शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी ने शनिवार को अपने


समाजवादी पार्टी की रैली में मयंक जोशी का हाथ थामे अखिलेश यादव

आधिकारिक ट्विटर हैंडल से मयंक के सपा में शामिल होने की जानकारी दी। सपा के ट्वीट में कहा गया है कि उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के नाती, युवा नेता मयंक जोशी आजमगढ़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आपका स्वागत एवं धन्यवाद। उधर मयंक जोशी के इस फैसले पर रीता बहुगुणा की ओर से सफाई दी गई है। उनके प्रवक्ता अभिषेक शुक्ल ने एक बयान में कहा कि प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी संसदीय समिति की बैठक में वर्तमान में त्रिपुरा में है, उन्हें संज्ञान में आया कि मयंक जोशी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्होंने कहा कि रीता जोशी ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और बताया कि वह भाजपा में ही रहेंगी, उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व पर आस्था एवं पूर्ण विश्वास है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार मयंक जोशी को लखनऊ के कैंट विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से टिकट दिलाने के लिए रीता बहुगुणा प्रयासरत थीं लेकिन पार्टी ने यहां से कानून मंत्री ब्रजेश पाठक को उम्मीदवार घोषित कर दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी रीता बहुगुणा जोशी 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुईं और लखनऊ के कैंट विधानसभा क्षेत्र में सपा उम्मीदवार अपर्णा यादव (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू) को हराकर चुनाव में विजई हुईं। इसके बाद योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार में मंत्री बनाई गई थी। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में रीता को इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया और वह चुनाव जीत गईं। रीता 2012 में भी कैंट क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक थीं, इसलिए वह अपने बेटे को यहां से चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा में प्रयासरत थीं। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया था कि बेटे को टिकट दिया जाए और पार्टी का निर्देश होगा तो वह सांसद का पद छोड़ देंगी, लेकिन भाजपा ने टिकट नहीं दिया।

वहीं सपा में शामिल होने वाले कुंवर फतेह बहादुर की गिनती मायावती के बेहद करीबी अफसरों में होती थी। 2007 से 2012 के बीच जब प्रदेश में मायावती मुख्यमंत्री थी तब कुंवर फतेह बहादुर की तैनाती कई अहम पदों पर रही। वह प्रमुख सचिव गृह जैसे अहम पद पर रहे। रिटायरमेंट के बाद कुंवर फतेह ने बसपा का दामन थाम लिया लेकिन बसपा के साथ उनकी पारी ज्यादा लंबे समय तक नहीं चल सकी। 2017 में बसपा ज्वाइन करने के कुछ साल बाद ( शेष पेज 8 )

# नया नोएडा बसाने की प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

## जून माह तक मास्टर प्लान बनाकर प्राधिकरण को सौंपेगी कंपनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नए नोएडा को बसाने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर जिले के कई गांवों की जमीन इसके अंतर्गत आ रही है। जिसको देखते हुए नए नोएडा का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। आपको बता दें कि यह मास्टर प्लान जून 2022 तक तैयार होने की उम्मीद है। यह मास्टर प्लान 2041 तैयार किया जा रहा है। अब से पहले इस मास्टर प्लान को पेश करने की अंतिम तिथि अप्रैल तय की गई थी, लेकिन अब इसे जून 2022 में पेश किए जाने की उम्मीद है।

गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर जिले में दादरी, नोएडा और गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र डीएनजीआईआर बसाया जाएगा। जिसमें गौतमबुद्ध नगर के बीच और बुलंदशहर जिले के 60 गांव आते हैं। इसे बसाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान तैयार करने का काम स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए)




नई दिल्ली को दिया गया है। एसपीए ने अभी तक प्राधिकरण को दो रिपोर्ट सौंपी है। प्राधिकरण को दी हुई पहली रिपोर्ट काम शुरू करने और वास्तविक स्थिति को लेकर है और दूसरी रिपोर्ट सर्वे और मौजूद कनेक्टिविटी के विकल्प पर है।

रिपोर्ट के मुताबिक नोएडा अथॉरिटी ने नक्शे में न्यू नोएडा का खाका खींचा गया है। इसके मुताबिक ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे केजीपी के दोनों तरफ न्यू नोएडा क्षेत्र का दायरा होगा। प्राधिकरण ने दूसरे तरफ के कुछ गांवों का रकबा भी चिन्हित किया है। इनमें कोट, नयाबासरी, फूलपुर, खंडारा, गिरिराजपुर, आनंदपुर और कुछ अन्य गांव शामिल हैं।

गांव और गांव की जमीन के हिसाब से ही मास्टर प्लान बनाया गया है। देश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए दो इंडस्ट्रियल रेलवे फ्रे ट कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। करीब 1500 किलोमीटर लम्बा दिल्ली-मुम्बई कॉरीडोर ग्रेटर नोएडा के दादरी से मुंबई में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट तक है। दूसरा 1839 किलोमीटर लंबा रेलवे कॉरिडोर कोलकाता से अमृतसर तक बनाया जा रहा है। इन दोनों रेलवे कॉरिडोर के बीच गौतमबुद्धनगर जिले की दादरी तहसील के 20 गांव हैं। बुलंदशहर जिले की खुर्जा और सिकंदराबाद तहसीलों के 60 गांव हैं। इन 80 गांवों की जमीन पर नया नोएडा बसेगा।

# कार निर्माता कंपनी के वर्कशॉप पर प्राधिकरण ने लगाया जुर्माना

● कूड़ा निस्तारण ठीक ढंग से नहीं करने पर हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गीला-सूखा और खतरनाक श्रेणी का कूड़ा अलग-अलग नहीं करने पर सेक्टर-63 स्थित मारुति सुजुकी के वर्कशॉप पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस वर्कशॉप से अलग-अलग कूड़ा नहीं लेने पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली कंपनी एजी एनवायरो पर भी 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही सेक्टर-63 में झाड़ू से सफाई करने वाली नार्थ इंडिया कंपनी का कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्य अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-63 में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली कंपनी एजी एनवायरो के वाहन को चेक किया गया। पता चला कि उसमें गीला-सूखा और हैजार्ड कूड़ा अलग-अलग नहीं है। जबकि कंपनी के वाहन में हरा, नीला और काले रंग के तीन बॉक्स बने हुए हैं।

इसके बाद भी मिश्रित कूड़ा रखा गया था। ऐसे में कंपनी पर तत्काल ही 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला कि उपरोक्त कूड़ा सेक्टर-63 स्थित मारुति सुजुकी के वर्क शॉप से लिया गया है। इस पर प्राधिकरण की टीम वर्क शाप पहुंची।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद के वायुसेना स्थल हिण्डन स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में खेल व पाठ्यक्रम में पुरस्कृत विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य व प्रबंधन समिति के सदस्य।

### केंद्रीय विद्यालय में विजेता छात्र पुरस्कृत

**गाजियाबाद।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायुसेना स्थल हिण्डन में दिनांक 3 मार्च 2022 को पुरस्कार वितरण समारोह में खेल व पाठ्यक्रम सहगामी प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में प्राचार्या ने अतिथियों का स्वागत किया एवं विद्यालय गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य वीरेंद्र जग्गी एवं सुशील कुमार ने भाग लिया एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के साथ ही लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान केंद्रित करने हेतु प्रेरित भी किया। विद्यालय उप प्राचार्य ने कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को सदैव आगे बढ़ने की सीख दी ।

### धोखाधड़ी में दो बैंक अधिकारियों पर भी मुकदमे

**गाजियाबाद।** रेड एप्पल, मंजू होम्स सहित 50 कंपनियां बनाकर की गई 100 करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक अधिकारी भी फंस गए हैं। दो मुकदमों में इन्हें आरोपी बनाया गया है। इन पर आरोप है कि रेड एप्पल के मालिक राजकुमार जैन को फर्जी कागजात पर ऋण दिया। लोगों ने फ्लैट खरीदने के लिए जो कागजात दिए थे, उनका इस्तेमाल लोन लेने में किया गया। राजकुमार के जेल जाने के बाद आ रही शिकायतों में बैंक अधिकारियों की उसके साथ साठगांठ होने के आरोप हैं। जिन लोगों के नाम से राजकुमार ने लोन लिए, उनके पास अब बैंक के नोटिस आए हैं तो उन्हें पता चला है। धोखाधड़ी के शिकार लोगों में भास्कर और चंद्र प्रकाश गोयल बिल्डर राजकुमार जैन, प्रतीक जैन, वीरेंद्र, अक्षय जैन, रिषभ जैन, अनुशा जैन, निखिल जैन, इंदु जैन, नमन जैन, मुकेश गोस्वामी के साथ स्टेट बैंक ऑफइंडिया के लोन विभाग के अधिकारियों के खिलाफनंदग्राम थाना में केस दर्ज कराए हैं। इनमें बैंक अधिकारियों का नाम नहीं खोला गया है। पुलिस मालूम कर रही है कि राजकुमार जैन के साथ कौन.कौन अधिकारी मिले हुए थे।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रमजीत सिंह, हरप्रीत कौर, 50 बी अयोध्या एन्क्लेव, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004928477 | फ्लैट नंबर बी-2403, 24वां तल, टावर-बी, अजनारा पैनोरामा, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22 ए, यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 02-02-2022 रू. 39,36,384/- | 04-11-2021 |
| 2. | नेमि चंद जाट, राजेन्द्र कुमार, डब्ल्यूजैड 209 ए, तृतीय तल, बसई दारापुर, रमेश नगर, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली-110015 खाता नंबर :- LBGUR00004844773 | फ्लैट नंबर एएम-ई-12ए06, 12 ए तल, टावर ई, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 रू. 60,99,820/- | 04-11-2021 |
| 3. | नीलू शर्मा, राहुल शर्मा, डी-11/20, द्वितीय तल, आरबी सिटी, सेक्टर-52, वजीराबाद चकरपुर (74), गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBDEL00003362984 | प्लॉट नंबर 10, द्वितीय तल (छत का अधिकार नहीं), रोड नंबर डी-11, आरडी सिटी, सेक्टर-52, गुरूग्राम | 02-02-2022 रू. 25,17,190.6/- | 04-11-2021 |
| 4. | नवीन आर्य, मीनाक्षी आर्य, फ्लैट नंबर 113, नीलगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004899302 | फ्लैट नंबर ए-13, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 45, सेक्टर-9, नीलगिरि अपार्टमेंट, सीजीएचएस लिमिटेड, रोहिणी, दिल्ली | 02-02-2022 रू. 95,54,188.39/- | 31-07-2021 |
| 5. | नरिन्दर सेठी, रजनी सेठी, भानु सेठी, एच नंबर 2752, जोरावर सिंह मार्ग, मोरी गेट, जी पी ओ, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003702443 | कॉटेज नंबर 22, प्लॉट नंबर 4, म्युनिसिपल नंबर 1, राम किशोर रोड, सिविल लाइन, दिल्ली-110054 | 04-02-2022 रू. 52,36,584/- | 04-11-2021 |
| 6. | नरिन्दर सेठी, रजनी सेठी, भानु सेठी, एच नंबर 2752, जोरावर सिंह मार्ग, मोरी गेट, जी पी ओ, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003793030 | कॉटेज नंबर 22, प्लॉट नंबर 4, म्युनिसिपल नंबर 1, राम किशोर रोड, सिविल लाइन, दिल्ली-110054 | 04-02-2022 रू. 22,96,519/- | 04-11-2021 |
| 7. | नरिन्दर सेठी, रजनी सेठी, भानु सेठी, एच नंबर 2752, जोरावर सिंह मार्ग, मोरी गेट, जी पी ओ, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005324906 | कॉटेज नंबर 22, प्लॉट नंबर 4, म्युनिसिपल नंबर 1, राम किशोर रोड, सिविल लाइन, दिल्ली-110054 | 04-02-2022 रू. 9,41,950/- | 04-11-2021 |
| 8. | नंद लाल रियार, गीता देवी, ए-17004, 16वां एवेन्यू, गौड़ सिटी-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201308 खाता नंबर :- LBGUR00004844191 | फ्लैट नंबर एएम-ई-12ए05, 12 ए तल, टावर ई, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 रू. 43,88,057/- | 04-11-2021 |
| 9. | मुकुल गुप्ता, निर्मल गुप्ता, एच नंबर 117 118, तृतीय तल, ब्लॉक सी, पाकेट-11, सेक्टर-3, रोहिणी टीपीडीडीएल शक्ति, दीप बिल्डिंग, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004953316 | फ्लैट नंबर जे-204, द्वितीय तल, टावर-जे, अजनारा एम्ब्रोसिय, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, | 02-02-2022 रू. 75,40,805/- | 04-11-2021 |
| 10 | मुकेश कुमार सिंह, निकिता सिंह, प्लॉट नंबर 330, फ्लैट नंबर 201, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBDEL00002464153 | फ्लैट नंबर ए 1-2605, 25वां तल, टावर ए 1, विक्ट्री एस, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-143, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 रू. 50,29,731.6/- | 04-11-2021 |
| 11 | मोहित गुप्ता, शैली गुप्ता, फ्यूचर टेक पॉलिमर्स, एम-25, गुरू हरिकिशन नगर, पश्चिम विहार, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00001959525 | फ्लैट नंबर 1102, 11वां तल, टावर टी-06, ग्रीन पार्क- क्रीसेंट पार्क, ग्राम वजीरपुर तथा मेवका, सेक्टर-92, गुरूग्राम | 02-02-2022 रू. 19,50,749.79/- | 31-10-2021 |
| 12 | मोहम्मद आफताब अंसारी, ताहिरा आफताब, एल-162, नई बस्ती ओखला मक्की मस्जिद, जामिया नगर, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, साउथ दिल्ली, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00005075239 | फ्लैट नंबर सी-002, भू तल, टावर-सी, एसपीएलएस आवासीय योजना, जल निगम रोड, गोविंद पुरम एक्सटेंशन, एनएच-24, गाजियाबाद | 02-02-2022 रू. 24,32,625.99/- | 04-11-2021 |
| 13 | मोहम्मद इमरान शम्शी, फरहीन इमरान शम्शी, 1670, तृतीय तल, दखनी राय स्ट्रीट, दिल्ली, निकट मोती महल रेस्टोरैंट, दरियागंज, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली, खाता नंबर :- LBNOD00004919119 | फ्लैट नंबर बी-206, द्वितीय तल, टावर-बी, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 रू. 45,47,213/- | 04-11-2021 |
| 14 | मनीष कुमार, रेखा रानी, बीबी-27 डी, ईस्ट शालीमार बाग, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005123296 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर -27 डी, ब्लॉक- बीबी, शालीमार बाग ईस्ट, दिल्ली-110088 | 04-02-2022 रू. 28,29,418/- | 09-11-2021 |
| 15 | मनीष कुमार, रेखा रानी, हरीश कुमार, बीबी-27 डी, ईस्ट शालीमार बाग, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005332921 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर -27 डी, ब्लॉक- बीबी, शालीमार बाग ईस्ट, दिल्ली-110088 | 04-02-2022 रू. 5,66,097/- | 09-11-2021 |
| 16 | किरण बंसल, वी केयर रियल इन्फ्रा प्रा. लि., योगेश बंसल, लोकेश बंसल, 189, भारत अपार्टमेंट, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002138920 | फ्लैट नंबर 182, तृतीय तल, भारत अपार्टमेंट, डीडीए एचआईजी, भारत सीजीएचएस लि., प्लॉट नंबर 20, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली | 02-02-2022 रू. 60,88,583.3/- | 09-11-2021 |
| 17 | कमलेश चंद्र, फ्लैट नंबर 506, हिंडन हाइट्स अपार्टमेंट्स, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBNOD00001498847 | फ्लैट नंबर 506, 5वां तल, हिंडन हाइट्स प्लॉट नंबर 21, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, | 02-02-2022 रू. 12,71,220/- | 09-11-2021 |
| 18 | के मणि कुमार, के साई वरलक्ष्मी, एच नंबर 838, ओसिमो, टावर महागुन मॉडर्नी, सेक्टर-78, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00002342765 | यूनिट नंबर 838, 8वां तल, टावर -ओसिमो, महागुन मॉडर्न, नोएडा | 02-02-2022 रू. 23,52,417/- | 02-10-2021 |
| 19 | के मणि कुमार, के साई वरलक्ष्मी, एच नंबर 838, ओसिमो, टावर महागुन मॉडर्नी, सेक्टर-78, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00004683990 | यूनिट नंबर 838, 8वां तल, टावर -ओसिमो, महागुन मॉडर्न, नोएडा | 02-02-2022 रू. 14,05,633/- | 02-10-2021 |
| 20 | के मणि कुमार, के साई वरलक्ष्मी, एच नंबर 838, ओसिमो, टावर महागुन मॉडर्नी, सेक्टर-78, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00003118896 | यूनिट नंबर 838, 8वां तल, टावर -ओसिमो, महागुन मॉडर्न, नोएडा | 02-02-2022 रू. 7,88,963/- | 02-10-2021 |
| 21 | हितेश नंडाल, रुचि डाबास, मकान नंबर 13, ब्लॉक जीएच-1, अर्चना अपार्टमेंट्स, पश्चिम विहार, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002139103 | फ्लैट नंबर 3 बी-101, प्रथम तल, बिग स्काई टावर, टावर-1, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सेक्टर- I, पाकेट-डी, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 रू. 86,55,566/- | 04-10-2021 |
| 22 | हर्ष कुमार, हरीश कुमार, बालाजी टूअर्स ऐंड पैकेजेज प्रा. लि., हंसू, बीना देवी, फ्लैट नंबर 9515 एफएफ एस/एफ ड्यूपलेक्स, सेक्टर-सी, पाकेट-9, वसंत कुंज, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002009026 | फ्लैट नंबर 9515 ड्यूपलेक्स एफएफ एवं एस/एफ, ब्लॉक-सी, पाकेट-9, वसंत कुंज, दिल्ली | 04-02-2022 रू. 1,31,16,363/- | 31-07-2020 |
| 23 | हर्ष कुमार, हरीश कुमार, बालाजी टूअर्स ऐंड पैकेजेज प्रा. लि., हंसू, बीना देवी, फ्लैट नंबर 9515 एफएफ एस/एफ ड्यूपलेक्स, सेक्टर-सी, पाकेट-9, वसंत कुंज, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002009029 | फ्लैट नंबर 9515 ड्यूपलेक्स एफएफ एवं एस/एफ, ब्लॉक-सी, पाकेट-9, वसंत कुंज, दिल्ली | 04-02-2022 रू. 46,55,592/- | 31-07-2020 |
| 24 | गीता, मनीष कुमार, मकान नंबर 225, सैंथली जार्चा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00004918731 | फ्लैट नंबर 12 ए 03, 13वां तल, सन-5, मिगसन विलास, प्लॉट नंबर जीएच-1 बी(2), सेक्टर ईटा-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 5,05,733/- | 30-09-2021 |
| 25 | गीता, मनीष कुमार, मकान नंबर 225, सैंथली जार्चा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBNOD00004975492 | फ्लैट नंबर 12 ए 03, 13वां तल, सन-5, मिगसन विलास, प्लॉट नंबर जीएच-1 बी(2), सेक्टर ईटा-2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 75,482/- | 30-09-2021 |
| 26 | गायत्री यादव, रामानंद, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 475, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBGHZ00005052082 | प्लॉट नंबर 475, प्रथम तल, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, निकट जीडी गोयनका स्कूल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 30,90,837/- | 04-11-2021 |
| 27 | गायत्री यादव, रामानंद, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 475, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBGHZ00005052088 | प्लॉट नंबर 475, प्रथम तल, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, निकट जीडी गोयनका स्कूल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 4,69,579/- | 04-11-2021 |
| 28 | फौजिया फारूकी, मोतासिम बिल्लाह फारूकी, प्लॉट नंबर 02, छठा तल, फ्लैट नंबर 601, जामिया अपार्टमेंट्स, सेक्टर-पीसी-1, ग्रेटर नोएडा, कासना, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, खाता नंबर :- LBNOD00004363896 | फ्लैट नंबर 12122, 12वां तल, टावर 12 एलए ग्रैंडियोज, प्लॉट नंबर एससी 01/सी ए 1, सेक्टर 150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 02-02-2022 रू. 33,47,678.98/- | 30-10-2021 |
| 29 | दिलीप कुमार ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, फ्लैट नंबर 304, प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBDEL00000803932 | फ्लैट नंबर 304, एसएफ (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 रू. 3,89,663/- | 09-11-2021 |
| 30 | दिलीप कुमार ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, फ्लैट नंबर 304, प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBGUR00001398836 | फ्लैट नंबर 304, एसएफ (रियर एलएचएस) प्लॉट नंबर 148, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 01-02-2022 रू. 2,78,151/- | 09-11-2021 |
| 31 | धनंजय कुमार सिन्हा, निवेदिता सिन्हा, 506, बी 2 शिवालिक अपार्टमेंट्स, सेक्टर-1, मानेसर, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBDEL00004033759 | फ्लैट नंबर 518, ब्लॉक-बी 5, शिवालिक अपार्टमेंट्स, आईएमटी मानेसर, सेक्टर-1, गुरूग्राम | 02-02-2022 रू. 41,21,704/- | 04-10-2021 |
| 32 | चिरदीप कविराज, कजरी कविराज, टी 4/602, पार्श्वनाथ ग्रीन विले, सेक्टर-48, सोहना रोड, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBDEL00002342575 | फ्लैट नंबर 503, 5वां तल, बी 1 बिल्डिंग, रोज परेड, एस. नंबर 21/2/1 ए(पार्ट), 1827+8 ए/1 एवं 1827+8 ए/2/4, मौजे कोंधवा खुर्द, पुणे | 02-02-2022 रू. 2,26,180/- | 04-10-2021 |
| 33 | चौधरी वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, एसपेक मीडिया प्रा. लि., धरमवीर सिंह, हरीश चौधरी, चौधरी वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, तृतीय तल, 803, अर्जुन नगर, कोटला मुबारकपुर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004914894 | प्लॉट नंबर 803, तृतीय तल, अर्जुन नगर, कोटला मुबारकपुर, दिल्ली | 02-02-2022 रू. 42,98,292/- | 04-10-2021 |
| 34 | बृज मोहन, तारा शर्मा, जीजी ।। 3 सी, निकट पीवीआर सिनेमा, विकास पुरी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005263087 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 3-सी, द्वितीय तल, पाकेट-2, विकासपुरी, दिल्ली -110018 | 04-02-2022 रू. 19,54,991/- | 06-11-2021 |
| 35 | भूपिन्दर सिंह, बलविंदर कौर, 2-बी डीडीए फ्लैट्स, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, निकट डीडीए कम्युनिटी सेंटर, शाहदरा, दिल्ली-110032 खाता नंबर :- LBGUR00004898466 | फ्लैट नंबर बी-2203, 22वां तल, टावर-बी, अजनारा पैनोरामा, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22 ए, यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा | 02-02-2022 रू. 33,05,555.01/- | 04-11-2021 |
| 36 | बसंत लाल, पुनीता लाल, फ्लैट नंबर 202, प्लॉट नंबर 334, ज्ञान खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBDEL00005044105 | फ्लैट नंबर 2508, 24वां तल, प्लॉट नंबर जीएच-05 बी, सेक्टर 16 बी, एसकेए ग्रीनआर्च, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 02-02-2022 रू. 31,03,642.04/- | 04-11-2021 |
| 37 | आजाद बाबू, अनुराधा कुमारी, 2546, द्वितीय तल, डीएलएफ फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBNOD00004865120 | फ्लैट नंबर 1707, 17वां तल, टावर-जी, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 54,21,371/- | 04-11-2021 |
| 38 | आजाद बाबू, अशोक कुमार, 2546, द्वितीय तल, डीएलएफ फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBNOD00002360143 | फ्लैट नंबर 1108, 11वां तल, प्लॉट नंबर -02, लॉजिक्स ब्लॉसम, सेक्टर-143, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 04-02-2022 रू. 16,10,155/- | 04-11-2021 |
| 39 | आसिफ इकबाल सलीम, तारिक सलीम, हबीबा खातून, नया किला, अस्सिननगर, सीवान, बिहार खाता नंबर :- LBDEL00002927323 | फ्लैट नंबर 2304, 23वां तल, टावर-के, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 02-02-2022 रू. 38,15,817.32/- | 31-10-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए सभी आरोपी।

**रोबिन हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा**

# तीन भाईयों ने दोस्त के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

● प्रेमिका ने ही फोन करके घर बुलाया था अपने प्रेमी को

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने एक सप्ताह बाद पाली गांव के रोबिन हत्याकांड का खुलासा किया है। इस मामले में दो महिलाओं समेत तीन सगे भाइयों और उनके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि पड़ोसी महिला ने अपनी भाभी और तीन भाइयों के साथ मिलकर साजिश के तहत अपने घर में रोबिन को मौत के घाट उतारा था। इसके बाद शव को कार में रखकर कोट गांव स्थित गंग नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बिजली की केबल, कार और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा हरिश्चंद्र ने बताया पाली गांव का रहने वाला रोबिन 28 फरवरी की रात अचानक घर से गायब हुआ था। इसके बाद एक मार्च में परिजनों ने रोबिन के लापता होने की जानकारी सूरजपुर कोतवाली पुलिस को दी थी। पुलिस ने रोबिन के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली तो पता चला कि उसकी अंतिम बार बात पड़ोस में रहने वाली महिला से हुई थी। पुलिस ने महिला और उसके भाइयों से पूछताछ की तो रोबिन की हत्या का खुलासा हुआ।

पूछताछ में पता चला है कि रोबिन का पड़ोसी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। यह बात महिला के परिजनों को पता चल गई। इसके चलते परिवार के लोगों ने साजिश के तहत 28 फरवरी की रात को महिला से रोबिन को फोन करवाकर अपने घर बुलवाया और बेरहमी से उसकी हत्या कर दी।

# दुकान खाली करवाने पर उलझे

## लाखों रुपए का सामान चोरी करने का आरोप

● मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-50 स्थित एक जिम संचालक ने दुकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिम संचालक का कहना है कि देर रात को दुकान मालिक ने बिल्डिंग में तोड़फोड़ करके जिम में रखें सामान को बाहर फेंक दिया। जिम संचालक का यह भी आरोप है कि देर रात को उनके जिम में लाखों रुपए के सामान की चोरी हुई है। घटना के बाद तनाव का माहौल बना तो चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस टीम मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-49 थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-50 में स्थित एक दुकान में विपिन यादव जिम चलाते हैं। यह दुकान धर्मपाल सिंह की है। जिम संचालक विपिन यादव का कहना है कि देर रात को उनके जिम की दीवार तोड़ी गई और जिम में रखा लाखों का सामान बाहर फेंक दिया गया। जिसके बाद उनका सामान चोरी हो गया। पंकज कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच पड़ताल की गई तो पता चला है कि विपिन यादव और धर्मपाल सिंह का दुकान खाली करवाने को लेकर विवाद चल रहा था। इस विवाद के दौरान ही बीती रात को यह घटना हुई है। फिलहाल मौके पर पुलिस तैनात है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। हमारे द्वारा की गई जांच में पता चला है कि विपिन यादव इंटरनेशनल एथलीट है।

## दुर्घटना में 2 की मौत, कई घायल

**गाजियाबाद।** मालवाक वाहन की टक्कर से बारातियों से भरी एक बस पलट गई, जिसमें सवार 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में कई घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र में बंथला फ्लाईओवर के पास शुक्रवार देर रात एक मालवाहक वाहन ने सड़क किनारे बारातियों से भरी एक बस में टक्कर मार दी। हादसे में मालवाहक वाहन में बैठे दो लोगों की मौत हो गई, जबकि बस में बैठे कई यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# प्रोडक्शन मैनेजर के घर 43 लाख की चोरी

## तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने केस किया दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर में प्रोडक्शन मैनेजर के मकान पर बदमाशों ने धावा बोलकर शुक्रवार दोपहर 43 लाख की चोरी को अंजाम दिया। बदमाश 40 लाख की ज्वेलरी व तीन लाख नकद लेकर चले गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन बदमाश नजर आ रहे हैं। तीनों ने मास्क लगा रखे हैं।

खास बात है कि बदमाशों के पास ताले की चाबी पहले ही थी। ऐसे में रेकी की बात से इन्कार नहीं किया जा सकता। फि लहाल पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

कृष्णानगर कालोनी के भरत चौहान हापुड़ स्थित एक कंपनी में प्रोडक्शन मैनेजर हैं। घर में पत्नी बीना देवी के साथ रहते हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि एक बेटा नागपुर में नौकरी करता है। रोजाना की तरह शुक्रवार को भरत ड्यूटी पर हापुड़ चले गए थे। दोपहर के समय करीब ढाई बजे बीना देवी दूध के रुपये देने के लिए पड़ोस के मकान पर गई थी। इस बीच कुछ बदमाश बाहर के गेट पर लगा ताला खोलकर घर में घुस गए। वहां जो भी उनके हाथ लगा उसे बैग में भर लिया। बदमाशों ने बीना के कमरे में रखी सेफसे ज्वेलरी व नकदी भी चोरी कर ली। करीब डेढ़ घंटे बाद जब बीना घर पहुंची तो मकान का ताला खुला देख चकित रह गई।

आनन-फानन में अंदर पहुंची तो कमरे में सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। शाम के समय जब भरत घर पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इतनी बड़ी चोरी की सूचना पर पुलिस के भी हाथ, पैर फूल गए।

# शनिवार को भी दर्शकों से गुलजार रहा सरस मेला

## तेलंगाना, तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश के उत्पाद बने लोगों के आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सेक्टर 33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस मेले में शनिवार को खासी चहल-पहल रही। यहां नोएडा वासियों ने परिवार के साथ जमकर खरीदारी की और विभिन्न प्रदेश के उत्पादों को सराहा भी। वही तेलंगाना, तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश के उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले में सभी राज्यों के स्टॉल का प्रबंधन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के सुरेश प्रसाद ने संभाला है।

सरस मेले में तेलंगाना राज्य के नलगोटा से संभावना संगम स्वयं सहायता समूह ने स्टॉल लगाया है। समूह का संचालन रानी करती हैं। इनके हस्त निर्मित उत्पादों में पर्स, हैंगिंग मैटेरियल, डेकोरेशन मैटेरियल, जर्मन मेटल की ज्वेलरी नोएडावासियों को अधिक पसंद आ रही हैं। जबकि



अन्य उत्पादों में दुपट्टे, गले का पेचेस, स्कर्ट, शाल तथा बेडशीट शामिल है। तेलंगाना के ही नलगुंडा के झांसी लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में ऑटम वैली बेडशीट, रनिंग मटेरियल, टॉवल तथा कॉटन मास्क शामिल है। वहीं शकी लक्ष्मी द्वारा संचालित हरिथा स्वयं सहायता समूह ने इक्का कॉटन साड़ी, बेडशीट तथा सूट के कपड़े का स्टॉल लगाया है। तमिलनाडु के मधुरई से सुकीलाड द्वारा संचालित थूलासी माकालिर कुलु स्वयं सहायता समूह के उत्पाद में कॉटन साड़ी, ज्वेलरी तथा जूट बैग की जमकर खरीदारी की जा रही है।

तमिलनाडु के ही चित्रा देवी द्वारा संचालित मदर टेरेसा स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में पंचधातु ज्वेलरी, सिल्क कॉटन साड़ी, जूट प्रोडक्ट तथा रेक्सीन बैग आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। साथ ही मधुरई के एक अन्य मीना स्वयं सहायता समूह का संचालन सरिदा करती है, इनके उत्पादों में पायल, तांबे के कड़े, रुद्राक्ष, अंगूठी, तुलसी माला तथा क्रिस्टल माला आदि उत्पाद शामिल हैं, जिनकी मांग दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आंध्र प्रदेश से कृष्णा जिले की जगनमोहन ने श्री स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को मेले में उतारा है। जिन की विशेषता कलमकारी तथा हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग है। इमेज ड्रेस मटेरियल, मलमल कॉटन साड़ी, सूट, मलवार सिल्क साड़ी तथा चेन्नूर सिल्क साड़ी शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी को मिला नया वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

## यहां रोजाना 31.80 करोड़ लीटर सीवर का पानी होगा शोधित, यमुना की सफाई में निभाएगा अहम भूमिका

● जल शोधन संयंत्र शुरू होने से उत्तरी दिल्ली और उसके आसपास रहने वाले करीब 23 लाख लोगों को होगा फायदा : जैन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली को नया अवजल शोधन संयंत्र मिला है। इस संयंत्र की रोजाना 31.80 करोड़ लीटर अपशिष्ट जल का उपचार करने की क्षमता है। नवनिर्मित कोरोनेशन पिलर वेस्ट-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कोरोनेशन पिलर ड्रेनेज जोन के लिए सीवेज ट्रीटमेंट की जरूरतों को पूरा करेगा।

शक्ति नगर, कमला नगर, रूप नगर, दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर, नेहरू विहार और विश्वविद्यालय के क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट जल का उपचार इस संयंत्र में किया जाएगा। इसके अलावा, स्वरूप नगर, भलस्वा, संत नगर और वजीराबाद ग्रुप ऑफ कॉलोनियों जैसी अनधिकृत कॉलोनियों से उत्पन्न सीवेज का भी अब यहां उपचार किया जा सकेगा।

इसके शुरू होने से यमुना को प्रदूषण मुक्त करने में भी मदद मिलेगी। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कोरोनेशन पिलर के पास स्थित अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का उद्घाटन किया। इसके अलावा जैन ने संगम विहार और देवली विधानसभा क्षेत्र के सभी घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने के लिए 71.51 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने के कार्य की आधारशिला भी रखी। सत्येंद्र जैन ने कहा कि कॉलोनियों से निकलने वाले सीवर को कोरोनेशन पिलर अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र में शोधित किया जाएगा जिससे यमुना नदी की सफाई होगी और इस क्षेत्र के लाखों लोगों को लाभ होगा। वर्तमान में, सीवेज जो सीधे नाले में गिरता है, अब बुराड़ी में उपलब्ध पंपिंग स्टेशन के माध्यम से कोरोनेशन पिलर वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाएगा और यहां उपचारित किया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल पूरक नाले के माध्यम से यमुना नदी में जाएगा।



### मेम्ब्रेन वाली गैस स्टोरेज टंक का प्रावधान

उत्पादित सामग्री को कुशलता से संभालने के लिए मेम्ब्रेन वाली गैस स्टोरेज टंक का प्रावधान किया गया है। यह गैस धारक सबसे लचीली, किफायती है और साथ ही विश्वसनीय व कुशल बायोगैस भंडारण का समाधान हैं। यह मौजूदा अपशिष्ट जल उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्नत तकनीक के उपयोग के कारण यह संयंत्र दक्षता बनाए रखने में मदद करेगा।

### अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र की मुख्य विशेषताएं

संयंत्र का निर्माण जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग और टी.एस.एस 10 मिलीग्राम प्रति लीटर के अपशिष्ट प्रवाह मानकों के साथ आधुनिक तकनीक के साथ किया गया है, जिसमें नाइट्रोजन और फास्फोरस को हटाने के साथ-साथ कीटनाशन भी है, जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नए मानकों के अनुरूप निर्धारित किया गया है। बिजली उत्पादन के प्रावधान के साथ, इस संयंत्र को काफी चिरस्थायी बनाया गया है। संयंत्र स्काडा प्रणाली के आधार पर पूरी तरह से स्वचालित है। जिसमें अपशिष्ट प्रवाह की मापदंडों के अनुरूप ऑनलाइन चरणवार निगरानी होती है। स्काडा प्रणाली पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा को एकत्रित करता है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की एक प्रणाली है। यह उद्योगों को वास्तविक समय के डेटा की निगरानी, इसे इकट्ठा करने और संशोधित करने में मदद करता है। साथ ही डाउनटाइम को कम करने और सिस्टम को आत्म-निर्भर बनाता है। इसमे गाद एवं सिवेज के डी-वाटरिंग का प्रावधान है, जिससे इसे सुखाने वाले क्यारियों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसलिए, यह नया संयंत्र दूसरों से अधिक बेहतर काम करता है।

# बिजनेस ब्लास्टर्स एक्सपो में छात्रों को मिले कई निवेशक

● बच्चे आने वाले समय में बनेंगे देश के शीर्ष उद्यमी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार के बिजनेस ब्लास्टर्स इनवेस्टमेंट समिट एंड एक्सपो में देशभर के निवेशकों ने शिरकत की। बच्चों के आइडियाज से निवेशक बहुत प्रभावित हुए और उनके स्टार्ट-अप में करोड़ों रुपये का निवेश किया।

निवेशकों ने कहा कि होनहार बच्चे आने वाले समय में देश के शीर्ष उद्यमी बनेंगे और नौकरी देने वाले बनकर भारत को विकसित देश की श्रेणी में खड़ा करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार बाबा साहेब अम्बेडकर के सपनों को पूरा कर रही है और बिजनेस ब्लास्टर्स एक्सपो एंड समिट उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों की मेहनत से यह कार्यक्रम सफल रहा इसकी सफलता को देखते हुए आने वाले समय में उनकी सरकार निजी स्कूलों में भी बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम की शुरुआत करेगी। सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि देश नौकरी मांगने वाली मानसिकता के साथ 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है। देशभर के छात्रों में उद्यमशीलता वाली मानसिकता विकसित करके ही देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचा सकते है। बिजनेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम से सरकारी स्कूलों के लाखों बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है।

# महिलाओं के लिए पुलिस पेश करेगी विशेष पॉडकास्ट

किस्सा खाकी का

● महिला दिवस पर पुलिस कमिश्नर का एक्सक्लूसिव पॉडकास्ट होगा प्रसारित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अनूठी पॉडकास्ट सीरीज 'किस्सा खाकी का' इस माह 6 मार्च से दिल्ली की महिला पुलिस की उपलब्धियों को फोकस करेगी।

दिल्ली पुलिस 8 मार्च को दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना के संबोधन के साथ एक विशेष एपिसोड का पॉडकास्ट करेगी। यह पॉडकास्ट सीरीज दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना द्वारा अपराधों, जांच, दिल और मानवता की अनसुनी कहानियों को पेश करके जनता के साथ संचार स्थापित करें।

यह सभी रैंकों में कटौती करने वाले दिल्ली पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की गई असाधारण सामाजिक और मानवीय सेवाओं का जश्न मनाने पर केंद्रित है। इन कहानियों को डॉ. वर्तिका नंदा ने लिखा और सुनाया है। आगामी सीरीज़ में दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा की एसआई प्रीति सांगवान और गैंगस्टर काला जठेड़ी की साथी अनुराधा को पकड़ने की उसकी जीत दिखाई देगी। प्रीति हरियाणा के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उन्हें अपराधों को उजागर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। 'किस्सा खाकी का' हर रविवार को दोपहर 2 बजे डिजिटल रूप से प्रसारित होता है।

"हमें इन पॉडकास्ट पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। यह जनता को हमारी टीम द्वारा किए गए कार्यों के दूसरे पक्ष को देखने में मदद कर रहा है। यह हमारे स्टाफ सदस्यों के लिए भी एक बहुत ही संतोषजनक अनुभव है।"
-सुमन नलवा
पीआरओ, दिल्ली पुलिस

### कोर्ट में बंदरों को खाने-पीने की वस्तुएं देने से बचें: हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों और कर्मचारियों से अदालत परिसर में बंदरों को खाने-पीने का सामान देने से बचने को कहा है। उच्च न्यायालय ने संबंधित व्यक्तियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अदालत की इमारत में कोई खिड़की अथवा कोई ब्लॉक खुला नहीं रहे या वहां कोई देख-रेख करने वाला मौजूद हो। उप रजिस्ट्रार जावेद खान के हस्ताक्षर वाले आदेश में कहा गया कि इस अदालत के सभी अधिवक्ताओं,वादियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि वे अदालत परिसर में बंदरों को खाने-पीने का सामान देने से बचें।

### सिक्किम की तर्ज पर वृक्ष गोद ले सकेंगे दिल्ली वाले

**नई दिल्ली।** वन विभाग भी सिक्किम की उसी नीति पर काम कर रहा है जिसके तहत किसी संस्था या व्यक्ति को किसी पेड़ को गोद लेकर उसकी देखभाल करने का अधिकार होगा।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और लोग पेड़ों के महत्व को लेकर जागरुक हैं, यह ध्यान में रखते हुए हम सिक्किम की तर्ज पर वृक्ष गोद लेने की नीति लाने को इच्छुक हैं। हालांकि, अब भी यह चर्चा के स्तर पर है और इसे तैयार करने में कुछ समय लग सकता है।

इसका उद्देश्य संरक्षण नीति को और लोगों तथा प्रकृति के बीच संबंध को मजबूत करना है। अधिकारी ने कहा कि कोई संस्था या व्यक्ति एक से अधिक पेड़ गोद ले सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग सर्वेक्षण करेगा और उन पेड़ों की पहचान करेगा जो बहुत पुराने हैं।

# रेलवे स्टेशन पर स्काईवॉक आम लोगों के लिए खुला

● मेट्रो और पार्किंग से सीधे पहुंचाएगा रेलवे स्टेशन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन आना जाना अब और भी आसान हो गया है। रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ बना 242 मीटर लंबा स्काई वॉक शनिवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। इसमें स्वचालित सीढ़ियां और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रवक्ता ने बताया कि स्काइवॉक का निर्माण डीएमआरसी ने उत्तर रेलवे के साथ मिलकर किया है। यह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट के तरफ वाले हिस्से को पास के येलो लाइन के मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से जोड़ता है। इसे शनिवार सुबह यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। नवनिर्मित स्काइवॉक रेलवे स्टेशन के अंदर बने फुट ओवर ब्रिज का ही विस्तार है और यह रेलवे प्लेटफॉर्म के अजमेरी गेट के हिस्से को नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से जोड़ता है। साथ में यह मल्टी लेबर पार्किंग को भी जोड़ता है। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन येलो लाइन पर स्थित है।

# देवेंद्र भुल्लर को 17 महीने की अवैध हिरासत रखने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार से 2019 में सजा माफी प्राप्त कर चुके देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर की रिहाई को 5वीं बार दिल्ली सरकार के सेंटेंस रिव्यू बोर्ड द्वारा टालने पर पंथक संगठनों ने शनिवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया।

जागो पार्टी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने भुल्लर की रिहाई की मांग को लेकर हाथों में तख्तियां थीं। ये लोग केजरीवाल विरोधी नारे लगा रहे थे। मनजीत सिंह जीके ने कहा कि केजरीवाल सरकार भाई दविंदर पाल सिंह भुल्लर को आजीवन जेल में रखना चाहती है, वो सही नहीं है। जीके ने दावा किया कि भाई भुल्लर 2 उम्र कैद की सजा काट चुके है, यह सीधे तौर पर केंद्र सरकार के अक्टूबर 2019 के रिहाई आदेश के बाद दिल्ली सरकार के चलते भुल्लर की 17 महीने की अवैध हिरासत का मामला बनता है।



# सरकारी स्कूल के बच्चे बनेंगे बेहतरीन तैराक

## मयूर विहार व एसकेवी चंदर विहार मंडावली में तैयार किया सेमी ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल

● विशेषज्ञ कोचों के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क मिलेगा प्रशिक्षण : सिसोदिया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एसकेवी पॉकेट-4 फेज-1 मयूर विहार व एसकेवी चंदर विहार, मंडावली में सेमी ओलंपिक साइज़ स्विमिंग पूल का उद्घाटन किया।

इन स्विमिंग पूल के माध्यम से स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को शानदार ट्रेनिंग मिलेगी और इनमे से बहुत से बच्चे राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाकर देश का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे। इस दिशा में इन दोनों स्कूलों में सेमी ओलंपिक साइज़ के स्विमिंग पूल तैयार किए गए है, जिसकी लम्बाई 25 मीटर व चौड़ाई 12.5 मीटर है। साथ ही यहां बच्चों को स्विमिंग सिखाने के एक्सपर्ट कोच भी मौजूद होंगे, जो बच्चों को स्विमिंग सीखने के साथ-साथ उन्हें खेलों के लिए भी तैयार करेंगे। सिसोदिया ने कहा कि 4-5 साल पहले तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग टूटी-फूटी होती थी लेकिन अब न केवल दिल्ली के सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड की सबसे शानदार यूनिवर्सिटीज जैसा हो चुका है बल्कि यहां बच्चों को स्पोर्ट्स संबंधी शानदार सुविधाएं भी मिल रही है।

उन्होंने कहा कि कि बच्चों के 360 डिग्री विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बेहद ज़रूरी है। दिल्ली सरकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

दिल्ली सरकार अपने स्कूलों के मूलभूत ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के साथ-साथ उसमें वर्ल्ड-क्लास खेल सुविधाओं को भी विकसित कर रही है ताकि हमारे बच्चों को बेहतर खेल-सुविधाएं और प्रशिक्षण मिल सके और वो देश के लिए मेडल लाकर देश का नाम रौशन करे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सपने को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार अपने स्कूलों में ऐसी सुविधाएं विकसित कर रही है ताकि गरीब से गरीब तबके के बच्चे उसका फायदा उठा सकें। ज्ञात हो कि स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के लिए लगातार सरकार द्वारा खेलों को न सिर्फ बढ़ावा दिया जा रहा है बल्कि खिलाड़ियों के लिए वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीले पदार्थ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नारकोटिक्स सेल ने नशीले पदार्थ के साथ एक तस्कर को रिंग रोड शांत वन के निकट से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 80 लाख रुपये की दो सौ ग्राम एमडीएमए नामक नशीला पदार्थ जब्त किया है। पुलिस उससे ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस उपायुक्त मनोज सी के अनुसार, ड्रग्स तस्करी को लेकर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की नारकोटिक्स सेल तस्करों पर लगातार नकेल कस रही है। इसी कड़ी में तीन मार्च को नारकोटिक सेल में तैनात सिपाही तरुण को मुखबिर से जानकारी मिली कि जावेद उर्फ राजा एमडीएमए नामक पार्टी ड्रग्स की तस्करी करता है।

### दिन भी चली तेज हवाएं, आवोहवा सुधरी

**नई दिल्ली।** न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरे दिन तेज हवाएं चलने रही। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े बजे आर्द्रता 85 प्रतिशत रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक पूर्वाह्न नौ बजे दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 120 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

### आश्रम अंडरपास बना जी का जंजाल: बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पीडब्ल्यूडी की दो परियोजनाओं के निर्माण में बरती जा रही सुस्ती और लापरवाही के कारण पूरी दिल्ली की जनता को हो रही परेशानी की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। आश्रम अंडरपास तीन साल से और प्रगति मैदान टनल का काम पांच साल से चल रहा है। इन परियोजनाओं के कारण लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। बिधूड़ी ने उपराज्यपाल से भी अनुरोध किया है कि वह परियोजनाओं से संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का आदेश दें। बिधूड़ी ने कहा है कि कोरोना की बंदिशें खत्म होने के बाद अब दिल्ली की जिंदगी पूरी तरह पटरी पर आती दिखाई दे रही है। सभी कार्यालय, स्कूल और मार्केट खुल चुके हैं।

### शनिवार व रविवार को खुले रहेंगे संपत्तिकर कार्यालय

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष, श्री जोगी राम जैन ने आज बताया कि आम माफी योजना के अर्न्तगत सम्पत्ति कर दाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सभी संपत्तिकर कार्यालय 31 मार्च 2022 तक (केवल द्वितीय शनिवार व राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। दोपहर 1:00 बजे से 1:30 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। जोगी राम जैन ने बताया कि यह निर्णय नागरिकों के हित में लिया गया है ताकि नागरिक अपना बकाया संम्पत्ति कर जल्द से जल्द जमा करवा सकें।

### दिल्ली हिंसा: ताहिर हुसैन की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में दायर जमानत याचिका खारिज कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 8 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने इस मामले में ताहिर हुसैन और अमित गुप्ता को आरोपी बनाया है। ईडी ने ताहिर हुसैन और अमित गुप्ता को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत धारा 3 के तहत आरोपी बनाया है। चार्जशीट में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के दंगों में ताहिर द्वारा धनराशि लगाने का आरोप लगाया है। ईडी के मुताबिक ताहिर हुसैन और उससे जुड़े लोगों ने एक करोड़ दस लाख रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग किया। दंगों के लिए एकत्रित किए गए इस धन को फर्जी कंपनी के जरिये नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में चल रहे धरना-प्रदर्शनों में लगाया गया।

पसुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
CIN : L50102UP1982PLC015532
पंजीकृत कार्यालय : काशीपुर रोड, ठाकुरद्वारा, जिला मोरादाबाद (उ. प्र.)
कॉरपोरेट कार्यालय : एम-14, कनॉट सर्कस (मिडिल सर्कल), नई दिल्ली-110 001
फोन नं. : 91-11-47627400, फैक्स नं. : 91-11-47627497
E-mail : delhi@pasupatiacrylon.com, Website : www.pasupatiacrylon.com
पोस्टल बैलेट की सूचना
पसुपति एक्रिलॉन लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 तथा अन्य लागू प्रावधानों ("अधिनियम") यथा संशोधित के साथ पठित रुल 20 एवं 22 कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 और एमसीए सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 22/2020, 33/2020, 39/2020, 10/2021 एवं 20/2021 दिनांक अप्रैल 8, 2020, अप्रैल 13, 2020, जून 15, 2020, सितम्बर 28, 2020, दिसम्बर 31, 2020, जून 23, 2021, एवं दिसम्बर 8, 2021 क्रमशः कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी ("एमसीए परिपत्र") के अनुसरण में और सेबी (सूचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सेबी लिस्टिंग विनियम"), सचिवीय मानक-2 भारत के कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किया गया एवं अन्य कोई लागू कानून और विनियम (कोई वैधानिक संशोधन (नों) सहित, स्पष्टीकरण (णों), प्रतिस्थापन (नों) या उस समय के लिए फिर से लागू (ओं) को लागू किया जा रहा है), मार्च 3, 2022 की पोस्टल मतपत्र नोटिस में निर्धारित निम्नलिखित विशेष संकल्पों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों ("रिमोट ई-वोटिंग") के माध्यम से ही मतदान करके पोस्टल मतपत्र के माध्यम से कंपनी के शेयरधारकों द्वारा पारित किया जाना प्रस्तावित है।
विशेष संकल्प:
क) कंपनी की उधार सीमा को बढाने के लिए; तथा
ख) उधार के संबंध में कंपनी की संपत्तियों/परिसंपत्तियों पर चार्ज/बंधक/हाइपोथेकेशन के निर्माण हेतु सीमा बढाने के लिए।
कंपनी ने मार्च 4, 2022 को केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा पोस्टल बैलेट नोटिस व्याख्यात्मक बयान सहित, कंपनी के उन सदस्यों को भेजने का कार्य पूरा कर लिया है जिनके ई-मेल एड्रेस शुक्रवार दिनांक 25 फरवरी, 2022 ("कट-ऑफ तिथि") को कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट/उनके डिपॉजिटरिज प्रतिभागी के पास पंजीकृत हैं। डाक मतपत्र नोटिस की भौतिक प्रतिलिपि भेजने की आवश्यकता, डाक मतपत्र रुपों और प्रीपेड बिजनेस उत्तर लिफाफे को प्रासंगिक एमसीए परिपत्रों के माध्यम से डिस्पेंस किया गया है।
डाक मतपत्र नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.pasupatiacrylon.com पर भी उपलब्ध है, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर क्रमशः है एवं सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
इस संबंध में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि:
1. पोस्टल मतपत्र नोटिस में निर्धारित विशेष व्यवसायों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान किए गए ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से केवल रिमोट ई-वोटिंग द्वारा पोस्टल मतपत्र के माध्यम से लेन-देन किया जाना चाहिए।
2. रिमोट ई-मतदान अवधि शनिवार, 5 मार्च, 2022 को सुबह 9.00 बजे (IST) शुरु होगी और रविवार, 3 अप्रैल, 2022 को सायं 5.00 बजे (IST) पर समाप्त होगी। शेयरधारक अपना वोट उपरोक्त अवधि में इलेक्ट्रॉनिक रुप से दे सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग मॉड्युल के बाद अक्षम किया जाएगा और दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति तद्पश्चात नहीं दी जाएगी। एक बार वोट डाले जाने के बाद, शेयरधारक को इसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
3. केवल उन शेयरधारकों, जिनके नाम कंपनी के शेयरधारकों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों की सूची में अंकित हों, जिसे डिपॉजिटरिज द्वारा संचालित कट-ऑफ तिथि जो कि शुक्रवार दिनांक फरवरी 25, 2022 विशेष संकल्पों पर केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट डालने के लिए पात्र होंगे। वो व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर शेयरधारक नहीं है, उसको इसे केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।
4. शेयरधारकों के मतदान अधिकार कंपनी की कुल पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी में कट-ऑफ तिथि के रुप में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
5. शेयरधारक जिन्हें डाक मतपत्र नोटिस नहीं मिला है, वे palsecretarial@gmail.com पर लिख सकते हैं और इसे प्राप्त कर सकते हैं।
6. इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के लिए किसी भी जानकारी या शिकायत हेतु कृपया श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25 मंजिल, मैराथन फ्युट्युरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाऊंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर पारेल (पूर्व) मुंबई-400013 या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेजें या संपर्क करें 022-23058542/43
शेयरधारक जिन्होंने अपने ई-मेल पते को पंजीकृत नहीं किया है, उनसे संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से जमाकर्ता के साथ इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग्स के संबंध में और कंपनी/इसके आरटीए के साथ भौतिक होल्डिंग्स के संबंध में, विधिवत भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म ISR-1 जमा करके पंजीकरण करने का अनुरोध किया जाता है जो www.pasupatiacrylon.com पर कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री सुसांता कुमार होता, प्रोपराइटर मैसर्स एस. के. होता एण्ड एसोशियेट, अभ्यासरत कंपनी सचिव, (सदस्य सं. 16165, सर्टिफिकेट सं. 6425) को एक उचित और पारदर्शी तरीके से रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से डाक मतपत्र आयोजित करने के लिए जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।
संकल्प, यदि अनुमोदित होता है तो ई-वोटिंग यानि रविवार, 3 अप्रैल, 2022 की अंतिम तिथि पर पारित किया जाएगा। परिणाम मंगलवार, दिनांक 5 अप्रैल, 2022 पर या उससे पहले पोस्टल मतपत्र के साथ स्क्रूटिनिज़र की रिपोर्ट के साथ घोषित किया जाएगा और वही कंपनी की वेबसाइट www.pasupatiacrylon.com पर प्रदर्शित किया जाएगा और बीएसई लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और सीडीएसएल को सूचित किया जाएगा।
कृते पसुपति एक्रिलॉन लिमिटेड
हस्ता./-
भारत कपूर, कंपनी सचिव
सदस्य सं. एसीएस 54267
दिनांक : मार्च 4, 2022
स्थान : नई दिल्ली

# सक्षम प्रोफेशनल्स तैयार करने को हरियाणा में बनेगा आईईटी संस्थान

## तकनीकी शिक्षा विभाग के एसीएस ने संस्थान की स्थापना पर ली बैठक

## कंसलटेंट कंपनियों के कई प्रतिनिधि रहे बैठक में

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बैठक करके हरियाणा में इंस्टीट्यूट ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईईटी) नामक संस्थान स्थापित करने पर मंथन करते सरकार के अधिकारी व मल्टीनेशनल कंपनियों के अधिकारी।

**विश्व** में उभरती आधुनिक और इनोवेटिव तकनीक अपनाने में सक्षम हाई क्वालिटी प्रोफेशनल्स तैयार करने के लिए हरियाणा में इंस्टीट्यूट ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईईटी) नामक संस्थान स्थापित होगा। इस संस्थान को स्थापित करने को लेकर शनिवार को तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण की अध्यक्षता में कंसल्टेंट कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने कहा कि आधुनिक युग में ज्ञान और नवाचार संचालित आर्थिक व्यवस्था में प्रभावी रुप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से एक ऐसी आधुनिक स्वायत्त संस्था स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की गई है, जिसका फोकस हाई क्वालिटी प्रोफेशनलस तैयार करने पर हो, ऐसे प्रोफेशनल्स जो भविष्य में विश्व स्तर पर स्वीकार्य उभरती और नवीनतम तकनीक हमारे यहां ना केवल प्रदान करने में सक्षम हों बल्कि भविष्य की तकनीक विकसित भी कर सकें। इस प्रकार का संस्थान स्थापित करने का उल्लेख वित्त वर्ष 2020-21 के बजट भाषण में किया गया था।

### ग्रीन फील्ड होगा प्रोजेक्ट, कंसलटेंट कंपनियां मार्च अंत तक भेजेंगी कांसेप्ट पेपर

**एसीएस** श्रीशरण ने कहा कि यह एक ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट होगा। सरकार इस संस्थान को विश्व के आधुनिक से आधुनिक संस्थान से बेहतर बनाना चाहती है। इसके लिए कंसलटेंट कंपनियां विश्व में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज सांझा करते हुए इस माह के अंत तक अपना कांसेप्ट पेपर तकनीकी शिक्षा विभाग के पास भिजवाएं।

**कंपनियों के प्रतिनिधियों ने दिए अपने सुझाव** : इस बैठक में डिलोइट टच तोहमस्तु इंडिया लिमिटेड, अर्नेस्ट एंड यंग एलएलपी, केपीएमजी एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, मैकिंसी एंड कंपनी तथा प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसीएस श्रीशरण ने इन प्रतिनिधियों द्वारा रखे गए सुझाव ध्यान से सुने और कहा कि आज का वार्तालाप व विचार विमर्श बहुत सार्थक रहा। आप अपने सुझावों के साथ कांसेप्ट पेपर बनाकर मार्च माह के अंत तक तकनीकी शिक्षा विभाग में भिजवाएं। उसके बाद विभाग सभी सुझावों का अध्ययन करके उसकी सम्मरी तैयार करके सभी हितधारकों के साथ साझा करेगा। उसके बाद आगे की कायज्वाही की जाएगी।

तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक राजीव रतन भी बैठक से ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने भी अपने सुझाव दिए। गुरुग्राम के डीसी निशांत यादव ने कहा कि विचार-विमर्श काफी लाभप्रद रहा और उन्हें उम्मीद है कि सभी के सहयोग से यह एक बेहतरीन संस्थान बनेगा। बैठक में तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक कृष्ण कुमार कटारिया, विभाग के अन्य अधिकारीगण के साथ हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के अतिरिक्त सीईओ गौरव सिंह भी उपस्थित थे।

### संस्थान के स्वरूप पर हुआ विचार विमर्श

**शनिवार** को कंसलटेंट कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में इस विषय पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी ने अपने सुझाव रखे कि इस संस्थान का स्वरूप क्या हो, उसमें क्या पाठ्यक्रम हो या इसे रिसर्च आधारित बनाया जाए। संस्थान अन्य शिक्षण संस्थानों की तरह केवल शिक्षा प्रदान करने या डिप्लोमा अथवा डिग्री प्रदान करने तक ही नहीं सीमित हो, अपितु ऐसे हाई क्वालिटी प्रोफेशनल्स तैयार करने में सक्षम हो जो आम जनता का जीवन और अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायक विश्व स्तरीय टेक्नोलॉजी ना केवल तुरंत अपनाने में सक्षम और सहायक हो बल्कि भविष्य की नई तकनीक विकसित भी करें। इस संस्थान का उद्योगों के साथ मजबूत कनेक्ट हो। इस संस्थान में फैकल्टी कैसी हो, फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर कैसा हो आदि विषयों पर सुझाव दिए गए।

# द्रोण नगरी में रातभर गूंजे श्याम बाबा के भजन और जयकारे


गुरुग्राम में सजा श्रीश्याम बाबा का दरबार।

## श्रीखाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से मनाया जा रहा है 34वां श्रीश्याम बसन्त महोत्सव

**गुरुग्राम।** श्रीखाटू श्याम प्रचार मंडल गुरुग्राम की ओर से चार दिवसीय 34वें श्रीश्याम बसन्त महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार की रात को श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे कलाकारों ने अपनी मीठी वाणी से श्याम बाबा का गुणगान किया। इससे पूर्व गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला व बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज ने ज्योति प्रज्जवलित करके श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया। यहां सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में भव्य पंडाल सजाया गया। मंदिर की बेहतरीन सजावट की गई है। साथ ही श्याम बाबा का महमोहक दरबार यहां लगाया गया। कलकत्ता के फूलों की खुशबू से बाबा का श्रृंगार किया गया। शहर के अनेक क्षेत्रों से भक्तगण यहां पर पहुंचे। इस दौरान अटूट भंडारा भी लगाया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर विधायक सुधीर सिंगला व सुशील भारद्वाज ने आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, दिल्ली से अंजना आर्या और पिन्जौर से मुकेश मुदगिल ने भक्तों को भजनों का रसपान कराया। अपने भजनों ने सभी गायकों ने रात भर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्याम बाबा के दर्शनों के लिए लोगों को घंटे तक इंतजार भी करना पड़ा, क्योंकि यहां भक्तों की इतनी भीड़ उमड़ पड़ी कि लाइनें लंबी होती गई।

संस्था के संरक्षक सुनील सिंगला ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में, व्यवस्थाओं को संभालने में विजय अग्रवाल, रणबीर भारद्वाज, शुकनपाल नागर, प्रदीप मोदी, बीएल अग्रवाल, सुभाष चंद रोहिल्ला, दिनेश मंगला, नरेश बंसल, नवनीत बंसल, विनय गुप्ता समेत सभी कार्यकारिणी सदस्यों, महिला टीम व युवा टीम ने अहम भूमिका निभाई। यहां यातायात की व्यवस्था संभालने को पुलिस के साथ संस्था के वॉलंटियर्स ने भी मेहनत की।

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने सट्टेबाज से 2230 रुपये की नकदी बरामद की

**सोहना।** अपराध शाखा पुलिस ने शहर के पठानवाड़ा मोहल्ले में दुकान के बार सट्टा खाई करने वाले को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी से सट्टा पर लगाई गई नकदी बरामद करने के बाद मामला दर्ज किया। शुक्रवार को गश्त के दौरान सोहना क्राइम ब्रांच पांच के हवलदार विनोद को सूचना मिली कि शहर निवासी ईशराइल सट्टा खाई करता है। वह अभी पठानवाड़ा मोहल्ले में दुकान के बाहर बैठा है। वहां पर लोगों को सट्टा पर नंबर लगाने के लिए कह रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच ईशराइल को दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान 2230 रुपये की नकदी बरामद की है।

## ग्राम दर्शन पोर्टल से सरकार को बताएं मन की बात

**गुरुग्राम।** ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। डीसी ने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव (जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो) के संबंध में शिकायत दर्ज कर सकेगा। ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद सदस्य/विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे।

## अपनी शक्ति को पहचानें महिलाएं : सुनीता दुग्गल



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की महामंत्री आशा गगन गोयल की ओर से यहां अग्रवाल धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहीं पर होली मिलन भी हुआ। इसमें सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल मुख्य अतिथि, भाजपा हरियाणा की एनजीओ सेल प्रमुख स्वाति यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव एवं गुरुग्राम इंचार्ज अलीशा तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। वार्ड-18 स्थित अग्रवाल धर्मशाला में इस कार्यक्रम की आयोजक आशा गगन गोयल के मुताबिक महिलाओं को समाज में अहम स्थान दिलाने, उन्हें उनकी शक्ति को पहचानने के लिए अतिथियों ने प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को मानसिक, शारीरिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से महिलाओं को सक्षम होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष समता सिंगला, भाजपा महिला मोर्चा की निर्मला नागेश, ज्योति सिंह, पिंकी यादव, सुनीता यादव, सीमा तोमर, रितू कपूर, अलका दलाल, योगिता सैनी, श्रुति मित्तल, नीना सोनी, संतोष कुमारी, आस्था ढींगरा, रीमा गोयल, मिनाक्षी सक्सेना, रजनी सुनित कुमार, पुष्पा शर्मा जांगिड़ आदि को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सांसद सुनीता दुगगल ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे आकर काम करना चाहिए। पुरुषों को भी चाहिए कि वे अपने घर की महिलाओं को आगे बढ़ने में उनका सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं चूल्हा-चौका से बाहर निकलकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुई हैं। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समाज में अहम स्थान मिले, यह हम सबका प्रयास रहता है। कार्यक्रम की आयोजक आशा गगन गोयल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत अमेरिका के न्यूयार्क शहर से महिलाओं ने अपने हक के लिए की थी। बाद में इसे संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक मान्यता प्रदान की। महिलाएं ही हैं, जो हमें अपने हक के लिए लड़ना सिखाती हैं। महिला दिवस के दिन महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। समाज को लैंगिक एकता व समानता के लिए जागरूक किया जाता है।

# फसल गिरदावरी का डीसी ने किया वेरिफिकेशन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने फसल गिरदावरी फिजिकल वैरिफिकेशन कार्यक्रम के तहत शनिवार को सोहना खंड के गांव घामड़ोज में राजस्व विभाग की टीम द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकार्ड का खेतों में पहुंचकर फसल के साथ मिलान किया। गिरदावर व पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की पड़ताल की भी जांच की।

उन्होंने किसानों द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड किया गए विवरण की फिजिकल वेरिफिकेशन कर सजरा से मिलान किया तथा मोबाइल पर अपलोड किया गया विवरण जांचा। उपायुक्त ने मौके पर मुसतिल नंबर 95 के किला नंबर 21, मुसतिल नंबर 96 के किला नंबर 25, मुसतिल नंबर 108 के किला नंबर 1 व 2 सहित मुसतिल नंबर 107 के किला नंबर 5 में खड़ी फसल का मौका मुआयना किया, जोकि रिकॉर्ड के अनुसार सही पाई गई। उन्होंने पटवारी व कानूनगों को निर्देश दिए कि फसल की गिरदावरी सही तरीके से की जाए ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।


गुरुग्राम के गांव घामड़ोज में फसल गिरदावरी का वेरिफिकेशन करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**पटवारी आसानी से करते हैं ब्यौरा एकत्रित** : उपायुक्त ने कहा कि ई-गिरदावरी प्रणाली में पटवारी सजरे से किला नंबर देखकर आसानी से टैब में फसली ब्यौरा एकत्रित करते हैं। इसकी जांच पड़ताल तहसीलदार सहित उच्च अधिकारी द्वारा की जाती है। डीसी ने कहा कि यह साल में दो बार दोहराई जाने वाली प्रक्रिया है।

# प्रॉपर्टी टैक्स की खामियां दूर कराने के लिए घंटों का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रॉपर्टी** टैक्स नोटिसों में आ रही खामियों को दूर कराने के लिए नगर परिषद कार्यालय में पहुंच रहे नागरिकों को घंटों लाइन में खड़ा होने बावजूद समाधान न होने से भारी रोष। शुक्रवार को नागरिकों के भारी हंगामा के बाद एजेंसी कर्मचारी कामकाज छोड़ भाग गया। नगर परिषद की तरफ से एजेंसी मालिक व उच्चाधिकारियों को बीतें दस दिन दूसरी बार पत्र लिखकर स्टाफ बढ़ाने की मांग की है।

प्रॉपर्टी टैक्स नोटिसों में आ रही भारी खामियों का समाधान नगर परिषद कार्यालय में बैठे याशी एजेंसी एक मात्र कर्मचारी से दुरूस्त करने भारी पड़ रहा है। जिसके चलते एजेंसी के विरोध में शुक्रवार को नोटिसों में पाए जा रही गलतियों को ठीक कराने आ रहे नागरिकों को घंटा खड़ा होना पड़ रहा है। इसके बावजूद नागरिक एजेंसी कर्मचारी के व्यवहार से परेशान हो रहे है। जिसको लेकर शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में हंगामा खड़ा हो गया। नागरिकों के हंगामा की शोर यहा बैठक परिषद अधिकारियों की टेबल तक पहुंच गया। जबकि एजेंसी कर्मचारी तो सीट को छोड़कर भाग गया।

### 10 दिन में दूसरी बार लिखा पत्र

**नगर** परिषद कार्यालय ने बीतें दस दिन में दूसरी बार उच्चाधिकारियों और एजेंसी मालिकों को पत्र लिखकर स्टाफकी संख्या बढ़ाने की मांग की है। परिषद की तरफ से निर्देशक शहरी स्थानीय निकास पंचकूला चण्डीगढ़ और नगर परिषद आयुक्त गुरुग्राम को पत्र लिखे हैं। जिसमें एजेंसी द्वारा स्टाफ की संख्या बढ़ाने व प्रॉपर्टी टैक्स नोटिसों की खामियों को जल्द से जल्द दूर कराने की मांग की है।

### क्या कहते हैं नागरिक

**नगरवासी** 45 वर्षीय द्रोप का कहना है कि वह तीन से प्रॉपर्टी टैक्स की गई गलतियों को ठीक कराने के लिए परिषद कार्यालय में चक्कर काट रही है। उसके पैरों में दर्द है और डॉक्टर ने सीढ़ियां चढ़ने के लिए मना किया हुआ है।

इसके बावजूद वह नगर परिषद कार्यालय की पहली मंजिल पर बैठा एजेंसी कर्मचारी के पास जा रही है। उसका नंबर आने से पहले कर्मचारी सीट को छोड़कर भाग जाता है। सतबीर का कहना है कि एजेंसी कर्मचारी का व्यवहार आम नागरिकों के साथ सही नहीं है। वह केवल अपने चाहने वालों के कार्य को प्राथमिकता दे रहा है।

> “ **प्रॉपर्टी** टैक्स नोटिसों का समाधान समय पर हो पा रहा है। जिसका कारण एजेंसी द्वारा नोटिसों में पा जा रही खामियों को समय पर दूर नहीं किया जा रहा है। आम नागरिक परेशान हो रहे है।
>
> **समयपाल**
> (सचिव नप)

# 19 साल बाद दहेज मांगने व यातना पर मामला दर्ज कराया

**सोहना।** भोंडसी थाना में रिठौज निवासी विवाहिता ने शादी के 19 साल बाद पति, सास समेत 8 नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पति पर देशी कट्टा लगाकर जान से मारने का प्रयास और भाई की पिटाई करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। विवाहिता नरेन्दी ने पुलिस को बताया कि उसकी 27 अप्रैल 2003 को जिला पलवल का गांव रैदासका निवासी सुधीर के साथ हुई थी। उसके पिता राममेह लाल ने अपहनी हैसियत के अनुसार उसकी शादी में खूबदान दहेज देते हुए 51हजार रुपये नकद दिए थे, लेकिन शादी में मिला सामान से पति सुधीर, सास सरुपी, जेट फतेहसिंह, श्याम देवी जेठानी व चार नन्द राजबाला, सरोज, संतोष तथा सुदेश ने ताने मारने शुरू कर दिए। उसका पति शादी के 6 माह के बाद से ही उस पर पिता के घर से नकदी मंगवाता। उसके न लाने पर पिटाई करता। उसने तीन बच्चों को जन्म दिया।

# रोजका मेव की कंपनी: बॉयलर फटने से मृतक के शव का हुआ पोस्टमार्टम

## पुलिस ने ठेकेदार समेत कंपनी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया

## हादसे के दौरान घायल हुए दो व्यक्तियों का इलाज जारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** से लगता रोजका मेव औद्यौगिक क्षेत्र की 132 नंबर कंपनी में बिजली का बना बायलर फ्टने से एक मजदूर की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल करायां। रोजका मेव थाना पुलिस ने ठेकेदार समेत कंपनी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे रोजका मेव औद्यौगिक क्षेत्र में 132 एसआरएस कंपनी में रात्रि ड्यूटी के दौरान जोरदार धमाका हुआ। उस समय कंपनी में 100 के लगभग कर्मचारी काम कर रहे थे। बायलर फटने से वहां काम कर रहा 25 वर्षीय मजदूर रामकुमार की आग में झुलस जाने मौके पर दम तोड़ दिया। जबकि उसके साथ काम कर रहे दो अन्य मजदूर मनोज व मुकेश घायल हो गए। बायलर के टुकड़ों की चपेट में आने से दो अन्य कर्मचारी बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची रोजका मेव थाना पुलिस ने मृतक रामकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोहना के नागरिक अस्पताल में रखवाया। जहां शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।


रोजका मेव कंपनी के अंदर बायलर फटने से घायल दो मजदूर।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

**रोजका** मेव थाना पुलिस ने घायल मजदूर मुकेश की शिकायत पर कंपनी मालिक सुमित जैन व तरुण जैन तथा ठेकोर दानवीर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### जर्जर हालत में है सभी बायलर

**मृतक** मजदूर रामकुमार का रिश्तेदार बादशाह भी इसी कंपनी में काम करता है। बादशाह ने बताया कि कंपनी के अंदर पांच बायलर लगे है। जिनकी हालत काफी जर्जर है। बायलरों की खराब हालत को ठीक कराने के लिए कई बार कंपनी मालिक को कहा भी गया था। लेकिन कंपनी मालिक कर्मचारियों की मांग पर ध्यान नहीं देता था। जिसका परिणाम आज देखने को मिला। जल्द ही अन्य बायलर फटने से और भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। जानकारी के अनुसार कंपनी कर्मचारी एक या दो दिन में खराब बायलरों के विरोध में धरना प्रदर्शन कर सकते है।

> “ **कंपनी** में कामकाज ठप गुरुवार की में बायलर फ्टने से हुआ हादसे के बाद से कंपनी को बंद कर दिया है। शुक्रवार को भी कामकाज ठप रखा गया। कंपनी के सभी कर्मचारियों को अनिश्चित समय के लिए कंपनी में छुट्टी रखने का ऐलान किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मजदूर द्वारा शिकायत में लगाए गए आरोपों के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।
>
> **संदीप मोर**
> (एसएचओ रोजका मेव थाना)

# रेडक्रॉस में टीबी ग्रसितों को वितरित किए गए प्रोटीन डाइट व कम्बल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## दौरे पर पहुंचीं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा की कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा

**भारतीय** रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ की कार्यकारिणी समिति की सदस्या एवं कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा ने जिला रेडक्रास सोसायटी, गुरुग्राम का दौरा किया। जिला शाखा गुरुग्राम के सचिव विकास कुमार ने उनका स्वागत किया तथा जिला शाखा द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर सुषमा शर्मा के कर-कमलों द्वारा एफएसडब्ल्यू एवं टीबी से ग्रसितों को प्रोटीन डाईट तथा कम्बल वितरित किए गए। उन्होंने टीबी ग्रसितों को सावधानी और



दवाईयों के प्रयोग को लेकर जानकारी दी। आहार के बारे में जागरूक किया गया उन्हें बताया गया कि इस बीमारी के ईलाज के दौरान उन्हें किस तरह के पौष्टिक आहार की जरूरत होती है और उन्हें नियमित दिनचर्या में किस तरह के बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा 2025 तक सम्पूर्ण भारत को टीबी मुक्त बनाया जाना है। इस अभियान में सभी का सहयोग होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम सब मिलकर 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे। एफएसडब्ल्यू को टी प्रोजेक्ट में कार्यरत स्टाफद्वारा एचआईवी के बारे में जानकारी तथा लक्षणों के बारे में बताया गया। सुषमा शर्मा एवं विकास कुमार सचिव द्वारा मरीजों को जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट के अन्तर्गत दी जाने वाली सभी सुविधाओं का उपयोग करने बारे कहा गया। जिससे कि वे स्वास्थ्य रह सके तथा अपने परिवार को भी स्वास्थ्य रखे। इस अवसर पर 50 एफएसडब्ल्यू तथा 20 टीबी ग्रसित मरीजों को राशन तथा कम्बल वितरित किए।

# गुरु नगरी गुरुग्राम के चारों जोन में एक साथ होगा सफाई का शंखनाद

## डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की राज्य वार लगाई है ड्यूटी

## सेवादार सीधे तय किए स्थान पर ही पहुंचेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** बार फिर से डेरा सच्चा सौदा द्वारा गुरू नगरी गुरुग्राम में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को इस अभियान के लिए हरियाणा, दिल्ली, यूपी, पंजाब और राजस्थान सहित देश के कोने-कोने से सेवादार शनिवार को ही अपने वाहनों व सफाई का अन्य सामान लेकर गुरुग्राम पहुंचने शुरू हो गए। बहुत ही कम समय में डेरा सच्चा सौदा की प्रबंधक कमेटी ने इस सफाई महा अभियान की तैयारियां की। अब रविवार को यहां सफाई के काम को



मूर्तरूप दिया जाएगा। चारों जोन में अलग-अलग राज्यों के सेवादारों को नियुक्त किया गया है। सभी सेवादार अपने साथ साफ-सफाई का सारा सामान लेकर पहुंच रहे हैं। अभियान का शुभारंभ साउथ सिटी-2 स्थित नाम चर्चा घर से किया जाएगा। इसका समय सुबह 9 बजे का है। सुबह 9 बजे अरदास व धन-धन सतगुरू तेरा ही आसरा नारा लगाने के साथ ही गुरुग्राम पहुंचे लाखों सेवादार सफाई के काम में जुट जाएंगे। इसके लिए पूरी व्यवस्था की जा चुकी है। इकट्टा किए गए कूड़े व गंदगी के ढेरों को प्रशासन द्वारा डंपिंग स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक करने के लिए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों द्वारा स्थानीय लोगों से स्वच्छता रखने के लिए शपथ पत्र भी भरवाए जाएंगे।

### जोन-बी की जिम्मेदारी दिल्ली-यूपी व अन्य राज्यों की संगत को

**जोन-बी** में दिल्ली, यूपी व देश के अन्य राज्यों की संगत सफाई की जिम्मेदारी संभालेगी। इनके लिए ईस्लामपुर-झाड़सा क्षेत्र में 14 प्वायंट बनाए गए हैं, जिनमें गांव, सेक्टर व शहर के अन्य इलाके शामिल हैं। राजस्थान की तरह यहां भी जिले और क्षेत्रों को अलग-अलग स्थानों पर सफाई के लिए नियुक्त किया गया है।

### जोन-सी में हरियाणा की संगत करेगी सफाई

**जोन-सी** दौलताबाद-बसई रोड के क्षेत्र में बनाया गया। इसके लिए 18 प्वायंट बनाए गए हैं, जिनमें शहर के प्रमुख क्षेत्रों के साथ नागरिक अस्पताल, कोर्ट परिसर, कालोनियां आदि भी शामिल हैं।

### जोन-डी में पंजाब के सेवादार देंगे सेवाएं

**जोन-डी** में धनकोट, देवीलाल नगर, बसई आदि क्षेत्रों में 15 प्वायंट पर पंजाब की साध-संगत तैनात रहेगी। पंजाब के सेवादार नगर निगम के गांवों के अलावा सेक्टर, कालोनियों में सफाई करेंगे। अन्य राज्यों की तरह पंजाब की संगत भी रात को ही गुरुग्राम में पहुंच गई और अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई की तैयारियां कर ली।

### जोन-ए में राजस्थान के सेवादार करेंगे सफाई

**लाखों** की संख्या में इस सफाई महा अभियान में पहुंचने वाले सेवादारों के लिए अलग-अलग सेवा क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं, ताकि शहर की सफाई बेहतर तरीके से हो सके। एक जगह पर सेवादारों की अधिक भीड़ ना लगे। राजस्थान की संगत को जोन-1 की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए 12 प्वायंट बनाए गए हैं।

# यूपी में शराब सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने एक आरोपी को अवैध शराब सप्लाई करने के जुर्म में गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शैलेंद्र है। जो सिरसा जिले का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद में ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम पुलिस थाना बीपीटीपी एरिया में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूत्रों की से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी बोलेरो गाड़ी में अवैध शराब भरकर सेक्टर 88 स्थित डीपीएस स्कूल के पास से मास्टर रोड की तरफ आएगा और बादशाहपुर से होते हुए गांव ददसिया की तरफ जाएगा। यदि गाड़ी की चेकिंग की जाए तो अवैध शराब बरामद की जा सकती है। सूत्रों की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने डीपीएस स्कूल के पास नाकाबंदी कर दी। थोड़ी देर पश्चात बोलेरो गाड़ी उस तरफ आई तो क्राइम ब्रांच की टीम ने गाड़ी को रुकवाकर चेक किया तो उसमें से 20 पेटी देशी शराब बरामद की गई जिसमें 10 पेटी मार्का संतरा तथा 10 पेटी मस्ताना की शामिल थी। आरोपी से जब शराब का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को काबू करके थाने लाया गया।

# डिस्पेंसरी से स्वास्थ्य नहीं बीमारियां ले जा रहे लोग

## सारन चौक स्थित पार्क में डिस्पेंसरी के बाहर लगा है कचरे का ढ़ेर

## मरीज ही नहीं वहां रहने वाले लोगों के संग पशु भी हो रहे बीमार

कविता। फरीदाबाद



सारन डिस्पेंसरी के बाहर लगे कचरे के ढ़ेर पर बैठे पशु।

**नगर** निगम आयुक्त के लाख दावों के बावूजूद शहर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे सारन चौक के निकट स्थित जिला स्वास्थ्य विभाग की डिस्पेंसरी भी अछूती हुई है। इस डिस्पेंसरी में ओपीडी के अलावा डिलीवरी हट सेंटर और क्षयरोग दवा काउंटर भी चल रहा है। जिस कारण यहां इलाज, डिलीवरी और क्षयरोग की दवा लेने के लिए सैंकड़ों मरीज लगातार आते हैं। इस डिस्पेंसरी के गेट के पास पर ही गंदगी का ढ़ेर लगा रहता है। जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। कचरे के कारण यहां पैदा होने वाली मक्खियों और मच्छरों से डिस्पेंसरी में आने वाले रोगियों और तीमारदारों को कचरे के ढेर से इंफैक्शन फैलने का खतरा साफ बना रहता है। वहीं पशु भी कचरे में डाली जाने वाली प्लास्टिक को खाकर बीमार हो रहे हैं। लेकिन नगर निगम इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम कमिश्नर ने जिले को कचरा और अवैध कब्जों से मुक्त करवाने के लिए लगातार अभियान चलाया हुआ है, लेकिन यह अभियान कुछ दिनों की स्वच्छता के बाद ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। ऐसा ही सारन चौक के निकट स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में देखने को मिला। सारन चौक स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के दरवाजे के निकट ही कचरे का ढेर लगा रहता है और यहां कचरे पर शनिवार को करीब डेढ़ दर्जन आवारा पशु एक साथ बैठे नजर आए। यहां इलाज के लिए आने वालों को भी गंदगी के कारण परेशानियां झेलनी पड़ी।

नगर निगम की लापरवाही से सारन चौक स्थित डिस्पेंसरी के बाहर लगे कचरे के ढेर से इलाज करवाने आने वाले मरीजों के अलावा यहां आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। क्योंकि यहां कचरे के कारण रोजाना 15 से 20 आवारा पशुओं का झुंड खड़ा रहता है। ऐसे में आसपास के लोगों का कहना है कि किसी पर आवारा पशु हमला कर दें सकते हैं। ऐसे में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। वहीं यहां इलाज को आने वाले लोगों में कचरे के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

# संक्षिप्त समाचार

## यूक्रेन से सकुशल लौटने पर किया स्वागत



**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से सकुशल अपने घर पहुंचे सौरभ सदाशिवन पुत्र श्री कुट्टन पिल्लई सदाशिवन पिल्लई तथा मधुमालिनी सतीश नाम्बियर पुत्री सतीश नाम्बियर एवं रश्मि सिंह पुत्री राजेश कुमार सिंह का उनके निवास सेक्टर 21डी व प्रतीक कुंज सेक्टर 21सी पर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर ऑपरेशन गंगा के तहत वापस लौटे बच्चों तथा अभिभावकों ने केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेश सकुशल पहुंचने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सकुशल वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार कई स्तरों पर कार्य कर रही है, जिसके चलते अब तक हजारों नागरिकों को वापस लाया चुका है और अगले कुछ दिनों में शेष रह गए नागरिकों को सकुशल स्वदेश लाया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता नहीं करने आश्वासन देते हुए कहा कि भारत सरकार इस कठिन परिस्थिति में बच्चों को सकुशल लाने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। इस अवसर पर बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तिरंगा झंडे की ताकत का अहसास हुआ तथा प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का ही प्रभाव है कि तिरंगा झंडे के नीचे भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों के बच्चों ने भी अपने आपको सुरक्षित महसूस किया। प्रधानमंत्री की कुशल विदेश नीति की बदौलत ही हम सभी अपने परिवारों तक सकुशल पहुंच सके हैं। इसके लिए वे तहेदिल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा करते हैं। इस दौरान विधायक के साथ सतेंद्र पांडे, बिशम्बर भाटिया, प्रेम दीवान, पंकज सिवाल, शालिनी मंगला तथा डीपी राणा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ओमेक्स ने बच्चों को किए पैंट शर्ट्स वितरित

**फरीदाबाद।** सुषमा गोयल की अध्यक्षता में चल रहे ओमेक्स फाउंडेशन ने वर्ल्ड स्ट्रीट फरीदाबाद में निर्माण श्रमिकों के 90 बच्चों को पैंट और शर्ट्स वितरित किए। इस नेक काम में अपनी सहभागिता देते हुए ओमेक्स ग्रुप के कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़ कर सहयोग किया। ओमेक्स फाउंडेशन वर्ल्ड स्ट्रीट में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल चलाता है। ये बच्चे बुनियादी शिक्षा से वंचित न रहे उसके लिए ओमेक्स फाउंडेशन अग्रसर प्रयास कर रहा है और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का भी ध्यान रख रहा है। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे बच्चों के लिए जलपान का भी आयोजन किया गया। ओमेक्स फाउंडेशन उत्तर भारत के कई शहरों में बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा जमीनी स्तर पर 16 वर्षों से लगातार काम कर रहा है। संगठन ने समय-समय पर विशेष रूप से दिव्यांग लोगों को भी समर्थन देता रहा है।

## श्रीराधा सर्वेश्वर मंदिर में आज फूलों की होली

**फरीदाबाद।** श्रीराधा सर्वेश्वर मंदिर में महंत मुनिराज जी की अध्यक्षता में 6 मार्च 2022 रविवार को प्रसिद्ध रंगीली फूलों की होली का विशेष कार्यक्रम होगा। इस बारे में महंत मुनिराजजी ने बताया कि मंदिर परिसर में हर साल फूलों की होली का विशेष आयोजन किया जाता है। इस बार फूलों की होली में सभी बृजवासी ब्रिज के प्रसिद्ध होली के रसिया गाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार विशेष प्रोग्राम वृंदावन से दिव्य संतो द्वारा समाज भव्यहोरी गायन भी होगा। जो देखने योग्य होगा। ब्रज वासियों की होली 2 बजे से 5 बजे तक होगी। उसके बाद भंडारा होगा। मंदिर के महंत मुनिराज ने बताया यह संत वृंदावन से बाहर नहीं जाते लेकिन उनके विशेष आग्रह पर पहली बार फरीदाबाद राधा सर्वेश्वर मंदिर में होली समाज गायन करेंगे।

## नि:शुल्क मेमोग्राफी चैकअप शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी विश्व में समस्या का विषय बनी हुई है। बढ़ती उम्र की महिलाओं में इसका प्रतिशत आज तेजी से बढ़ रहा है। इसी के चलते महिलाओं को इस जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल ने बल्लभगढ़ के सीही गेट स्थित डॉ. तिवारी क्लीनिक पर नि:शुल्क मेमोग्राफी चैकअप शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर 40 और उससे ऊपर की आयु वर्ग की दो दर्जन से अधिक महिलाओं की मैमोग्राफी जांच की गई। शिविर का विधिवत उद्घाटन उपमंडल अधिकारी (नागरिक) त्रिलोक चंद ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहकर किया। इस मौके पर रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन जगदीश सहदेव, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन केबी जैन, सचिव आईपी सिंह व प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश वर्मा ने मुख्यातिथि का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एसडीएम त्रिलोक चंद ने रोटरी क्लब व डॉ. तिवारी क्लीनिक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब द्वारा महिलाओं की इस प्रकार की चिकित्सा से संबंधित शिविर का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय कार्य है।

## गुम हुए बच्चे को पुलिस ने दस मिनट में खोजा



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस ने शुक्रवार को घर से गायब हुए बालक को दस मिनट में खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्यशैली की कॉलोनी में चर्चा हो रही है। बच्चे के परिजन चौकी पुलिस की तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। 1590 ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी बालक अरुणित साइकिल लेकर खेलते हुए घर से निकल गया। घरवालों को जब आसपास वह नजर नहीं आया तो खलबली मच गई। मां नीतू ने इसकी जानकारी तत्काल चौकी इंचार्ज विष्णु को दी। पुलिस तत्काल बालक की खोज में लग गई। करीब दस मिनट के अंतराल में बच्चे को खोज निकाला। पिता अरुन सिरोही ने चौकी पुलिस की इस कार्यप्रणाली की भरपूर सराहना की है।

## डालसा ने किए कॉलेजों में कानूनी जागरुकता अभियान




**फरीदाबाद।** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में विभिन्न स्तर पर शनिवार को जागरूकता अभियान आयोजित किए गए। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम ने सेक्टर 12 अदालत परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि डालसा द्वारा चलाए गए कानूनी जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 12 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सेक्टर 12, फरीदाबाद में पर्चे वितरित किए और पैम्फलेट्स में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विज्ञापन दिया गया। जहां पर लोगों से अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए वहां आने का आग्रह किया।सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे ने अगली कड़ी में बताया कि महिलाओं से संबंधित कानूनों के विषय पर कानूनी साक्षरता शिविर (घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण), महिलाओं के खिलाफ अपराध, महिलाओं के स्वास्थ्य.अधिकार, गिरफ्तार महिलाएं और कैदी डीएलएसए द्वारा जिला में महिलाओं के जमावड़े वाले विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया गया।आगामी लोक अदालत 12 मार्च को आरपीएस अवाना व भीकम कॉलोनी गली नंबर 15 बल्लबगढ में जागरूकता शिविर लोगों को शिक्षित करने के लिए. मध्यस्थता के लाभ, पीड़ित मुआवजा योजना, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का रखरखाव और कल्याण. मौलिक कर्तव्य है।

# नगर निगम की कराई वार्ड बंदी का हो रहा है चौतरफा विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




नगर निगम का मुख्यालय।



योगेश ढ़िंगरा।

**आने** वाले चुनावों को लेकर नगर निगम द्वारा करवाई गई वार्ड बंदी का शहर में चारों तरफ खूब विरोध हो रहा है। चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे लोगों का आरोप कि यह वार्ड बंदी लापरवाही अथवा राजनीति से प्रेरित होकर करवाई गई। वार्ड बंदी में सेक्टर, कालोनी और यहां तक गलियों तक को अलग अलग वार्डों में विभाजित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पूर्व पार्षद योगेश कुमार ढींगड़ा का आरोप है कि सत्ताधारी दल निगम चुनावों में संभावित हार से घबराकर इस तरह के प्रयास कर रहा है कि वह अपने समर्थकों को जिता सके।

ढींगड़ा ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है, जब वार्ड बंदी के दौरान सरकारी तंत्र ने एक सेक्टर एक कॉलोनी यहां तक कि एक पॉकेट को भी कई कई वार्डों में बांट दिया है। सामान्य तौर पर वार्ड बंदी की सीमा निर्धारण के लिए क्षेत्र के प्रमुख मार्गों का चयन किया जाता है। लेकिन इस बार देखने को मिला कि सरकारी तंत्र ने वार्ड बंदी में एक मोहल्ले की विभिन्न गलियों को अलग-अलग वार्डों में शामिल कर दिया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल लाख प्रयास कर ले लेकिन किसी भी सूरत में बीजेपी नगर निगम में अपने पार्षद नहीं जीता पाएगी।

ढींगड़ा ने महामहिम राज्यपाल से भी अनुरोध किया है कि वह इस वार्ड बंदी में की गई नियम कानूनों की अनदेखी पर स्वयं संज्ञान लेते हुए इसको तुरंत प्रभाव से निरस्त कर पारदर्शी तरीके से वार्ड बंदी कराएं। उनका आरोप है कि सरकार ने नगर निगम क्षेत्र की जनगणना मामले में भी घोर लापरवाही की है। सरकार फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र की जनगणना कर यहां पर 26 लाख से अधिक आबादी का दावा कर रही है। उस समय अवधि में यह जनगणना संभव ही नहीं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों का भी उल्लंघन कर रही है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक मामले में जातिगत आरक्षण को लेकर व्यवस्था दी थी कि सरकार थ्री लेयर सिस्टम से जनगणना कराई ताकि सही जातिगत आंकड़े सामने आ सके हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता का मानना है कि वर्तमान सरकार जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है लेकिन इस प्रदेश की जनता अब यह सहन नहीं करेगी उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को फरीदाबाद नगर निगम की वार्ड बंदी पूर्ण पारदर्शी तरीके से करानी चाहिए और यदि सरकार ऐसा नहीं करेगी तो स्थानीय लोग आंदोलन पर मजबूर होंगे।

# मोटिवेशन कार्यक्रम : परीक्षा संबंधी टिप्स से अभिप्रेरित किया



एनएच तीन के सरकारी स्कूल में बच्चों को परीक्षा उपयोगी टिप्स देते मोटीवेटर तरुण शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में द राइजिंग तमसो मां ज्योतिर्गमय संस्था की ओर से विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में परीक्षा उपयोगी टिप्स के लिए अभिप्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में द राइजिंग तमसो मां ज्योतिर्गमय संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट और ख्यातिप्राप्त अभिप्रेरक तरुण शर्मा और अरुण लखानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए और मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में दूसरे चरण की प्री बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो रही हैं जबकि बोर्ड की वार्षिक परीक्षा 30 मार्च से प्रारंभ होगी। विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने और परीक्षाओं का भय दूर करने के लिए यह अभिप्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से सभी बेटियों में आत्मविश्वास की वृद्धि और तनावमुक्ति में सहायता मिलेगी।

अभिप्रेरक तरुण शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने अपने लक्ष्य पर फोकस करना है और अपने आप से कहना है की आई केन डू इट। आपने अपने ध्यान को भटकने नही देना और किसी भी प्रकार की आलोचना से विचलित नहीं होना हैं क्योंकि कुछ लोग और घटनाएं आपका ध्यान बाधित करने का प्रयास करेंगी।

# मेलों का गरीब परिवारों को मिल रहा है फायदा



**फरीदाबाद।** डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए अंत्योदय मेले के सही क्रियान्वित करने से निश्चित तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आय बढ़ेगी। सरकार का मुख्य ध्येय यही है कि गरीब लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर मुख्यमंत्री अंतोदय परिवार उत्थान योजना से गरीबों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

जितेंद्र यादव शनिवार को स्थानीय सेक्टर 12 के खेल परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए द्वितीय चरण के दूसरे मेले के शुभारंभ अवसर पर तिगांव कालेज परिसर में अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में अब दूसरे चरण के मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतते हुए गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है।

उन्होंने कहा कि सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है। गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभांवित करना है। यह योजना गरीब उत्थान में मिल का पत्थर साबित हो रही है।

# पुलिस आयुक्त कार्यालय पर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर-21 सी स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन कर कमिश्नर के नाम ज्ञापन देते आंगन वाडी वर्कर ज्वाइट ट्रेड यूनियन काउंसिल के सदस्य।

**विधान** सभा घेराव के लिए 3 मार्च को चंडीगढ़ जा रही आंगनबाड़ी वर्कर्स और हैल्पर्स के साथ पुलिस के द्वारा की गई मारपीट और बदसूलकी के विरोध स्वरूप पुलिस आयुक्त के कार्यालय के सम्मुख सेक्टर-21 में सैकड़ों आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद पुलिस कमिश्नर के नाम ज्ञापन एसएचओ सूरजकुंड को सौंपा। यह जानकारी सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की आंगनवाड़ी वर्कर 8 दिसंबर से हड़ताल पर हैं। 3 मार्च को आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स यूनियन ने विधानसभा कूच का आव्हान किया हुआ था। इस विधानसभा कूच के लिए जैसे ही वर्कर अपने-अपने जिलों से पंचकूला के लिए निकलना शुरू हुई तो पुलिस ने जोर जबरदस्ती करके गाड़ियों की चाबी छीन ली। कई गाड़ियों के ड्राइवर कंडक्टर के मोबाइल भी छीन लिए गए। फरीदाबाद जिले की बस की चाबी भी खेड़ी पुल पर चालक से छीन ली गई। जब सीटू के प्रधान निरंतर पराशर ने पुलिस की इस कार्रवाई का डटकर विरोध किया तब चाबी वापस दी।रास्ते में भारी परेशानियों का सामना करते हुए फरीदाबाद की कार्यकर्ता पंचकूला पहुंच गई थी। निरंतर पाराशर एवम् डंगवाल ने बताया कि गुरुग्राम, रेवाड़ी, और महेंद्रगढ़ में ये अत्याचार 2 मार्च की रात को ही पुलिस ने शुरू कर दिया था। गुरुग्राम में तो पुलिस ने यूनियन की कई कार्यकर्ताओं को पूरी रात उनके घरों में ही नजरबंद करके रखा। 3 मार्च को सुबह सड़कों पर जहां भी आगनबाड़ी वर्कर हेल्पर की गाड़िया दिखाई दी उनको रोकते हुए पुरुष पुलिस कर्मचारी ने महिला वर्करों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट भी की गई।

# 24 घंटे में 17 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने 17 मुकदमों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें आरोपी महेंद्र, गोपाल, कल्लू, सन्नी, राजेंद्र, शलिंदर, दर्पण, दीपक, इरशाद, तौफीक, अजय, जतिन, मुस्कान, कुमार, सन्नी, अमित, दीपक तथा राजा का नाम शामिल है ।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी महेंद्र को बलात्कार, आरोपी गोपाल को छेड़छाड़, आरोपी राजेंद्र, सलिंदर, दर्पण तथा दीपक को अवैध शराब, आरोपी अजय, इरशाद, तौफीक, जतिन, मुस्कान कुमार, सन्नी, अमित, दीपक तथा राजा को जुआ अधिनियम तथा आरोपी कल्लू तथा सन्नी को पीओ के मुकदमे के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए 4 आरोपियों के कब्जे से क्राइम ब्रांच ने 30 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है।

# रॉकी के बाद अब मोहिनी भरेगी लंदन की उड़ान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



दो पैरों के बिना पंजों वाली डॉगी मोहिनी।

**पीपल** फॉर एनिमल्स ट्रस्ट पिछले कई वर्षो से पशुओं की जान बचाने के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। पशुओं को बचाने के लिए ट्रस्ट द्वारा लगातार ऑपरेशन व इलाज कर उनकी जान बचाई जाती है। ट्रस्ट द्वारा 12 दिसंबर 2020 को किया गया था। बाटा रेलवे स्टेशन के निकट मिली एक डॉगी के दो पैर ट्रेन की चपेट में आ गए थे, जोकि बुरी तरह से कुचल गए।

ऐसे में ट्रस्ट के डॉक्टर ने मादा डॉगी का ऑपरेशन किया और उसके पैर खराब होने से इस तरह बचा दिए कि वह डॉगी अब बिना पंजों के चल-फिर ही नहीं बल्कि दौड़ भी सकती है। जिसकी कहानी को उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर किया तो लंदन निवासी एक पशु प्रेमी ने उसे गोद लेने को तैयार हो गया। ऐसे में पूरी तरह से ठीक मोहिनी अब लंदन की उड़ान भरेगी। इससे पहले भी ट्रस्ट द्वारा रॉकी नामक डॉग को ठीक करके लंदन निवासी एक पशु प्रेमी के यहां भेजा था।

जानकारी के मुताबिक पीपल फॉर एनिमल्स ट्रस्ट द्वारा एक बार फिर लंदन में एक डॉग को भेजा जा रहा है। रवि दुबे द्वारा संचालित पीपल फॉर एनिमल्स ट्रस्ट फरीदाबाद में करीब दो साल पहले एक पशु प्रेमी मोहित के द्वारा बाटा रेलवे स्टेशन के पास से रेलवे लाइन से बुरी तरह से घायल मादा डॉग को बचा कर यहां भिजवाया था। जिसका नाम ट्रस्ट की तरफ से मोहिनी रखा गया था। मोहिनी ट्रेन की चपेट की चपेट में आने से दो पैर बुरी तरह से कुचल गए थे। आस्था शेल्टर होम में नवीन चौहान के मार्गदर्शन में छह महीने के इलाज के बाद पशु चिकित्सा सर्जन डॉ. महेश कुमार वर्मा ने उसे चलने में सक्षम बना दिया।

डॉ वर्मा ने उसकी जान बचाने के लिए उसके पंजे का विच्छेन किया। वह वह बिना दो पंजों के चल-फिर सकती है और दौड़ सकती है। मोहिनी को लंदन निवासी गिलियन ने गोद लिया है और जिस कारण वह पहले भेजे गए रॉकी की तरह ही आलीशान सुविधाओं के साथ जीवन व्यतीत करेगी।

# नेक्सस स्टार क्रिकेट क्लब ने 5 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 22वां रविंद्र फागना शनिवार मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का मैच कृष्णा नर्सिंग होम और नेक्सस स्टार क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और यह मैच नेक्सस स्टार क्रिकेट क्लब ने कृष्णा नर्सिंग होम को 5 विकेट से हराया। कृष्णा नर्सिंग होम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कृष्णा नर्सिंग होम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 142 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए समीर खान ने 56 रन, इंजमुमल हक़ ने 26 रन, अर्जुन ने 17 रन बनाए। कृष्णा नर्सिंग होम की और से गेंदबाजी करते हुए योगेश और पुनीत ने 2-2 विकेट ली।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता को प्रतियोगिताओं का आयोजन

**फरीदाबाद।** तिगांव रोड़ स्थित शिरडी साई बाबा स्कूल में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरुकता सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच पोस्टर पेंटिंग, रंगोली, कविता व स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक, समूह गान और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को यातायात पुलिस और विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। जागरूकता प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से करते हुए विद्यालय की प्राचार्या बीनू शर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जरूरी है, हम जानकार हैं तो खुद की सुरक्षा कर सकते हैं। यह जानकारी दूसरों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है। डा. एमपी सिंह ने भी बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रेफिक एसीपी पृथ्वी सिंह ने बताया कि भारत में हर साल लगभग 1,50,000 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है।

उन्होंने छोटे-छोटे उदाहरणों से सड़क सुरक्षा के नियमों को समझाया। इसके बाद विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रतियोगिताएं समाप्त हुई। जिन्होंने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि ट्रेफिक एसीपी पृथ्वी सिंह के साथ पुलिस विभाग के कई अधिकारियों का भी आगमन हुआ जिसमें तिगांव के थाना अध्यक्ष अशोक सैनी, खेड़ी पुल के अतिरिक्त थाना अध्यक्ष जीत सिंह, टी आई जीतराम, ट्रेफिक ताउ बीरेन्द्र बलहारा, समाज सेवी शैरी सक्सेना व विद्यालय के समस्त शिक्षक भी शमिल रहे। कार्यक्रम का संचालन आजाद शिवम दीक्षित ने किया।

# असम में अलकायदा के पांच जेहादी गिरफ्तार

**भाषा।** गुवाहाटी

**बांग्लादेश** स्थित जेहादी समूह से संबंध रखने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को असम के बारपेटा जिले से गिरफ्तार किया गया है। समझा जाता है कि जेहादी समूह भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा (एक्यूआईएस) से जुड़ा हुआ है। पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंत ने शनिवार को यह जानकारी दी।

महंत ने कहा कि राज्य पुलिस की विशेष शाखा द्वारा साझा की गई एक खुफिया रिपोर्ट के आधार पर, बारपेटा पुलिस ने हाउली और कलगछिया पुलिस थाना क्षेत्रों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद सुमान उर्फ सैफुल इस्लाम ने बारपेटा को एक्यूआईएस की जेहादी गतिविधियों का अड्डा बनाने के लिए चार अन्य लोगों को प्रेरित किया था।

डीजीपी ने कहा कि समूह के कई अन्य लोग अभी भी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। महंत ने कहा कि राज्य में सैफुल इस्लाम की मौजूदगी के बारे में पिछले साल सितंबर से खुफिया सूचनाएं मिल रही थीं और पुलिस आखिरकार कल रात उसे और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें शनिवार को अदालत में पेश किया गया और आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। महंत ने दावा किया कि बांग्लादेश पुलिस द्वारा अंसारुल्ल इस्लाम नामक संगठन के प्रमुख को गिरफ्तार किए जाने के बाद जेहाद के संदेश को फैलाने और असम के विभिन्न हिस्सों में युवाओं को प्रेरित करने के लिए संगठन ने सैफुल इस्लाम को नियुक्त किया था। बांग्लादेश के नारायणगंज जिले के ढकलियापारा गांव के निवासी इस्लाम ने अपने गांव मस्जिद में एक शिक्षक के रूप में काम किया, लेकिन उसने अपने चरमपंथी संगठन के लिए युवाओं को प्रेरित करने के मकसद से भी काम किया। उन्होंने कहा कि जिन चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी पहचान खैरूल इस्लाम, बादशाह सुलेमान खान, नौशाद अली और तैमूर रहमान खान शामिल हैं। डीजीपी ने कहा कि उनके कब्जे से दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। महंत ने कहा कि संभावना है कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामले की जांच अपने हाथ में लेगा ताकि राज्य और देश के अन्य हिस्सों में विस्तृत जांच की जा सके, जबकि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी जांच में शामिल हो सकती हैं क्योंकि आरोपियों के बांग्लादेश के अलावा अन्य देशों से भी संबंध हो सकते हैं।





मेरठ के दौराला स्टेशन पर एक यात्री ट्रेन में लगी आग का दृश्य

# शिवराज ने सफाईकर्मियों संग भोजन कर मनाया जन्मदिन

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को अपना 64वां जन्मदिन सफाईकर्मियों के साथ भोजन कर मनाया। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए यहां सड़क पर झाड़ू लगाने के साथ-साथ एक बस्ती के घरों से गीला एवं सूखा कूड़ा एकत्रित कर कचरा गाड़ी में डाला। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर यहां पौधरोपण भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई देते हुए ट्वीट किया, मध्य प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई। उनके विकासोन्मुख नेतृत्व, प्रशासनिक कौशल और विनम्रता ने उन्हें अनगिनत लोगों का प्रिय बनाया है। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। शिवराज ने शनिवार सुबह अपने जन्मदिन की शुरुआत यहां स्मार्ट पार्क में अपनी पत्नी साधना और बेटे कुनाल के साथ पौधरोपण के जरिए की। इसके बाद वह सीधे भोपाल की बीजासेन बस्ती में गए और वहां की सड़क पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर झाड़ू लगाया। उन्होंने इस बस्ती के घरों से गीला और सूखा कूड़ा इकट्ठा कर कचरा गाड़ी में भी डाला। बाद में शिवराज ने सफाईकर्मियों के पैर धोए और खाना खिलाने के लिए उनके हाथ धुलवाए। फिर मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों एवं उनके बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर खुद भी खाना खाया। मुख्यमंत्री को अपने साथ खाना खाते हुए देख सफाईकर्मियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। भोपाल की बीजासेन बस्ती में स्वच्छता कार्य करने के बाद स्वच्छता मित्रों और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा, सफाई का काम सबसे बड़ा काम है। इसे छोटे काम के रूप में हेय दृष्टि से देखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, स्वस्थ जीवन के लिए भी स्वच्छता जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश को स्वच्छता का मंत्र दिया है। हमें स्वच्छ भारत बनाना है तो सफाई के कार्य को सम्मान की दृष्टि से देखना होगा और हर सख्स को इसमें शामिल करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, जन-जन को सफाई के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही मैंने आज अपने जन्मदिवस पर बीजासेन बस्ती आकर सफाई की है। साथ ही घरों से गीला और सूखा कचरा इकट्ठा कर कचरा गाड़ी में अलग-अलग डाला है। उन्होंने कहा कि अपने घर, गली-मोहल्ले, गांव और शहर को साफ रखने के लिए प्रत्एक व्यक्ति में जिम्मेदारी का एहसास विकसित करना होगा। शिवराज ने कहा कि इंदौर की तरह ही भोपाल को भी स्वच्छता में श्रेष्ठ बनाना है।

# यात्री ट्रेन के दो डिब्बों-इंजन में आग लगी, कोई हताहत नहीं

- मेरठ के दौराला स्टेशन पर हुई घटना
- आग के लगने के कारण का नहीं चल सका पता लेकिन मामले की जांच शुरू

**भाषा।** मेरठ

**सहारनपुर** से दिल्ली जा रही यात्री ट्रेन के दो डिब्बों में शनिवार सुबह दौराला स्टेशन पर आग लग गई। डिब्बों में लगी आग इंजन तक भी पहुंच गई थी। रेलवे कर्मियों ने यात्रियों की मदद से तत्काल डिब्बों को इंजन से अलग किया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन अधीक्षक आर.पी.शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया शनिवार सुबह 5:30 बजे सहारनपुर से चली यात्री ट्रेन सुबह 7:10 बजे दौराला स्टेशन पर पहुंची। उन्होंने बताया कि दौराला के पास ट्रेन के एक डिब्बे में धुआं उठने लगा था जिसके बाद ट्रेन को (दौराला) स्टेशन पर रोका गया। शर्मा ने बताया कि तब तक दो डब्बों में आग लग गई, हालांकि इनमें सवार यात्रियों को स्टेशन पर सकुशल उतार लिया गया। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग को सूचना दी गई और रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों ने यात्रियों की सहायता से दोनों डिब्बों को रेल के इंजन से अलग किया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दोनों डिब्बों और इंजन में लगी आग पर काबू पाया। रेलवे अधीक्षक के अनुसार घटना में किसी यात्री के जान-माल की सूचना नही है। घटना के बाद रेल यातायात रोक दिया गया था,जो कि फिलहाल चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करें: गहलोत

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन संकट ने भारत को मौका दिया है कि वह अपने यहां मेडिकल कॉलेजों व मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार करे। उन्होंने इस बाबत केंद्र सरकार और राज्यों के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। गहलोत के अनुसार, यूक्रेन संकट के कारण भारत लौटे हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अनिश्चितता के बादलों से घिर गया है। ऐसे में इन बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक सकारात्मक फैसला लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, हर साल हजारों भारतीय पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं। इनमें से अधिकांश मेडिकल की पढ़ाई के लिए चीन, नेपाल, यूक्रेन, रूस, किर्गिस्तान, कजाखिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों का रुख करते हैं, क्योंकि वहां खर्च कम होता है। उन्होंने कहा, लेकिन जब ए विद्यार्थी वहां से पढ़कर लौटते हैं तो उन्हें फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम (एफएमजीई) देना पड़ता है। विदेश में भाषाई एवं पाठ्यक्रम संबंधी भिन्नताओं के कारण अधिकांश बच्चे (80ः से भी अधिक) इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाते हैं और मेडिकल प्रेक्टिस से भी वंचित रह जाते हैं। गहलोत ने कहा कि इससे देश के मानव संसाधन का मूल्य भी घटता है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा, यूक्रेन संकट ने हम सभी को विचार करने का मौका दिया है कि क्यों न केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर देश में मेडिकल कॉलेजों एवं सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की तत्कालीन संप्रग सरकार ने मौजूदा जिला रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना योजना के तहत हर जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना शुरू की थी, जो वर्तमान सरकार में भी चल रही है। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय केंद्र और राज्यों की हिस्सेदारी 75:25 के अनुपात में थी, लेकिन अब राज्यों का अंश बढ़ाकर 60:40 कर दिया गया है। गहलोत ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र सरकार को मिलकर सोचना होगा कि क्या इतनी संख्या बढ़ाने के बाद भी ए मेडिकल सीटें पर्याप्त हैं? उन्होंने कहा, अभी हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज को ही पर्याप्त मान रहे हैं, लेकिन मेरा केंद्र सरकार को सुझाव है कि एमसीआई के नियमों में बदलाव किया जाए और सरकारी व निजी, दोनों क्षेत्रों को अधिक से अधिक मेडिकल कॉलेज खोलने की छूट दी जाए। उन्होंने कहा, भारत में अभी प्रति 1000 व्यक्ति पर औसतन एक डॉक्टर है। इनमें से भी अधिकांश शहरों में मौजूद हैं। जबकि, वैश्विक संस्थाओं के मानकों के हिसाब से प्रति 1000 व्यक्ति पर चार डॉक्टर होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनसंख्या बढ़ने और भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण अन्य महामारियों की आशंका को देखते हुए भी हमें इस संख्या को बढ़ाने की जरूरत है। गहलोत के मुताबिक, केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर सभी राज्यों के साथ एक व्यापक चर्चा करनी चाहिए, जिससे हमारे बच्चों को पढ़ने के लिए दूसरे देशों में न जाना पड़े। उन्होंने दावा किया कि इससे हमारे देश का पैसा भी बचेगा और मेडिकल सुविधाएं भी सुधरेंगी।



मणिपुर में विधानसभा चुनाव के दौरान एक वृद्ध महिला वोट डालने के लिए जाते हुए

# देश का पहला हरित राज्य बनने की ओर अग्रसर हिमाचल प्रदेश

- शत प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता को अक्षय व हरित ऊर्जा से पूरा करने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश का** पहला हरित राज्य बनने की दिशा में पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सरकार ने अपने ताजा बजट में प्रदेश की शत-प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकता को अक्षय और हरित ऊर्जा से पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

वर्तमान प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 12000 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता होती है जिसमें से ताप ऊर्जा ;थर्मल पावरद्ध और शेष हरित अथवा अक्षय ऊर्जा का भाग केवल 2000 मिलियन यूनिट है। हरित राज्य बनने के लिए जयराम ठाकुर सरकार ने वर्तमान बजट में इसे पाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश को अपने ताप ऊर्जा दायित्वों की आर्थिक सुरक्षा या उन्हें खरीदे जाने की आवश्यकता है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बिजली खरीद के लिए मोल भाव करना होगा जिसमें संभवत: जी 7 देश भी हो सकते हैं क्योंकि तभी उचित एवं न्यायसंगत मूल्य प्राप्त हो सकेगा। इसके साथ साथ यह जलवायु वित्त का एक हिस्सा भी होगा। राज्य के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर पहले ही इस मुद्दे को प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष उठा चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव राम सुभग सिंह ने विश्व बैंक के कन्ट्री डायरेक्टर एवं उपाध्यक्ष तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष व इसके सदस्यों के साथ चर्चा की है।

# सौ रुपए की वसूली के लिए एक व्यक्ति की हत्या

**मुंबई।** मुंबई के गिरगांव में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके सहयोगी ने कथित तौर पर 100 रुपए की अदायगी को लेकर सीमेंट की ईंट से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले अर्जुन यशवंत सिंह सरहर इलाके में छोटा-मोटा काम करता था और उसने अपने सहयोगी मनोज मराजकोले (36) से 100 रुपए उधार लिए थे। वीपी रोड पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, बृहस्पतिवार रात दोनों शराब के नशे में थे और दोनों के बीच उधार को लेकर आपस में झगड़ा हुआ। सरहर जब माधव भवन परिसर के पास सोने के लिए गया, तो मराजकोले ने शुक्रवार तड़के उसके सिर को सीमेंट की ईंट से कुचल दिया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Bindu Rani is claiming owner /attorney of Third floor, with roof rights "said floor" part of Property bearing No. 80, area measuring 100 sq., Yds., out of Khasra No. 19/19, Situated at abadi of Rashid Market, in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara, Delhi "the said property". by virtue of Regd. GPA, Notarized Agreement and regd. will all dated 06.08.2008, executed by Mrs. Sandhya who was owner of Second floor with roof rights, of the said property by virtue of sale deed dated 21.06.2007, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell Entire Third floor with roof rights of the said property to Mohd. Salman who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said floor, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mrs. Rajindri is claiming owner /attorney of Property bearing No. RZ-14A/1, area measuring 50 sq., Yds., out of total area measuring 100 sq., Yds., out of Khasra No. 645/1, Situated in the area of Village Nasir Pur, abadi Indra Park, New Delhi. "the said property". by virtue of GPA, Agreement and will all dated 30.01.1981, executed by Mrs. Imrati Devi. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/attorney holder want to sell the said property to Mr. Chhote Lal Meena who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company. That Mr. Hafeez Ahmed Khan is claiming owner /attorney of Property No. 1/7654/1, area measuring 82 sq.,Yds., out of Khasra No. 251, Situated in the area of Village Badarpur, in the abadi of East Gorakh Park, Illaqa Shahdara, New Delhi "the said property". by virtue of GPA, Agreement and will all dated 11.06.2001 executed by Mrs. Shakuntala Rani. All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner/ attorney holder want to sell the said property to Mr. Kali Charan who is taking Loan from Fullerton for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner /attorney Holder over the said property, its sale /Mortgage/litigation, and any kind of objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# मुंबई पुलिस आयुक्त ने वाहनों की टोइंग रोकने पर चर्चा शुरू की

- प्रयोग के तौर पर इसे आरंभ किया जाएगा

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने यातायात पुलिस द्वारा वाहनों को खींच कर ले जाने (टो करने) की प्रथा को समाप्त करने पर नागरिकों से राय मांगी है। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने अपने निजी ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, प्रिय मुंबईवासियों, मैं आपकी प्रतिक्रिया से अभिभूत हूं। सबसे पहले, हम वाहनों को टो कर ले जाने की प्रथा को खत्म करने की योजना बना रहे हैं। प्रयोग के तौर पर इसे शुरू किया जाएगा और आप लोगों की अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। मुझे बताएं कि इसको लेकर आप क्या सोचते हैं। पुलिस आयुक्त के ट्वीट का जवाब देते हुए कुछ नागरिकों ने सुझाव दिया कि अगर मुंबई में यातायात पुलिस किसी भी कार को मुख्य सड़कों पर पार्क करने की अनुमति नहीं देती है, तो अवैध पार्किंग की आधी समस्या समाप्त हो जाएगी।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने यातायात से संबंधित मुद्दों के लिए एक समर्पित ट्विटर हैंडल शुरू करने का सुझाव देते हुए कहा कि मुंबई यातायात पुलिस का एमटीपी ऐप लगभग निष्क्रिय है। मुंबई में अवैध पार्किंग पर नकेल कसने के लिए बीएमसी ने 2019 से सार्वजनिक पार्किंग के 500 मीटर के भीतर खड़ी कारों पर 10,000 रुपए का भारी जुर्माना लगाना शुरू कर दिया था। इस दंड की राशि को आलोचना के बाद बाद में संशोधित किया गया था। इसके तहत बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) प्रतिदिन दो लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल रहा है।

# पश्चिम बंगाल में अनौपचारिक आपातकाल लगा रखा है तृणमूल कांग्रेस ने : भाजपा

- भाजपा के लिए काम करना यहां पर किसी अपराध से कम नहीं: मजूमदार

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सुकांत मजूमदार ने शनिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में अनौपचारिक आपातकाल लगा रखा है जहां भाजपा के लिए काम करना अपराध से कम नहीं है। यहां राष्ट्रीय ग्रन्थागार के सभागार में प्रदेश भर से आए सैंकड़ों पार्टी कायकर्ताओं को संबोधित करते हुए मजूमदार ने यह दावा भी किया कि राज्य में हाल का नगर निगम चुनाव महज एक पाखंड है और केवल भाजपा ने ही जबर्दस्त मुकाबला किया। इस सप्ताह के प्रारंभ में हुए इस चुनाव में भाजपा 108 में एक भी नगर निगम पर अपना कब्जा नहीं जमा पाई और उसे कुल डाले गए मतों में महज 12.57 प्रतिशत वोट ही मिले। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के आरापों पर कहा कि यह एक ऐसी पार्टी के बेबुनियाद आरोप हैं जिसे मतदाताओं का विश्वास नहीं प्राप्त है। मजूमदार ने अपने भाषण में आरोप लगाया, बंगाल में अनौपचारिक आपातकाल है। जिस तरह, भाजपा का हिस्सा होने को लेकर किसी को निशाना बनाया जाता है, उसी तरह माकपा, कांग्रेस या किसी अन्य दल का हिस्सा होने पर व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया जाता है। उन्होंने दावा किया कि जब उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ तृणमूल के गुंडों द्वारा मारपीट की जाती है या उनकी हत्या भी कर दी जाती है तो पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है। वह पार्टी की चिंतन बैठक में बोल रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद लॉकेट चटर्जी ने निगम चुनाव में पार्टी की हार और उसका मतप्रतिशत पिछले साल के विधानसभा चुनाव के 38 प्रतिशत से घटकर निगम चुनाव में 12.57 प्रतिशत हो जाने पर आत्ममंथन का आह्वान किया।

मजूमदार ने दावा किया, हम निश्चित ही इस स्थिति से बाहर आएंगे क्योंकि हमें लोगों का विश्वास एवं भरोसा प्राप्त है लेकिन निगम एवं पंचायत चुनाव के नतीजे में वह सामने नहीं आया क्योंकि तृणमूल कांग्रेस ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दिया। आने वाले दिनों में यह बदलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात का विस्तार से मूल्यांकन करेगी कि हाल में चुनाव कैसे कराए गए तथा वह और प्रभावी ढंग से तृणमूल का लोकतांत्रिक रूप से मुकाबला करने पर गौर करेगी।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रर्वतन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री राजेश कुमार (कर्जदार), श्रीमती रत्नावली (सह-कर्जदार) LBBWD00002987335 | प्लॉट नंबर-178, प्लॉट- एस खसरा नंबर-556 557 558 559, श्री पारस रेसीडेंसी गांव पटान कला तह तिजारा, भिवाड़ी, राजस्थान क्षेत्र: 908.55 वर्ग फुट | रू. 6,38,294/- (फरवरी 22, 2022 तक) | रू. 7,20,000/- / रू. 72,000/- | मार्च 14, 2022 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मार्च 29, 2022 सु. 11:00 बजे से |
| 3. | नरेश शर्मा (सह-कर्जदार), दिनेश कुमार शर्मा (सह-कर्जदार) LBBWD00001489600 | फ्लैट नंबर 601, टॉवर सी, 6 मंजिल, स्काई व्यू अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर जीएच -02 में स्थित, वसुंधरा नगर, भिवाड़ी राजस्थान. क्षेत्र 1638 वर्ग फीट | रू. 27,18,897/- (फरवरी 24, 2022 तक) | रू. 20,25,000/- / रू. 2,02,500/- | मार्च 14, 2022 को दो.12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मार्च 29, 2022 सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **मार्च 28, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **मार्च 28, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **मार्च 28, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : मार्च 05, 2022**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**





# योगी की बुलडोजरी नीति की होगी अग्नि परीक्षा

## ● पूर्वांचल में कल होगा अंतिम चरण के लिए मतदान

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ





**यूपी** में चुनावी समर सात मार्च के बाद समाप्त हो जाएगा और फिर दस मार्च के बाद सबके भाग्य का फैसला होगा। माफियाओं और अपराधियों के लिए योगी सरकार ने जो काम पिछले पांच साल किया उन्हीं काम का हिसाब लेकर मोदी-योगी और शाह की तिकड़ी ने जनता के बीच वोट मांगे और अब जनता का आशीर्वाद किसके सिर पर है, यह दस मार्च को स्पष्ट हो जाएगा। मगर योगी सरकार ने माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ जो बुलडोजर चलाया उससे सबसे अधिक पूर्वांचल का क्षेत्र रहा है। इसमें बाहुबली मुख्तार अंसारी से लेकर अतीक अहमद की अवैध संपत्तियों पर योगी का बुलडोजर चला है। इसी क्षेत्र में अंतिम चरण के लिए मतदान हो रहा है। जहां पर बाहुबली और धनबली दोनों ही मैदान में हैं। जाहिर है कि योगी की बुलडोजर नीति की अग्निपरीक्षा भी अंतिम चरण में होगी।

7 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत नौ जिलों में अंतिम चरण का मतदान होगा। आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही, चंदौली और सोनभद्र की 54 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 2017 के चुनावी नतीजों की बात करें तो बीजेपी ने इस सातवें चरण में 36 सीटों पर कब्जा किया था। 11 सीटें एसपी, 5 सीट बीएसपी और एक सीट निषाद पार्टी को हासिल हुई थी लेकिन इस बार राजनीतिक समीकरण बदले हैं। सपा जातिगत समीकरण की नई ताकत के साथ मैदान में है वहीं बीएसपी भी दलित और मुस्लिम वोट बैंक के सहारे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश में है और निषाद पार्टी बीजेपी के साथ ताल ठोंक रही है। सातवें चरण के इस अंतिम मतदान में बीजेपी और सपा के सोशल इंजीनियरिंग की तो अग्निपरीक्षा होगी। 2017 में सत्ता पाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियाओं की अवैध संपत्ति पर बुल्डोजर नीति का ऐलान किया। मुख्तार अंसारी से लेकर अतीक अहमद और विजय मिश्रा की संपत्तियों पर सरकार ने बुलडोजर चलाए, सरकारी जमीन पर किए कब्जों को ढहा दिया गया। प्रयागराज में तो इन खाली कराई गई जमीन पर योगी ने गरीबों के लिए आवास बनाने की योजना का शिलान्यास भी चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले कर दिया था। एक आंकड़े के अनुसार बीते 5 सालों में प्रदेश सरकार की ओर से मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, विजय मिश्रा जैसे तमाम मायिाओं की लगभग दो हजार करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति पर कब्जे हटा दिए गए, बिल्डिंग गिरा दी गईं। बीजेपी सरकार ने इसी बुल्डोजर नीति के सहारे चुनाव में बेहतर कानून व्यवस्था और माफियाओं पर शिकंजा कसने का उदाहरण पेश किया। बीते छह चरणों में चुनावी रैली में माफियाओं पर की गई कार्रवाई की नजीर पेश करते हुए बीजेपी बेहतर कानून व्यवस्था के नाम पर वोट बटोरने की कोशिश में लगी है। सीएम योगी से लेकर तमाम बड़े नेता बयान दे रहे हैं कि 10 मार्च के बाद फिर बुलडोजर चलेगा लेकिन अब बुलडोजर नीति की अग्निपरीक्षा भी इसी चरण में होगी। 7 तारीख को अंतिम चरण में जेल 9 जिलों में मतदान होने हैं। यह वह जगह है जहां पर उप्र बीजेपी सरकार का बुल्डोजर चला। माफियाओं पर चले बुलडोजर का प्रदेश के अन्य हिस्सों में तो बीजेपी ने खूब प्रचार लिया लेकिन अब असली परीक्षा मऊ, आजमगढ़ और भदोही जैसे जिलों की है जहां के यह माफिया थे और जहां पर सरकार ने इनके अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया। जिन जिलों में सरकार ने बुलडोजर चलाया है वहां की जनता पर क्या असर हुआ? उसे बुलडोजर की कार्रवाई पसंद आई या नहीं? यह सातवें और अंतिम चरण में साफ हो जाएगा।

सातवें चरण में राजनीति के कई दिग्गजों समेत योगी सरकार के छह मंत्रियों की परीक्षा होगी। इनमें से पांच वर्तमान मंत्री हैं जबकि एक विधान सभा चुनाव की घोषणा के बाद मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भाजपा छोड़ सपा मे शामिल हो चुके हैं। योगी सरकार के सात मंत्रियों की साख इस चरण में दांव पर है। कैबिनेट मंत्री रहे दारा सिंह चौहान सपा छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। वहीं सातवें चरण के समर में उतरे छह वर्तमान मंत्रियों में एक कैबिनेट, दो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और तीन राज्यमंत्री स्तर के हैं। तीन मौजूदा मंत्री तो वाराणसी की विभिन्न सीटों पर फिर चुनाव मैदान में हैं। योगी सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अनिल राजभर वाराणसी की शिवपुर सीट से फिर किस्मत आजमा रहे हैं।

स्टांप एवं निबंधन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल वाराणसी उत्तर, पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नीलकंठ तिवारी वाराणसी दक्षिण, आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री गिरीश यादव जौनपुर, ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल मीरजापुर की मड़िहान सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दारा सिंह चौहान मऊ की घोसी सीट से सपा प्रत्याशी हैं। नौवीं बार विधान सभा पहुंचने की तैयारी कर रहे दुर्गा प्रसाद यादव आजमगढ़ सीट से सपा प्रत्याशी हैं। पांचवीं बार विधायक बनने के लिए बतौर सपा प्रत्याशी आजमगढ़ की निजामाबाद सीट से आलमबदी आजमी, जौनपुर की शाहगंज सीट से शैलेंद्र यादव ललई और भदोही की ज्ञानपुर सीट से प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के उम्मीदवार विजय मिश्रा मैदान में हैं। सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर की जहूराबाद सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व सांसद तूफानी सरोज सपा उम्मीदवार के रूप में केराकत सीट से ताल ठोक रहे हैं। बाहुबली छवि के पूर्व सांसद धनंजय सिंह जौनपुर की मल्हनी सीट से जदयू उम्मीदवार हैं तो विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अपने पिता की मऊ सीट पर किस्मत आजमा रहे हैं। इस बार पूर्वांचल के सियासी हालात थोड़े बदले हुए हैं। छोटे दलों में सुभासपा ने इस बार सपा के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है। सातवें चरण में बसपा का भी अपना अच्छा खासा जनाधार है जिसके दम पर जीत की आस लगाए हैं। सातवें चरण में जिन सीटों पर चुनाव हैं वहां पर 2017 के विधानसभा चुनाव को छोड़ दें तो जातिगत समीकरण चरण 90 के दशक से हमेशा प्रभावी रहे हैं। अंतिम चरण के चुनावों में सपा और बसपा के साथ-साथ राजभर, संजय निषाद और अनुप्रिया की परीक्षा होनी है। अखिलेश यादव के संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ की विधानसभा सीटें भी इसी चरण में हैं। मोदी ने वाराणसी में शुक्रवार को रोड शो किया और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी वाराणसी में रोड शो किया। जौनपुर की मल्हनी सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव सपा के लकी यादव के प्रचार के लिए उतरे तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मल्हनी सीट पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगा है। बीजेपी पूर्वांचल के जिलों में माफियाराज के मुद्दे के जरिए जनता को साधने की कोशिश अब तक के चुनाव प्रचार में कर चुकी है। क्योंकि मऊ, गाजीपुर में सातवें चरण में मतदान हो रहा है। वहीं पीएम मोदी और सीएम योगी माफिया और गुंडागर्दी के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर हमलावर रहे हैं। सातवें चरण में रॉबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, दीदारगंज, अतरौला, गोपालपुर, सकलडीहा, सागरी, शिवपुर, मुबारकपुर, सेवापुरी, भदोही, ज्ञानपुर, औराई, मधुबन, घोसी, मोहम्मदाबाद गहना, मऊ, मोहम्मदाबाद, सैयदपुर, चकिया, अजगरा, रोहनियां, मछली शहर, मड़ियाहू, मिर्जापुर, मझवां, चुनार, शाहगंज, जौनपुर, मल्हानी, बदलापुर, पिंडारा, आजमगढ़, निजामाबाद, जमानिया, मुगलसराय, फूलपुर पवई, लालगंज, मेहरगढ़, जाफराबाद, सैदपुर, घोरावल, वाराणसी उत्तर, वाराणसी दक्षिण, वाराणसी कैंट, गाजीपुर, जंगीपुर, जहूराबाद और मुंगरा बादशाहपुर विधान सभा सीटें हैं।

# मुबाकपुर में उलझा गणित, बसपा का किला ढहने के कगार पर

## ● एआईएमआईएम यहां दे रही बसपा-सपा को कड़ी टक्कर

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**मुबारकपुर** में सियासी समीकरण को लेकर यहां के उम्मीदवार भी उलझन में है। उन्हें भी उम्मीद है कि इस बार चुनावी जीत हासिल करना उतना आसान नहीं है। भले ही मुबारकपुर के मतदाताओं के बीच इस बार विकास भी बड़ा मुद्दा है लेकिन जातिगत राजनीति भी अपनी जगह बरकरार है। पिछले दो चुनावों से यहां से बसपा के झंडाबरदार रहे शाहआलम उर्फ गुड्डू जमाली इस बार ऑल इंडिया मजलिस.ए.इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम से बतौर उम्मीदवार हैं। बसपा ने यहां से मुस्लिम उम्मीदवार अब्दुल सलाम को उतारा है। जबकि सपा से अखिलेश व भाजपा से अखिलेश जायसवाल मैदान में हैं। कांग्रेस ने यहां से परह्यवीन बानो को उतारा है।

विधानसभा चुनाव से पूर्व बसपा छोड़ने वाले शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को यकीन था कि उन्हें सपा टिकट देगी। लेकिन सपा के दरवाजे बंद देख जमाली निर्दलीय की अपेक्षा एआईएमआईएम से उतरना सहित समझा। यहां स्थानीय समीकरण के हिसाब से जीत की राह में एआईएमआईएम को कमजोर या नुकसान पहुंचाने वाला माना जा रहा है पर एक स्थिति ऐसी भी है जब उसे गंभीर प्रतिद्वंद्वी भी माना जा रहा है। जो सालों से यहां पर मजबूत पैठ रखने वाली बसपा और सपा के लिए चुनौती पेश कर रही है। एआईएमआईएम से लड़ रहे गुड्डू जमाली के सामने पार्टी के हिसाब से केवल मुस्लिम वोट बैंक आधार है। बाकी पिछले चुनावों में साथ रहे बसपा के कोर वोट बैंक भी छिटकता नजर आ रहा है। चुनावी पिच पर तीन मुस्लिम उम्मीदवार उतरने से जहां सपा और बसपा दोनों का नुकसान तय है तो वहीं तीन मुस्लिम उम्मीदवार होने से वोटों का बंटवारा भी तय है। इस सीट को बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता है जिसे वर्ष 1996 से यहां पर हराया नहीं जा सका है। केवल 2002 के चुनाव को छोड़कर समाजवादी पार्टी यहां दूसरे स्थान पर रहती आयी है। 2002 के चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी यहां दूसरे स्थान पर थी। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एआईएमआईएम नहीं बल्कि आलम मजबूत उम्मीदवार हैं जिनकी वजह से सपा के यादव और बसपा के अब्दुल सलाम के मुकाबले में एआईएमआईएम गंभीर दावेदार के तौर पर उभरी है।



गड्डू जमाली



अरविंद जायसवाल



अखिलेश



अब्दुल सलाम



परवीन बानो

### प्रत्याशियों के अपने अपने तर्क

**सपा** प्रत्याशी अखिलेश लोगों को बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव की याद दिलाते हुए कहते हैं कि बिहार में एआईएमआईएम के पक्ष में मतों का विभाजन होने का नतीजा रहा कि भाजपा की जीत हुई। जबकि पश्चिम बंगाल जहां पर ओवैसी की पार्टी को अधिक समर्थन नहीं मिला, वहां भाजपा की हार हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता अखिलेश यादव की सरकार चाहती है और इसलिए राज्य और मुबारकपुर में एआईएमआईएम का कोई स्थान नहीं है। वहीं शाह आलम का तर्क है कि उन्होंने दो बार जीत दर्ज की है और उनका चुनाव चिह्न अलग हो सकता है लेकिन वह जीत रहे हैं और लोग भी उन्हें जानते हैं। उनका कहना है कि मेरी राजनीति का आधार विकास है और मैं धर्म और जाति की राजनीति से अलग रहता हूं। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों से अधिक हिदू भाई मेरे पक्ष में मतदान करेंगे। वहीं बसपा के सलाम ने जीत का दावा करते हुए कहा कि ओवैसी की पार्टी को पांच हजार से अधिक मत नहीं मिलेंगे। वहीं अरविंद जायसवाल से जुड़े लोगों का तर्क है कि इस बार मुबारकपुर में कमल खिल कर रहेगा।

### यह है मुबारकपुर सीट का इतिहास

**आजमगढ़** की इस विधानसभा सीट पर पहला चुनाव 1962 में हुआ था। तब कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई के सुरजन जीते थे। अगले चुनाव में कांग्रेस के विश्वनाथ ने इस पर कब्जा कर लिया था। 1980 में कांग्रेस के दूधनाथ जीते थे। कांग्रेस की इस सीट पर यह आखिरी जीत थी। 1985 में निर्दलीय हफीज भारती ने परचम फ्हराया था। 1989 में यशवंत और 1991 में ए सलाम ने जनता दल के टिकट पर यह सीट जीती थी। 1993 समाजवादी पार्टी के रामदर्शन जीते थे। 1996 में यशवंत ने पहली बार यहां से बसपा को जीत दिलाई थी। 2002 व 2007 में चंद्रदेव राम यादव और 2012 से गुड्डू जमाली जीत रहे थे।

# डबल इंजन सरकार ने गरीबों की थाली भरी: जेपी नड्डा


**भाषा।** भदोही



**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली योगी सरकार गरीबों की थाली भरने का काम करती है, जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस गरीबों की थाली को खाली करने का पाप करती हैं। भदोही में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने लोगों का आह्वान किया कि अच्छी नीयत वाली भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए भाजपा को वोट दें। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हम जब अखिलेश से पूछते हैं कि आपने यूपी की जनता के लिए क्या किया तो उनका कोई जवाब नहीं आता है। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जब अवैध हथियारों की फैक्टरी खुलवाना और गुंडों को संरक्षण देना ही उनका काम है तो वह जनता के लिए भला क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा सिर्फ गुंडों को तैयार ही नहीं करती, बल्कि उसकी पर्यायवाची बन गई है और अगर कोई खुद को सपाई बताता है तो यही समझा जाता है कि वह गुंडा है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अखिलेश सरकार माफिया राज और तुष्टिकरण की मिसाल थी। उन्होंने कहा कि सपा और अपराधी एक-दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं और ए दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सपा पर आतंकियों को शह देने और कांग्रेस पर कर्जमाफी के नाम पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में सालाना छह हजार रुपए भेजे हैं। उन्होंने दावा किया कि गांवों, गरीबों, वंचितों, पीड़ितों, शोषितों, दलितों, पिछड़ों, माताओं-बहनों, किसानों और नौजवानों को मुख्यधारा में लाने का काम अगर कोई पार्टी करती है तो वो भारतीय जनता पार्टी है। नड्डा ने कहा, जब प्रधानमंत्री ने जन-धन योजना शुरू की थी तो विपक्ष ने इसका मजाक उड़ाया था। अखिलेश और राहुल, जो चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए थे, ने पूछा था कि गरीबों के बैंक खातों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि आज कोई बिचौलिया नहीं है और पीएम-किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य योजनाओं के तहत दी जाने वाली राशि सीधे गरीबों के बैंक खातों में जाती है। नड्डा ने दावा किया कि सपा ने निषाद पार्टी को धोखा दिया और वो भाजपा थी, जिसने लोगों की थाली भरने का काम किया। मालूम हो कि निषाद पार्टी भाजपा की सहयोगी है और उसका चुनाव चिन्ह भोजन से भरी थाली है। भदोही में सात मार्च को आखिरी चरण के तहत मतदान होना है।

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भाजपा के लिए बनेगा वरदान

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव का अंतिम चरण काशी की परिक्रमा करता दिखाई पड़ रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ कॉरिडोर सातवें चरण के मतदान में भारतीय जनता पार्टी के लिए वरदान साबित होने वाला है। दो दिन पूर्व मनाए गए महाशिवरात्रि पर्व ने वाराणसी समेत पूर्वांचन निवासियों को भव्य रूप से तैयार काशी विश्वनाथ मंदिर के माध्यम से भाजपा सरकार के धार्मिक विकास कार्य प्रदर्शित करने का काम किया है। विधानसभा चुनाव का अंतिम सातवां चरण सात मार्च को होना है जिसमें 9 जिलों की 54 विधानसभा सीटों क्रमश: राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, दीदारगंज, अतरौला, गोपालपुर, सकलडीहा, सागरी, शिवपुर, मुबारकपुर, सेवापुरी, भदोही, ज्ञानपुर, औराई, मधुबन, घोसी, मोहम्मदाबाद गहना, मऊ, मोहम्मदाबाद, सैयदपुर, चकिया, अजगर, रोहनियां, मछली शहर, मरियाहू, छांबी, मिर्जापुर, मझवां, चुनार, शाहगंज, जौनपुर, मल्हानी, बदलापुर, पिंडारा, आजमगढ़, निजामाबाद, जमानिया, मुगलसराय, फूलपुर, पवई, लालगंज, मेहरगढ़, जाफराबाद, सैदपुर, मरिहां, घोरावल, वाराणसी उत्तर, वाराणसी दक्षिण, वाराणसी कैंट, गाजीपुर, जंगीपुर, जहूराबाद और मुंगरा बुलंदशहर में मतदान होना है। इसे एक संयोग कहे या फिर भाजपा का भाग्य कि इस अंतिम चरण में प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र बनारस भी शामिल है जहां पर काशी विश्वनाथ मंदिर को नए कलेवर के साथ तैयार कर काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को जनता को सौंपा गया है, महाशिवरात्रि के पर्व पर उसके दर्शन करके पूर्वांचल की जनता अभिभूत हो गई। देखा जाए तो बीते 241 सालों के इतिहास में काशी विश्वनाथ मंदिर का तीसरी बार रेनोवेट किया गया है। इस पवित्र मंदिर को मुगलों ने कई बार नेस्तनाबूद करने की कोशिश की थी। मुगलों द्वारा किए गए हमलों ने काशी विश्वनाथ मंदिर को काफी क्षति पहुंचाई है। सबसे पहले इस मंदिर को सन् 1780 में महारानी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा रेनोवेट करवाया गया था। इसके बाद सन् 1853 में महाराजा रणजीत सिंह इस मंदिर के कई स्थानों पर स्वर्ण जड़वाए थे। इसके बाद साल 2019 में पीएम मोदी की परियोजना के तहत इस मंदिर में भव्य कॉरिडोर का निर्माण कर विधानसभा चुनाव 2022 से पहले जनता के दर्शन के लिए खोला गया।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर दो भागों में बांटा गया है। मुख्य परिसर को बनाने में लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। कॉरिडोर में चार बड़े-बड़े गेट हैं जिसके चारो तरफ प्रदक्षिणा पथ बना है। इस पथ पर संगमरमर के 22 शिलालेख लगाए गए हैं, इनमें आदि शंकराचार्य की स्तुतियां, अन्नपूर्णा स्त्रोत, काशी विश्वानाथ की स्तुतियां और भगवान शंकर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का उल्लेख किया गया है। काशी विश्वनाथ गलियारे के एंट्री गेट की संरचनाएं पारंपरिक शिल्प कौशल का उपयोग कर बनाई गई है जो हमारी संस्कृति और इतिहास को दर्शाता है। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की वेबसाइट की माने तो इस मंदिर को 'स्वर्ण मंदिर' के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर के गर्भ गृह को सोने से विभूषित किया गया है जो काशी व आस-पास के जनपद वासियों के लिए जबरदस्त आस्था का केन्द्र बनकर भाजपा के वोट में तबदील होना माना जा रहा है। जौनपुर निवासी कौशल कुमार ने बताया काशी विश्वनाथ मंन्दिर को जिस तरह से भाजपा सरकार ने नया रूप दिया है उससे पूर्वांचल की जनता पूरी तरह से अभिभूत होकर भाजपा की तरफ काफी तीव्र गति से आकर्षित हुई है जिसका छठे चरण के मतदान में तो फायदा मिला ही था साथ ही में सातवें चरण के मतदान भाजपा को जबर्दस्त फायदा मिलने वाला है।

# मिर्जापुर में भाजपा को कड़ी टक्कर

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में विधानसभा की पांच सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के लिए मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है,जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी का पड़ोसी होने के नाते भाजपा ने पिछली बार मिर्जापुर की सभी पांचों सीटों पर मोदी लहर के दम पर जीत हासिल की थी। मिर्जापुर में पांच विधानसभा सीटें हैं- चुनार, मरियां, मिर्जापुर नगर, मझवां और छनबे- जिन पर अंतिम चरण में मतदान होगा। इन सीटों पर भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस मुकाबले को बहुकोणीय बनाने के लिए बसपा और कांग्रेस ने भी उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें से कुछ सीटों पर लोगों से बात करने के बाद उम्मीदवारों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर दिखाई दे रही है। भाजपा ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों को दोहराया है और मझवां सीट सहयोगी निषाद पार्टी को दी है। अपना दल (कामेरावादी), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) जैसे क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन के बाद मजबूत हुआ अखिलेश यादव की अगुवाई वाला सपा गठबंधन 2017 में भाजपा को मिले लाभ को छीनने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। प्रसिद्ध विंध्याचल मंदिर के लिए पहचाने जाने वाला मिर्जापुर, वाराणसी से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। पिछले चुनाव में वाराणसी में, भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सभी आठ सीटों पर जीत हासिल की थी, इसी तरह भगवा पार्टी ने मिर्जापुर की सभी पांच सीटों पर कब्जा किया था। विभिन्न मुद्दों के साथ एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर स्थानीय लोग भाजपा नेताओं और राज्य सरकार से नाखुश हैं, वह है काशी विश्वनाथ परियोजना की तर्ज पर विंध्य परियोजना में 930 से अधिक घरों को ध्वस्त करना।

शिव राम मिश्रा ने कहा, गिराए गए इन घरों के मालिकों को बाजार दर से कम पैसे दिए गए। एक अन्य व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां के लोगों के अधिकांश घरों को आसपास के क्षेत्रों में सड़कों को चौड़ा करने के लिए लिया गया लेकिन एक जाति विशेष के घरों को छोड़ दिया गया। एक अन्य व्यक्ति ने आरोप लगाया कि भाजपा के मौजूदा विधायक रत्नाकर मिश्रा स्थानीय लोगों की मदद के लिए आगे नहीं आए जिनके हितों की बलि विंध्य परियोजना के नाम पर दी गई।

# अदालत का चित्रा रामकृष्ण को अग्रिम जमानत देने से इनकार

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली की** एक अदालत ने एनएसई कोलोकेशन मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण को अग्रिम जमानत देने से शनिवार को इनकार कर दिया।

इसके साथ ही अदालत ने सीबीआई की खिंचाई करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि पिछले चार साल से घोटाले से फायदा उठाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने आरोपी और सीबीआई की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। उन्होंने पाया कि आरोपी गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं और जांच एकदम शुरुआती चरण में है।

**● अदालत ने सीबीआई की खिंचाई करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि पिछले चार साल से घोटाले से फायदा उठाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई**

उन्होंने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की भी खिंचाई करते हुए कहा कि वह आरोपियों के साथ बहुत दयालु और सौम्य था। अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आर्थिक अपराधों में गहरी साजिश की गई है, जिससे सार्वजनिक धन का भारी नुकसान हुआ है। अदालत ने कहा, जमानत के मामले को एक अलग दृष्टिकोण के साथ देखने की जरूरत है, क्योंकि आर्थिक अपराध की गहरी जड़ें हैं, जिनमें सार्वजनिक धन की भारी हानि शामिल है। अदालत ने आगे कहा कि आरोपियों के न्याय से भागने की आशंका बहुत कम है, हालांकि पूर्व में एनएसई में महत्वपूर्ण स्थिति में होने के कारण इस बात की प्रबल संभावना है कि वह सबूतों को प्रभावित कर सकती हैं, क्योंकि कोलोकेशन घोटाले के तहत जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है, वह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त एमडी और सीईओ थीं। उन्होंने कहा, मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और आवेदक 1 आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोपों को देखते हुए, इस स्तर पर अग्रिम जमानत का कोई आधार नहीं बनता है। याचिका खारिज की जाती है। सीबीआई ने हाल ही में इस मामले में रामकृष्ण से पूछताछ की थी। आयकर विभाग ने पहले मुंबई और चेन्नई में चित्रा रामकृष्ण से जुड़े विभिन्न परिसरों पर छापा मारा था। रामकृष्ण बाजार नियामक सेबी की जांच के घेरे में भी हैं।

हाल ही में सीबीआई की अदालत ने एनएसई के समूह परिचालन अधिकारी और पूर्व एमडी रामकृष्ण के सलाहकार आनंद सुब्रमण्यम को सीबीआई हिरासत में भेजा था। उन्हें सीबीआई ने एनएसई मामले में चेन्नई से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने एनएसई के एक ब्रोकर द्वारा कोलोकेशन सुविधा के कथित दुरुपयोग की पहले से चल रही जांच के सिलसिले में एनएसई के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि नारायण से भी पूछताछ की है।

# सीतारमण ने आंध्र प्रदेश के अनंतपुरामू में एनएसीआईएन की आधारशिला रखी

भाषा। अनंतपुरामू



**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के अनंतपुरामू जिले में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सीतारमण ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (मसूरी) और सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (हैदराबाद) की तर्ज पर एनएसीआईएन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण अकादमी होगी। अकादमी जिले में हिंदुपुर के पास पालसमुद्रम गांव में स्थित है। वित्त मंत्री ने कहा, एनएसीआईएन में परिवीक्षाधीन आईआरएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम सितंबर 2023 से शुरू होगा और 2024 तक अकादमी पूर्ण आकार ले लेगी। उन्होंने कहा कि परिवीक्षाधीन अधिकारियों को विश्व स्तरीय मानकों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्र सरकार पहले चरण में एनएसीआईएन के निर्माण पर 729 करोड़ रुपए खर्च करेगी। सीतारमण ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अकादमी की स्थापना के लिए धन की कोई कमी न हो। एनएसीआईएन हिंदुपुर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाएगी। एनएसीआईएन को दिसंबर 2014 में मंजूरी दी गई थी और तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसकी स्थापना के लिए अप्रैल 2015 में एक पट्टिका का अनावरण किया था।



संभल में होली के त्योहार के आगमन को लेकर रंगों को तैयार करते श्रमिक

# खाद्य सचिव ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत का गेहूं निर्यात बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**यूक्रेन के** खिलाफ रूस के युद्ध के कारण वैश्विक कीमतों में उछाल के बाद भारत से गेहूं के निर्यात में तेजी आई है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने शनिवार को कहा कि देश से होने वाला कुल गेहूं निर्यात चालू वित्त वर्ष में अब तक 66 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर को छू चुका है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय निर्यातकों के लिए एक अवसर है, क्योंकि गेहूं के अन्य वैश्विक उत्पादकों की तुलना में देश में गेहूं की नई फसल 15 मार्च से उपलब्ध होगी। रूस और यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं आपूर्ति के लगभग एक चौथाई हिस्से का निर्यात करते हैं। उनकी गेहूं की फसल इस साल अगस्त और सितंबर में पकेगी। नतीजतन, वैश्विक गेहूं की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं और 24,000-25,000 रुपए प्रति टन के दायरे में चल रही हैं। पांडेय ने एक आभासी तौर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसके परिणामस्वरूप, भारतीय गेहूं के निर्यात में तेजी आई है। फरवरी के अंत तक, हम पहले ही 66 लाख टन गेहूं का निर्यात कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब तक गेहूं का निर्यात वित्तवर्ष 2012-13 में हासिल किए गए 65 लाख टन के ऐतिहासिक उच्च स्तर को पार कर चुका है। उन्होंने कहा, 'अभी भी एक महीना बाकी है, आप इस साल लगभग 70 लाख टन से अधिक निर्यात की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह भारतीय किसानों और निर्यात के लिए अच्छी खबर है। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, भारत का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में 11 करोड़ 13.2 लाख टन के नए रिकॉर्ड को छूने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष में यह उत्पादन 10 करोड़ 95.9 लाख टन था। रबी की मुख्य फसल गेहूं 15 मार्च से बाजार में आने लगेगी। देश में सरकारी गोदामों में गेहूं का अधिशेष भंडार भी है। अन्य वैश्विक कंपनियां गर्मी के मौसम की समाप्ति के बाद में बाजार में प्रवेश करेंगे। अन्य वस्तुओं के निर्यात के बारे में पूछे जाने पर, सचिव ने कहा कि मजबूत वैश्विक कीमतों के कारण चीनी निर्यात भी विपणन वर्ष 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) में 75 लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष में 20 लाख टन के निर्यात से बहुत अधिक है।

# जेपी इंफ्राटेक की समाधान योजना के बारे में एनसीएलटी सात, नौ मार्च को सुनवाई करेगा

भाषा। नई दिल्ली

**कर्ज तले** दबी रियल्टी फर्म जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) के अधिग्रहण के लिए सुरक्षा समूह की बोली को मंजूरी देने से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) सात और नौ मार्च को सुनवाई करेगा। जेपी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि समाधान योजना और इससे संबंधित योजनाओं को एनसीएलटी के समक्ष सुनवाई के लिए सात और नो मार्च के लिए सूचीबद्ध किया गया है। पिछले वर्ष जून में वित्तीय लेनदारों और घर खरीदारों ने मुंबई के सुरक्षा समूह को जेआईएल का अधिग्रहण करने की मंजूरी दे दी थी जिससे 20,000 फ्लैट मालिकों को अपने फ्लैटों का कब्जा पाने के लिए उम्मीद जागी थी। इससे पहले मुंबई स्थित सुरक्षा समूह ने जनवरी में कहा था कि उसे दिवालिया प्रक्रिया के जरिए जेआईएल का अधिग्रहण करने और घर खरीदारों के करीब 20,000 फ्लैट तैयार करने के लिए मार्च तक राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सुरक्षा एआरसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आलोक दवे ने कहा था कि कंपनी एनसीएलटी की मंजूरी के तुरंत बाद सभी रुकी हुई परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी कर रही है। सुरक्षा समूह को जेआईएल के अधिग्रहण के लिए पिछले साल जून में वित्तीय लेनदारों और घर खरीदारों की मंजूरी मिली थी, जिसके बाद घर खरीदारों को अपने फ्लैटों का कब्जा मिलने की उम्मीद जगी।

## सरसों की आवक बढ़ने से इसके तेल तिलहन के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** मिले जुले कारोबार के बीच दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन, सोयाबीन दिल्ली तेल में गिरावट आई जबकि साधारण कारोबार के बीच मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन इंदौर, सोयाबीन डीगम तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बंद हुई।बाजार सूत्रों ने बताया कि मंडियों में सरसों की आवक बढ़ने से सरसों तेल तिलहनों के भाव में गिरावट आई। इस तेल की ज्यादा खपत उत्तर भारत के राज्यों में है जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे स्थानों पर सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तेलों की अधिक खपत है। इसलिए सरकार को देश में तेल तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य रूप से ध्यान देना होगा। सूत्रों ने कहा कि खाद्यतेलों के निर्यात के लिए क्राफ्ट पेपर (गत्ते) से बने पैक का अधिक इस्तेमाल होता है और इस गत्ते की कीमत पिछले लगभग एक साल में लगभग दोगुनी हो गई है। इसके महंगा होने से खाद्य तेलों के अलावा बाकी वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसलिए मौजूदा समय में इसके (गत्तों का) निर्यात पर रोक लगानी चाहिए। सरकार खाद्य तेलों का दाम कम करना चाहती है तो उसे हर उस पहलू को ध्यान देना होगा जो इन्हें महंगा बनाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह निर्यात जारी रहा तो आगे चलकर इन गत्तों के दाम और भी बढ़ेंगे जिसका असर लगभग सभी चीजों पर आएगा।

# अदालत ने एनएसई की पूर्व प्रमुख को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली की** एक अदालत ने एनएसई कोलोकेशन मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चित्रा रामकृष्ण को अग्रिम जमानत देने से शनिवार को इनकार कर दिया।

विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने आरोपी और सीबीआई की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सीबीआई ने हाल ही में इस मामले में रामकृष्ण से पूछताछ की थी। आयकर विभाग ने पहले मुंबई और चेन्नई में चित्रा रामकृष्ण से जुड़े विभिन्न परिसरों पर छापा मारा था। रामकृष्ण बाजार नियामक सेबी की जांच के घेरे में भी हैं। हाल ही में सीबीआई की अदालत ने एनएसई के समूह परिचालन अधिकारी और पूर्व एमडी रामकृष्ण के सलाहकार आनंद सुब्रमण्यम को सीबीआई हिरासत में भेजा था। उन्हें सीबीआई ने एनएसई मामले में चेन्नई से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने एनएसई के एक ब्रोकर द्वारा कोलोकेशन सुविधा के कथित दुरुपयोग की पहले से चल रही जांच के सिलसिले में एनएसई के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि नारायण से भी पूछताछ की है।

**● सीबीआई ने हाल ही में इस मामले में रामकृष्ण से पूछताछ की थी**

## क्विक न्यूज

### खनिज क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करें: जीएसआई महानिदेशक

**नई दिल्ली।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के महानिदेशक राजेंद्र सिंह गरखल ने युवा अधिकारियों से कहा कि वे अन्वेषण और अन्य भू-वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें और देश को खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अथक प्रयास करें। बीते 172 वर्षों के दौरान जीएसआई के विभिन्न उल्लेखनीय कदमों को रेखांकित करते हुए गरखल ने कहा कि संगठन द्वारा अपने मिशन के तहत शुरू की गई विभिन्न पहलों के माध्यम से इन कदमों को जारी रखने की आवश्यकता है। खनन मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक गरखल ने कहा कि खनिज ब्लॉक की पहचान करने और देश के व्यापक खनिज संसाधनों को बढ़ाने में जीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जीएसआई ने देशभर के अपने कार्यालयों में 172वां स्थापना दिवस मनाया, मुख्य कार्यक्रम इसके कोलकाता स्थित केंद्रीय मुख्यालय में शुक्रवार को हुआ।

### चीन ने अपना रक्षा बजट बढ़ाकर 230 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को अपने रक्षा बजट में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि कर 230 अरब डॉलर करने का प्रस्ताव किया है जो पिछले साल के 209 अरब डॉलर के मुकाबले 21 अरब डॉलर अधिक है। सरकारी अखबार चाइना डेली ने प्रधानमंत्री ली केकियांग द्वारा नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में शनिवार को पेश मसौदा बजट के हवाले से बताया कि चीन की सरकार ने वित्त वर्ष 2022 के लिए 1.45 खरब (ट्रिलियन) युआन के रक्षा बजट का प्रस्ताव किया है जो पिछले साल के मुकाबले 7.1 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि के साथ चीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट (लगभग 70 अरब डॉलर) के मुकाबले तीन गुना हो गया है। पिछले साल चीन का रक्षा बजट 200 अरब डॉलर के पार गया था। चीन ने वित्त वर्ष 2021 में अपने रक्षा बजट में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि की थी जिससे उसका कुल रक्षा बजट 209 अरब डॉलर हो गया था। चीनी प्रधानमंत्री ने संसद में पेश कार्य रिपोर्ट में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की युद्ध तैयारी को वृहद तरीके से मजबूत करने पर जोर दिया। चीन द्वारा रक्षा बजट में वृद्धि का प्रस्ताव भारत के साथ पूर्वी लद्दाख में गतिरोध और अमेरिका के साथ बढ़ते राजनीतिक और सैन्य तनाव के बीच आया है। अमेरिका के बाद चीन रक्षा बजट पर खर्च करने के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है।

### भारत-बांग्लादेश व्यापार समझौते पर संयुक्त अध्ययन को जल्द दिया जाएगा अंतिम रूप: वाणिज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश एक द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते की संभावनाएं तलाशने के लिए जल्द ही एक संयुक्त अध्ययन को अंतिम रूप देंगे, जिसका मकसद देशों के बीच आर्थिक संबंध को और मजबूत करना है। वाणिज्य सचिव बी वी आर सुब्रह्मण्यम और बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय में वरिष्ठ सचिव तपन कांति घोष के बीच चार मार्च को एक बैठक के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों पक्षों ने रेल अवसंरचना और बंदरगाह अवसंरचना के विकास, समग्र आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर संयुक्त अध्ययन, बॉर्डर हाट, मल्टी-मॉडल परिवहन के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क, परस्पर मान्य समझौतों सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। मंत्रालय ने कहा, सीईपीए अध्ययन को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। बांग्लादेश, भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है। रेलवे के माध्यम से भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए सिराजगंज बाजार में एक कंटेनर हैंडलिंग सुविधा के विकास के लिए विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (डीपीपी) को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच मालगाड़ियों के संचालन के लिए बेनापोल में 900 मीटर की नई साइडिंग लाइन का निर्माण किया गया है।

### एचडीआईएल के अधिग्रहण के विषय पर बात करने के लिए वित्तीय लेनदार बैठक करेंगे

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी हाउसिंग डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के वित्तीय लेनदार इस संकटग्रस्त रियल्टी फर्म का दिवाला कार्यवाही के माध्यम से अधिग्रहण करने के लिए 9-10 मार्च को बैठक कर बोलियों के विषय पर चर्चा करेंगे। शेयर बाजारों को दी जानकारी में एचडीआईएल के समाधान पेशेवर अभय एन मानुधने ने कहा, लेनदारों की समिति की 23वीं बैठक 9 मार्च 2022 को होगी जो 10 मार्च तक चलेगी। इसमें बैठक के एजेंडा के बारे में जानकारी नही दी गई। पिछले महीने एचडीआईएल ने सूचित किया था कि उसके समाधान पेशेवरों को कंपनी के अधिग्रहण के लिए नौ आवेदकों की ओर से 16 बोलियां मिली हैं।

### मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में दूध के दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करेगी। खरीद लागत में वृद्धि होने के कारण की जा रही यह मूल्य वृद्धि रविवार से प्रभाव में आएगी। इससे पहले अमूल और पराग मिल्क फूड्स दूध की कीमत दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा चुके है। मदर डेयरी ने शनिवार को कहा, खरीद लागत (किसानों को अदा किया जाने वाला शुल्क), ईंधन की कीमत और पैकेजिंग सामग्री की कीमत बढ़ने के कारण मदर डेयरी को दिल्ली-एनसीआर में दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि करनी पड़ रही है जो छह मार्च 2022 से प्रभाव में आएगी। रविवार से फुल क्रीम दूध की कीमत 59 रुपए प्रति लीटर होगी जो अभी 57 रुपए प्रति लीटर है। टोन्ड दूध 49 रुपए प्रति लीटर, डबल टोन्ड दूध 43 रुपए प्रति लीटर, गाय का दूध 51 रुपए प्रति लीटर होगा। टोकन वाला दूध 44 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 46 रुपए प्रति लीटर होगा। मदर डेयरी ने हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी दूध के दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए है। इन क्षेत्रों के अलावा अन्य इलाकों में दूध के दामों में चरणबद्ध तरीके से बढोतरी होगी। मदर डेयरी का दूध देश के 100 से अधिक शहरों मे मिलता है। दिल्ली-एनसीआर मे मदर डेयरी प्रतिदिन 30 लाख लीटर से अधिक दूध बेचती है।



# पेज एक का शेष

## भारत ने...

60 किलोमीटर दूर है। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें छात्रों को संघर्ष वाले इस क्षेत्र से त्वरित रूप से निकालने की अपील करते दिखाया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह इलाका रूसी सीमा से 60 किलोमीटर दूर है और वहां कर्फ्यू भी रहा है, ऐसे में वहां से युद्ध की स्थिति में पैदल चलकर निकलना हरसमय संभव नहीं है। उन्होंने कहा, हम चिंतित हैं और देख रहे हैं कि क्या विकल्प हो सकते हैं। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि उनकी जानकारी के मुताबिक खारकीव से लगभग सभी भारतीय बाहर निकल गए हैं।इससे पहले बागची ने ट्वीट किया, यूक्रेन के सूमी में फंसे भारतीय छात्रों को लेकर (भारत) काफी चिंतित है। रूस और यूक्रेन की सरकारों को विविध माध्यमों से पुरजोर तरीके से तत्काल संघर्षविराम के लिए (भारत ने) कहा है, ताकि हमारे छात्रों को सुरक्षित गलियारा मिल सके। उन्होंने कहा, हमने अपने छात्रों से सुरक्षा संबंधी एहतियात बरतने, आश्रय स्थल के अंदर रहने तथा अनावश्यक खतरा (मोल) नहीं लेने को कहा है। बागची ने कहा कि विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास छात्रों के साथ निरंतर सम्पर्क में है। गौरतलब है कि छात्र सूमी स्टेट यूनिवर्सिटी के मेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्रावास में रुके हुए हैं। भारत की ओर से इस मुद्दे पर यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब रूस के रक्षा अधिकारियों ने यूक्रेन के दो शहरों में अस्थाई तौर पर संघर्षविराम की घोषणा की है, ताकि लोगों को वहां से निकाला जा सके। लेकिन एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि शनिवार को उनके इलाके में गोलाबारी जारी रही। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह दक्षिण पूर्व में स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह मारियूपोल और पूर्व में स्थित वोलनोवाखा शहर में लोगों को निकालने के लिए रास्ता देने पर सहमत है। हालांकि, खारकीव और सूमी सहित कई अन्य शहरों में किसी प्रकार के अस्थाई संघर्षविराम की घोषणा नहीं की गई, जहां कई सौ भारतीय फंसे हैं। भारत ने रूस और यूक्रेन दोनों से पूर्वी यूक्रेन के संघर्ष वाले इलाकों में सुरक्षित गलियारा बनाने का आग्रह किया है ताकि वह अपने नागरिकों को सुरक्षित निकाल सके। वहीं, यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने कहा है कि पिसोचिन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए तीन बसें वहां पहुंच गई हैं और थोड़ी देर में वे छात्रों को लेकर पश्चिमी यूक्रेन के लिए रवाना हो जाएंगी। यह इलाका खारकीव से करीब 11 किलोमीटर दूर है। उसने कहा कि दो और बसें जल्द ही वहां पहुंचेंगी।

## भारत में...

भारत में पंजीकरण चाहने वाले छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) द्वारा आयोजित विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) उत्तीर्ण की हो। अगर छात्र मानदंडों को पूरा करते हैं तो राज्य चिकित्सा परिषद 12 माह के लिए अथवा शेष अवधि के लिए वैकल्पिक पंजीकरण प्रदान कर सकती हैं। एनएमसी ने कहा कि राज्य चिकित्सा परिषद मेडिकल कॉलेज से लिखित में लेंगे कि वे विदेशी मेडिकल छात्रों को इंटर्नशिप कराने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेंगे।

## फंसे छात्रों...

कई माध्यमों से रूस और यूक्रेन सरकार पर काफी दबाव डाला जा रहा है। बयान के बाद छात्रों के समूह ने फिलहाल अपनी यात्रा रोक दी है। सूमी राजकीय विश्वविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र मोहम्मद निजामुद्दीन अमन (21) ने कहा, हमने उम्मीद छोड़ दी थी कि सरकार हमें बचाने आएगी, इसलिए हमने पहले ही अपनी यात्रा शुरू कर दी थी। लेकिन अब नई सलाह जारी होने के बाद हम भ्रमित हैं कि क्या हमें जोखिम लेना चाहिए। मैं बहुत डरा हुआ हूं। रूस और यूक्रेन ने आम नागरिकों को युद्ध से बचाने के लिए बृहस्पतिवार को मानवीय गलियारे बनाने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की थी। यूक्रेन में युद्ध अपने 10वें दिन में प्रवेश कर गया है और युद्ध प्रभावित शहरों से लोगों को निकालना मुश्किल बना हुआ है। इन इलाकों में फंसे छात्र सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर भारत सरकार से उन्हें निकालने की गुहार लगा रहे हैं। युद्ध प्रभावित यूक्रेन से नागरिकों को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा शुरू किया है। हालांकि, देश के पूर्वी हिस्से से निकासी चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वहां भीषण हिंसा चल रही है। भारत यूक्रेन के पश्चिमी पड़ोसियों जैसे रोमानिया, हंगरी और पोलैंड से विशेष उड़ानों के माध्यम से अपने नागरिकों को निकाल रहा है क्योंकि रूसी सैन्य हमले के कारण 24 फरवरी से यूक्रेनी हवाई क्षेत्र बंद है।

## भाजपा का...

सीटों से ज्यादा पर चुनाव लड़ रही है। हमें वहां पर बहुत ही सकारात्मक जन समर्थन मिला है और उम्मीदों से ज्यादा अच्छा नतीजा हम वहां लाएंगे। ज्ञात हो कि पंजाब में भाजपा का लंबे समय तक शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन रहा लेकिन केंद्र सरकार के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दों पर दोनों दलों का गठबंधन टूट गया। पंजाब में भाजपा ने इस बार पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा के नेतृत्व वाली अकाली दल (संयुक्त) से गठबंधन किया है। नड्डा ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का सशक्तीकरण इस चुनाव में प्रमुख मुद्दा रहा और जनता में इसका सकारात्मक प्रभाव भी दिखा।

## विधानसभा चुनाव...

से रोक लग गई। उन्होंने बताया कि सातवें चरण में प्रदेश के उपरोक्त नौ जिलों की 54 विधानसभा सीटों पर सोमवार सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और शाम छह बजे तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में सातवें चरण की इन 54 सीटों में भाजपा और उसके सहयोगी अपना दल (एस) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को 36 सीटें मिली थीं। इनमें भाजपा की 29, अपना दल (एस) की चार और सुभासपा की तीन सीटें शामिल हैं। वहीं, दूसरी तरफ सपा को 11, बसपा को छह और निषाद पार्टी को एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। 2017 में अपने दम पर लड़ी निषाद पार्टी इस बार भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में है, जबकि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाया है। चुनाव प्रचार में विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने जहां भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार की आलोचना करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। वहीं, सत्तारूढ़ भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए पिछली सरकार के दौरान गुंडाराज, माफिया राज और दंगे जैसे मुद्दे उठाए। चुनाव प्रचार अभियान में विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन के दौरान भड़की हिंसा में चार किसानों की मौत, आवारा पशुओं की समस्या, गुंडा राज और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों के साथ मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। जबकि, चुनाव प्रचार पर हावी सत्ता विरोधी लहर को खत्म करने की कोशिश करते हुए भाजपा ने पिछली सरकार के दौरान अवैध वसूली, गुंडाराज, माफिया राज और मुजफ्फरनगर दंगों जैसे मुद्दों पर अपने अभियान को आगे बढ़ाया। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने चेतावनी दी कि योगी सरकार द्वारा माफिया तत्वों को जेल में डाल दिया गया है और अगर सपा की सरकार बनी तो माफिया फिर जेल से बाहर हो जाएंगे। जनवरी में यूपी विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य में पहले चरण का मतदान दस फरवरी से हुआ था और सात मार्च को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद 10 मार्च को मतगणना की जाएगी। अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में विधानसभा चुनाव की अपनी आखिरी जनसभा को संबोधित किया। वहीं, सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव तीसरे चरण की मैनपुरी की करहल सीट पर चुनाव प्रचार के बाद दूसरी बार सातवें चरण में जौनपुर जिले की मल्हनी सीट पर सभा को संबोधित करते आए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी वाराणसी में सपा गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। उधर, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी ने भी वाराणसी में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस क्षेत्र में भाजपा नीत गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

## पाकिस्तान की...

राशिद अहमद ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस और जांच एजेंसियों ने हमले से जुड़े सभी तीन संदिग्धों की पहचान कर ली है। अहमद ने ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि पुलिस और जांच एजेंसियां एक या दो दिनों में उन संदिग्धों तक पहुंच जाएगी। पेशावर के एसएसपी (ऑपरेशन) हारून रशीद खान ने कहा कि यह एक आत्मघाती विस्फोट था। उन्होंने कहा कि दो हमलावर थे लेकिन उनमें से केवल एक आत्मघाती हमलावर था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने एक व्यक्ति की पहचान आत्मघाती हमलावर के रूप की जिसने काले कपड़े पहने हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि आत्मघाती हमलावर ने मस्जिद में प्रवेश किया, पहले सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी और फिर पांच- छह गोलियां चलाईं। प्रत्यक्षदर्शी ने जियो न्यूज को बताया, उसके बाद, वह जल्दी से (मस्जिद के) मुख्य हॉल में घुस गया और खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया। इसके बाद, हर जगह शव और घायल लोग दिख रहे थे। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक बम विस्फोट की खबर फैलते ही महिलाओं समेत कई लोग अपने परिवार के सदस्यों का हालचाल जानने के लिए मस्जिद की ओर दौड़ पड़े, जो वहां जुमे की नमाज अदा करने गए थे। इमामबारगाह के आसपास हर घर शोकाकुल है क्योंकि हर घर से एक या दो सदस्यों की मौत हो गई है या उसके सदस्य बम विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान ने पेशावर विस्फोट की कड़ी निंदा की है। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि उपासना स्थल पर लोगों को निशाना बनाना अमानवीय और क्रूर कृत्य है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आपात बैठक बुलाई है।

## रीता बहुगुणा...

से कुंवर फतेह बहादुर की भूमिका पार्टी में न के बराबर हो गई थी। कई बार उन्होंने मायावती की नीतियों पर सवाल भी उठाए थे। अभी पिछले दिनों ही उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में भेंट की थी। इसके बाद से ही यह माना जा रहा था कि वह जल्द ही सपा को अपना नया ठिकाना बनाएंगे।

# भारत ने परमाणु केंद्रों पर हमलों के खिलाफ आगाह किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**यूक्रेन** में जोपोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर रूस के हमले के बाद भारत ने शुक्रवार को आगाह किया कि परमाणु केंद्रों से संबंधित किसी भी दुर्घटना के जन स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। साथ ही उसने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यूक्रेन में पैदा हो रहे मानवीय संकट को समझना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा, भारत परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च महत्ता देता है क्योंकि परमाणु केंद्रों से जुड़ी किसी भी दुर्घटना के जन स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर असर हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद ने आपात बैठक की थी।

तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और केंद्रों की सुरक्षा से संबंधित घटनाक्रम पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है और साथ ही कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के उसकी सुरक्षा तथा निगरानी गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यूक्रेन में हमारे सामने पैदा हो रहे मानवीय संकट को समझना चाहिए, जहां कई हजार भारतीय नागरिकों खासतौर से छात्रों समेत निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा दांव पर लगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रूस और यूक्रेन के बीच दूसरे दौर की वार्ता से सुरक्षित मानवीय गलियारा तत्काल स्थापित होगा। तिरुमूर्ति ने कहा कि यह खेदजनक है कि सुरक्षा परिषद के इस मामले पर पिछले सप्ताह बुलाई बैठक के बाद से यूक्रेन में हालात बिगड़ गए हैं। उन्होंने हिंसा को तत्काल खत्म करने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दोहराया है, मतभेदों को सतत संवाद और कूटनीति के जरिए हल किया जाना चाहिए।

## रूस के संघर्ष विराम का पालन नहीं करने से यूक्रेन से लोगों को निकलना हुआ मुश्किल

एपी। लवीव

**यूक्रेन** के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि रूस द्वारा संघर्ष विराम की घोषणा करने के कुछ घंटे बाद ही गोलाबारी शुरू हो गई जिससे दो शहरों से लोगों को निकालने की प्रक्रिया बाधित हुई। इससे पहले रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि वह दक्षिण पूर्व में स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बंदरगाह मारियूपोल और पूर्व में स्थित वोलनोवाखा शहर में लोगों को निकालने के लिए रास्ता देने को सहमत है। हालांकि, इस बयान में यह स्पष्ट नहीं था कि वे मार्ग कब तक खुले रहेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो तिमोशेंको ने कहा, रूस संघर्ष विराम नहीं कर रहा है और मारियूपोल तथा आसपास के इलाकों में गोलाबारी जारी है।

उन्होंने कहा, संघर्ष विराम और सुरक्षित मानवीय गलियारा स्थापित करने के लिए रूस महासंघ से बातचीत जारी है। उप प्रधानमंत्री इरिना वेरेशचुक ने संवादाताओं से कहा, हम रूस से गोलाबारी बंद करने की अपील करते हैं उन्होंने कहा कि रूस ने वोलनोवाखा में भी संघर्ष विराम की घोषणा के विपरीत कार्वाई की। इस बीच मास्को की एक



कीव स्टेशन पर पड़ोसी देशों मे शरण लेने जाने को ट्रेन पकड़ने का इंतजार करते यूक्रेन के लोग

समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि उक्त दोनों शहरों के भीतर से रूस की सेनाओं पर हमला किया गया। पिछले कई दिनों से मारियूपोल में रूसी सेनाएं गोलाबारी कर रही हैं और बर्फीली सर्दी में वहां फंसे सैकड़ों लोगों के लिए बिजली, फोन, भोजन और पानी का संकट पैदा हो गया है। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक संस्था ने कहा कि शहर में दवाओं की भी कमी हो गई है। मारियूपोल, दोनेत्स्क सैन्य-नागरिक प्रशासन के तहत आता है। दोनेत्स्क प्रशासन के प्रमुख पाव्लो किरिलेंको ने कहा कि मानवीय सहायता गलियारा, शहर से जाफोरिझिया तक होगा, जो कि लगभग 140 किलोमीटर दूर है। मारियूपोल के महापौर वादिम बॉयचेंको ने यूक्रेन के टीवी चैनल पर कहा कि हजारों लोग शहर से सुरक्षित बाहर निकलने के लिए एकत्र हुए हैं और गोलाबारी शुरू होते ही बसें उन्हें लेकर रवाना हुईं।

## घरेलू स्तर पर हो रहा विरोध राष्ट्रपति पुतिन के लिए चिंता का कारण

एपी। लंदन

**रूसी** हमले का यूक्रेन की ओर से जवाब मिल रहा है और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को इसका अंदाजा भी था। रूसी राष्ट्रपति के इस कदम का संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी जोरदार विरोध किया गया, लेकिन रूस में घरेलू स्तर पर इसे लेकर हो रहा विरोध पुतिन के लिए चिंता का विषय बन गया है। हालांकि, पुतिन को जल्दी ही तख्तापलट के जरिए हटा दिया जाएगा या जनांदोलन के जरिए उन्हें देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया जाएगा, इस पर यकीन नहीं करने के तमाम स्पष्ट कारण मौजूद हैं। रूस में तीन ऐसे स्पष्ट समूह हैं जो युद्ध के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, हालांकि तीनों अलग-अलग तरीके से अपने विचार रख रहे हैं।

आम जनता युद्ध के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है। रूस के एक मानवाधिकार संगठन ओवीडी-इंफो के अनुसार, यूक्रेन पर रूस के हमले के पहले सप्ताह में पुलिस ने युद्ध के विरोध में प्रदर्शन करने वाले कम से कम 7,669 लोगों को हिरासत में लिया है। सेंट पीटर्सबर्ग में हिरासत में लिए गए लोगों में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, सभी शामिल हैं। जेल में बंद विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी ने पुतिन को पागल जार (राजा) बताते हुए रूस के भीतर और बाहर प्रदर्शनों का आह्वान किया है। बुद्धिजीवियों और संस्कृति के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी युद्ध का विरोध किया है। टीवी पर आने वाले सेलिब्रेटी, खिलाड़ियों से लेकर वैज्ञानिकों ने भी पुतिन के इस कदम का विरोध किया है। प्रतिष्ठित लोगों ने निजी तौर पर बयान जारी करने के साथ-साथ खुलेआम हस्ताक्षरित चिट्ठियां भी लिखी हैं, जिन पर देश के 44 शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों और शिक्षाविदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि, इन चिट्ठियों पर हस्ताक्षर करने वालों को इसका प्रतिकूल प्रभाव भी झेलना पड़ रहा है और उनमें से कुछ की नौकरियां भी चली गई हैं। प्रदर्शन करने वालों को हिरासत में भी लिया जा रहा है। अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण लोगों का क्या? रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों के अभूतपूर्व प्रतिबंधों के कारण रूस को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है और यह प्रशंसनीय होगा अगर वे इस संबंध में बोलेंगे। कुछ लोग इस संबंध में बोल रहे हैं। रूस के कुछ धनी लोग जैसे... तेल के क्षेत्र के उद्योगपति मिखाइल फ्रीडमैन और ओलेग देप्रिपास्का ने शांति की अपील की है। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी ल्यूकऑयल ने भी यूक्रेन से साथ युद्ध समाप्त करने की अपील की है।

## रूस की प्रमुख विमानन कंपनी एयरोफ्लोट आठ मार्च से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन रोकेगी

**न्यूयॉर्क (एपी)।** रूस की प्रमुख विमानन कंपनी एयरोफ्लोट ने आठ मार्च से बेलारूस को छोड़कर अपनी सभी बाकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन रोकने की घोषणा की है। रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने सभी रूसी विमानन कंपनियों से विदेशी-पट्टे वाले विमानों को विदेश की यात्री एवं मालवाहक उड़ानों को रोकने की सिफारिश की है। इसके बाद रूस की सबसे बड़ी सरकारी विमानन कंपनी ने यह कदम उठाया है। एजेंसी ने उस जोखिम का हवाला देते हुए उक्त सिफारिश की है कि पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण विदेशी-पट्टे वाले विमानों को जब्त किया जा सकता है। हालांकि, रोसावियात्सिया की ए सिफारिश उन रूसी विमान कंपनियों पर लागू नहीं होती जो रूसी विमान का उपयोग करती हैं या ऐसे विदेशी विमानों का उपयोग नहीं करतीं जिन्हें जब्त किया जा सकता है। एयरोफ्लोट ने शनिवार को बयान जारी कर इस कदम के पीछे उन परिस्थितियों का हवाला दिया जो उड़ानों के संचालन में बाधा हो सकती हैं।

## यूक्रेन छोड़ कर जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 14.5 लाख हुई

**जिनेवा (एपी)।** अंतरराष्ट्रीय प्रवास संगठन ने कहा है कि युद्ध शुरू होने के बाद यूक्रेन छोड़ कर जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 14.5 लाख पहुंच गई है। यूक्रेन से लोग जिन देशों में पहुंचे हैं, वहां की सरकारों से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने शनिवार को कहा कि उनमें से 7,87,300 लोग पोलैंड गए हैं। इसके अलावा करीब 2,28,700 लोग मोल्डोवा, 1,44,700 लोग हंगरी, 1,32,600 लोग रोमानिया और 1,00,500 लोग स्लोवाकिया गए हैं। एजेंसी ने कहा कि 138 देशों के नागरिक यूक्रेन की सीमा पार कर पड़ोसी राष्ट्रों में गए हैं।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के दुकान प्रबंधक को ठगी के मामले में 28 महीने की जेल

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन की एक अदालत ने लॉटरी में 1,30,000 पाउंड का ईनाम जीतने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति से ठगी की कोशिश करने की दोषी भारतीय मूल की एक महिला को 28 महीने की कैद की सजा सुनाई है। नरेंद्र गिल, उत्तरी इंग्लैंड के शहर लीड्स स्थित एक शॉपिंग सेंटर में एक दुकान का प्रबंधन का कार्य करती है, जहां उसने 81 वर्षीय फ्रैंक गोलैंड के लॉटरी टिकट की संख्या का मिलान किया। द सन समाचर पत्र की खबर के मुताबिक गोलैंड के टिकट की संख्या से उनके लॉटरी विजेता होने की पुष्टि होती थी लेकिन गिल ने उनसे झूठ बोला और टिकट अपने पास रख लिया। लीड्स अदालत ने शुक्रवार को गिल को चोरी और धोखाधड़ी के आरोप में 28 महीने की कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने कहा कि वह (गिल) अविश्वसनीय रूप से निर्मम है।

## एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे सूची में बरकरार रखा

भाषा। इस्लामाबाद

**धनशोधन** एवं आतंकी वित्तपोषण की निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को ग्रे सूची में ही रखा है और इस्लामाबाद को अपनी वित्तीय प्रणाली में शेष कमियों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए कहा है। शनिवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

इस बीच, पाकिस्तान के एक वरिष्ठ मंत्री ने शनिवार को कहा कि उनका देश एफएटीएफ के बाकी बचे कार्ययोजना बिंदुओं को जल्द ही पूरा कर लेगा। ऊर्जा मंत्री हम्माद अजहर ने ट्वीट कर कहा कि पाकिस्तान ने एक अभूतपूर्व समयसीमा में धनशोधन संबंधी कार्ययोजना को संबोधित किया है जबकि वह आतंकी वित्त पोषण संबंधी 27 लक्ष्यों में से 26 को पूरा कर रहा है। अजहर ने ट्वीट कर कहा, पाकिस्तान एफएटीएफ की दोनों कार्ययोजना को पूरा करने से सिर्फ दो बिंदू दूर है। पाकिस्तान धनशोधन और आतंकी वित्तपोषण पर लगाम लगाने में नाकाम रहने के कारण जून 2018 से ही पेरिस स्थित एफएटीएफ की ग्रे सूची में बना हुआ है।

निर्धारित लक्ष्यों को अक्टूबर 2019 तक पूरा करने के लिए उसे एक कार्य योजना दी गई थी। एफएटीएफ के आदेशों का पालन करने में विफल होने के कारण पाकिस्तान तब से लेकर अब तक उस ग्रे सूची में ही बना हुआ है। समाचार पत्र द डॉन की खबर के मुताबिक, कार्य योजना के 34 में से 32 बिंदुओं को पूरा करने के बावजूद एफएटीएफ की पूरक बैठक के शुक्रवार को हुए समापन सत्र में पाकिस्तान को ग्रे सूची में ही रखने का फैसला किया गया है। हालांकि, वित्तीय अपराधों से लड़ने के लिए अपनी वैश्विक प्रतिबद्धताओं पर पाकिस्तान के मजबूत कार्यक्रम के लिए एफएटीएफ की पूरक बैठक के समापन सत्र में उसकी सराहना की गई।

## वैश्विक धनशोधन रोधी निगरानी संस्था ने संयुक्त अरब अमीरात को ग्रे सूची में डाला

**दुबई (एपी)।** वैश्विक धनशोधन रोधी निगरानी संस्था ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को इन चिंताओं को लेकर अपनी तथाकथित ग्रे सूची में डाल दिया है कि यह देश अपराधियों और आतंकवादियों को यहां धन छिपाने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। पेरिस में स्थित वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) ने शुक्रवार रात यूएई को ग्रे सूची में डालने का निर्णय लिया। उसके अलावा, इस सूची में पश्चिम एशिया के ही तीन और देश जॉर्डन, सीरिया और यमन शामिल हैं। वैश्विक अंतर-सरकारी संगठन एफएटीएफ ने एक ओर जहां यूएई की महत्वपूर्ण प्रगति की प्रशंसा की है तो दूसरी ओर यह भी कहा है कि इस संबंध में और कार्य किए जाने की जरूरत है। एफएटीएफ के इस फैसले से (यूएई को ग्रे सूची में डालने के) व्यापार के लिहाज से बेहतर मानी जाने वाले यूएई की छवि को धक्का लग सकता है। हालांकि यूएई के अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया है। यूएई के एक वरिष्ठ राजनियक अनवर गरगश ने ट्विटर पर कहा कि उनके देश ने वित्तीय अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता अंतिम दौर में, तेहरान पहुंचे आईएईए प्रमुख

एपी। तेहरान

**ईरान** के परमाणु कार्यक्रम पर वियना में चल रही वार्ता अंतिम दौर पर पहुंच गई है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख ने शनिवार को तेहरान में ईरान के अधिकारियों से मुलाकात की।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने कहा कि तेहरान की उनकी यात्रा का मकसद शेष मुद्दों पर वार्ता करना है क्योंकि वियना में चल रही वार्ता में इस बात पर विचार-विमर्श अंतिम चरण में पहुंच गया है कि क्या 2015 में हुए समझौते को पूर्वरूप में बहाल किया जा सकता है। ग्रोसी ने शुक्रवार रात तेहरान के लिए रवाना होने से पहले ट्विटर पर लिखा, यह बहुत महत्वपूर्ण समय है, लेकिन सभी पक्षों के लिए एक सकारात्मक परिणाम निकालना संभव है। ग्रोसी ने शनिवार को तेहरान पहुंचकर ईरान के असैन्य परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से मुलाकात की। उनके ईरान के



विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियान से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है।

ईरान और पांच अन्य देशों के बीच 2015 में परमाणु समझौता हुआ था। लेकिन 2018 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते से अपने देश के बाहर निकलने की घोषणा कर दी, जिसके बाद समझौता अधर में लटक गया था। अब इसे बहाल करने के लिए वियना में ईरान और पांच अन्य देशों के बीच वार्ता चल रही है।

## अमेरिका की वांछित सूची में शामिल तालिबान के नेता पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** की तालिबान नीत सरकार में कार्यवाहक गृहमंत्री ने शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आकर कहा कि देश में पुलिस सुरक्षा में चूक करने वालों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। गौरतलब है कि देश पर तालिबान का नियंत्रण होने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा अधिकारों के दुरुपयोग की लगातार आ रही शिकायतों के बीच यह बयान आया है। अमेरिका द्वारा घोषित आतंकवादी सिराजुद्दीन हक्कानी का चेहरा पहली बार तालिबान सरकार के आधिकारिक चैनलों पर नजर आया। इस बार प्रकाशित तस्वीरों और पिछले साल अक्टूबर में दिखाई गई तस्वीरों में बहुत फर्क है क्योंकि उस वक्त एक प्रभावशाली नेता के चेहरे को ब्लर (धुंधला) करके दिखाया गया था। हक्कानी की यह तस्वीर शनिवार को ली गई है जब वह देश पर तालिबान का शासन होने के बाद पुलिस प्रशिक्षण पूरा करने वाले पहले बैच के दीक्षांत समारोह में गए थे। दीक्षांत समारोह में पुरुषों और महिलाओं सहित करीब 377 पुलिसकर्मियों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया। यह समारोह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश क गृहमंत्री बनने के बाद हक्कानी ने पहली बार मीडिया को बयान दिया है। हक्कानी ने दीक्षांत समारोह में अपने संबोधन में कहा कि अफगान नागरिकों के खिलाफ अपराध करने वाले तालिबान के सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ फौजदारी मुकदमे चल रहे हैं।



समारोह

## सिंगापुर में भारतीय मूल की मंत्री सहित सात सांसद कारोना वायरस से संक्रमित



**सिंगापुर (भाषा)।** सिंगापुर में भारतीय मूल की एक मंत्री सहित सात सांसद कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं, जिसके चलते वे बजट पर संसद में चल रही चर्चा में भाग नहीं ले रहे हैं। सिंगापुर में कोरोना वायरस के मामलों में तीव्र वृद्धि हुई है, जबकि विश्व के कई अन्य हिस्सों में संक्रमण के मामले तेजी से घटे हैं। शनिवार तक, सिंगापुर में संक्रमण के कुल 8,03,389 मामलों की पुष्टि हुई है और 1,067 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री एवं वित्त और राष्ट्रीय विकास मामलों की उप मंत्री इंद्राणी राजा उन नेताओं में शामिल हैं जो बजट पर संसद में चल रही चर्चा में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इंद्राणी ने बृहस्पतिवार दोपहर एंटीजन रैपिड जांच कराई थी क्योंकि उनके घर के दो अन्य सदस्य संक्रमित थे। मंत्री की कोविड जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई। उन्होंने शुक्रवार को फेसबुक पर कहा, शुक्र है कि संक्रमण के लक्षण हल्के हैं। बहुत खुश हूं कि दोनों खुराक और बूस्टर खुराक से मेरा पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। स्ट्रेट टाइम्स समाचार पत्र की शनिवार की एक खबर के अनुसार, इंद्राणी चार मार्च को एक पुष्प प्रदर्शनी में भी शामिल नहीं हो पाई थी। शुक्रवार को सिंगापुर में कोविड के 17,564 नए मामले सामने आए थे।

## तमिलों की समानता और न्याय की उम्मीदें पूरी करना श्रीलंका के खुद के हित में है : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि यह श्रीलंका के खुद के हित में है कि वह एक एकीकृत देश के अंदर तमिलों की समानता, न्याय एवं शांति और उनके गौरव की उम्मीदें पूरी करे। भारत ने रेखांकित किया कि श्रीलंका के पड़ोसी देश होने के नाते नई दिल्ली ने हमेशा उससे तमिलों के हितों की रक्षा की प्रतिबद्धता को पूरा करने की अपील की है। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के लिए भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजूदत इंद्रमणि पांडेय ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मानाविकार उच्चायुक्त की श्रीलंका में सुलह की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, जवाबदेही और मानवाधिकार पर पेश रिपोर्ट पर परस्पर संवाद के दौरान यह कहा। उन्होंने कहा, भारत का मानना है कि यह श्रीलंका के खुद के हित में है कि वह श्रीलंका में रह रहे तमिलों की समानता, न्याय, शांति और गौरव की उम्मीदों को एकीकृत श्रीलंका में पूरा करे। यह श्रीलंकाई संविधान में 13वें संशोधन सहित श्रीलंका की सरकार द्वारा सत्ता के सार्थक विकेंद्रीकरण को लेकर की गई प्रतिबद्धता पर भी लागू होता है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि श्रीलंका 13वें संशोधन को लागू करे, जिसे 13ए के तौर पर भी जाना जाता है। इस संशोधन का लक्ष्य श्रीलंका में प्रांतीय परिषदों का गठन करना, सिंहली और तमिल को राष्ट्रीय भाषा तथा अंग्रेजी को संपर्क भाषा बनाना है। पांडेय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने श्रीलंका की सरकार द्वारा द्वीपीय देश में मानवाधिकार और सुलह से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अन्य संबंधित संगठनों से संपर्क को संज्ञान में लिया है।

### म्यांमा की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद ने विरोधी समूह के सदस्यों की नागरिकता समाप्त करने की घोषणा की

**बैंकाक।** म्यांमा की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद ने सेना के शासन का विरोध करने वाले समूह के शीर्ष सदस्यों की नागरिकता समाप्त करने की घोषणा की है। सरकारी टीवी चैनल एमआरटीवी पर शुक्रवार को प्रसारित की गई इस घोषणा में कहा गया कि सैन्य शासन के विरोधी समूह के 11 नेताओं की नागरिकता समाप्त की जाती है क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर देश छोड़ दिया है और राष्ट्रीय हित को नुकसान पहुंचाया है। सैन्य शासन ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के आठ सदस्यों को निशाना बनाया है जो खुद को वैधानिक रूप से देश की सत्ता का अधिकारी मानने वाला संगठन है। इसके अलावा तीन प्रमुख कार्यकर्ताओं की नागरिकता समाप्त की गई है।

## ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों की सफलता के पीछे पारिवारिक सहयोग की महत्वपूर्ण योगदान : रिपोर्ट

**लंदन (भाषा)।** पारिवारिक सहयोग, सभी बाधाओं को पार कर कामयाब होने का दृढ़ संकल्प, पेशेवर कार्यशैली और भविष्य को लेकर आश्वस्त रहना ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों की सफलता के मुख्य कारण हैं। लंदन में जारी एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। ग्रांट थ्रोंटन और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा संकलित अध्ययन ब्रिटेन में भारत: प्रवासी प्रभाव 2.0 को शुक्रवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग में जारी किया गया। इसमें ऐसे प्रवासी उद्यमियों और पेशेवरों के साक्षात्कार की श्रृंखला को शामिल किया गया है, जिन्होंने भारत-ब्रिटेन संबंधों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछली जनगणना के अनुसार ब्रिटेन में करीब 15 लाख प्रवासी भारतीय रह रहे हैं, जबकि रिपोर्ट में अब इसके बढ़ कर करीब 17 लाख तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इंडिया हाउस में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त गायत्री इस्सर कुमार ने कहा, प्रवासी भारतीय, भारत-ब्रिटेन संबंधों का मूल तत्व है, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने इन्हें जीवंत संपर्क करार दिया था। उच्चायुक्त ने इन संबंधों को और मजबूत व गहरा करने पर जोर देते हुए कहा, भारत-ब्रिटेन के बीच 75 वर्षों के संबंधों का उत्सव मनाने के मद्देनजर मैं प्रवासी भारतीयों से उनकी आकांक्षाओं को ऊंचा रखने का आह्वान करती हूं। भारतीय मूल की प्रमुख हस्ती ऊषा पराशर, जो फिक्की की ब्रिटिश इकाई की अध्यक्ष हैं, ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में युवाओं के योगदान का भी उल्लेख किया। रिपोर्ट में प्रवासी भारतीयों के स्वामित्व वाली या उनके नेतृत्व वाली कंपनियों के ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में योगदान का भी उल्लेख किया गया है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

एपी। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने शनिवार को समुद्र में एक बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। यह जानकारी उसके पड़ोसी देश की सेना ने दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के पास एक इलाके से पूर्व की ओर छोड़ी गई मिसाइल करीब 270 किमी तक गई और कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच समुद्र में गिरी। मिसाइल 560 किलोमीटर की महत्तम ऊंचाई तक गई। बताया जाता है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका के खुफिया अधिकारी इस परीक्षण पर करीबी नजर रखे हुए थे। यह परीक्षण, 2022 में उत्तर कोरिया के हथियारों के परीक्षण का नौवां दौर था। अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमान ने कहा कि परीक्षण ने अमेरिकी कर्मियों या क्षेत्र को या उसके सहयोगी देशों को तत्काल कोई खतरा पैदा नहीं किया है। अमेरिका ने उत्तर कोरिया को तनाव पैदा करने वाली किसी भी गतिविधि से दूर रहने को कहा है। साथ ही, यह भी कहा है कि वह मिसाइल परीक्षण को लेकर दक्षिण कोरिया और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों तथा साझेदारों के साथ करीबी विचार विमर्श कर रहा है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी जोर देकर कहा कि संभावित हथियार बैलेस्टिक मिसाइल हो सकती है। सियोल में अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक बुलाई। नवीनतम परीक्षण दक्षिण कोरिया और जापान के उस दावे के करीब एक सप्ताह बाद किया गया है, जिसमें कहा गया था कि उत्तर कोरिया ने रविवार को बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया जो करीब 300 किलोमीटर की दूरी तक और करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई तक गई। उत्तर कोरिया ने बाद में कहा कि उसका परीक्षण कैमरा प्रणाली के लिए था क्योंकि उसकी योजना टोही उपग्रह में उसे लगाने की है।

पायनियर

नई दिल्ली, रविवार, 6 मार्च, 2022



# स्वास्थ्य


## सच नहीं भी हो सकता है चौथी लहर का पूर्वानुमान

कई वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्वानुमान मॉडल अल्पकालीन पूर्वानुमान के लिए ही अच्छा है और आईआईटी कानपुर के अध्ययन में जून में कोविड-19 महामारी की चौथी लहर आने का पूर्वानुमान आंकड़ा ज्योतिष और कयास हो सकता है। कोविड-19 के मामलों में अगले तीन महीने में एक बार फिर तेजी अने की आशंका को दूर करते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि भारत में अधिकतर लोगों को टीके की दो खुराक लग चुकी है और एक बार वे प्राकृतिक रूप से संक्रमित हो चुके हैं। इसलिए अगर लहर आती भी है तो अस्पताल में भर्ती होने और मौतों के संदर्भ में नतीजे प्रबंध करने योग्य होंगे, बशर्ते वायरस का कोई नया स्वरूप न आ जाए।

**DOC टॉक**

डॉ. पंकज अग्रवाल

एमडी ( होम ) व पीएचडी
अग्रवाल होमियो क्लीनिक



## वैकल्पिक रास्ता अपनाएं



होम्योपैथी अब दुनिया में हर जगह एक अच्छी तरह से समझा जाने वाला शब्द है लेकिन फिर भी, हर कोई जानना चाहता है कि यह यौन संक्रमित बीमारियों (एसटीडी) के इलाज के लिए एक विकल्प है या नहीं। एसटीडी ऐसे रोग या संक्रमण हैं जो यौन संपर्क के कारण होते हैं और यदि इन्हें अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो हानिकारक हो सकते हैं। विभिन्न रोग शुरू में श्रोणि क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं और बाद में पूरे मानव शरीर को प्रभावित करते हैं। कई एसटीडी हैं लेकिन आमतौर पर फैले रोग हैं क्लैमाइडिया, जननांग दाद, गोनोरिया, एड्स, एचपीवी, जघन जूँ, सिफलिस और ट्राइकोमोनिएसिस । अधिकांश एसटीडी पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करते हैं, लेकिन कई मामलों में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य समस्याएं अधिक गंभीर हो सकती हैं।

अनपेक्षित माहवारी या यौन क्रिया के बाद रक्तस्राव और यहां तक कि यौन क्रिया या पेशाब के दौरान दर्द या बेचैनी। इन लक्षणों के अलावा, बुखार, बार-बार होने वाला दर्द, थकान, मितली, वजन कम होना, याददाश्त कम होना, दृष्टि या सुनने में बदलाव, गांठ या सूजन जैसे अन्य संकेतक भी हैं जो एसटीडी का कारण हो सकते हैं।

### लक्षण

प्रारंभ में, एसटीडी कोई लक्षण नहीं दिखाते हैं या हल्के लक्षण दिखाते हैं जिनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। ये लक्षण लिंग या योनि से असामान्य निर्वहन या रक्तस्राव, योनि में या उसके आसपास खुजली, दर्दनाक या सूजे हुए अंडकोष, घाव, धक्कों, या योनि, लिंग, अंडकोष, गुदा, नितंबों, जांघों या मुंह के आसपास हो सकते हैं। अनपेक्षित माहवारी या यौन क्रिया के बाद रक्तस्राव और यहां तक कि यौन क्रिया या पेशाब के दौरान दर्द या बेचैनी। इन लक्षणों के अलावा, बुखार, बार–बार होने वाला दर्द, थकान, मितली, वजन कम होना, याददाश्त कम होना, दृष्टि या सुनने में बदलाव, गांठ या सूजन जैसे अन्य संकेतक भी हैं जो एसटीडी का कारण हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति इनमें से कोई भी चेतावनी संकेत दिखाता है तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें जो आपके अंतरंग शारीरिक संपर्क के इतिहास की जांच करेगा। एसटीडी के लिए सबसे अच्छे उपचारों में से एक– होम्योपैथी है जो न केवल लक्षणों का इलाज करता है बल्कि बीमारियों के मूल कारण का भी इलाज करता है।

### मूल कारण का इलाज

19वीं शताब्दी में जब होम्योपैथी की खोज की गई तो ये बीमारियां अनियंत्रित थीं। और एंटीबायोटिक्स अभी भी खोजे नहीं गए थे। तो, उन दिनों होम्योपैथी ही उन्हें जड़ से मिटाने का एकमात्र उत्तर था। अब एंटीबायोटिक के इस दौर में ऐसी बीमारियों के लक्षण तो मिट जाते हैं लेकिन बीमारी पूरी तरह जड़ से खत्म नहीं होती– इसके अवशेष रह जाते हैं। समय के साथ ये निशान पूरे मानव शरीर में तरह–तरह की बीमारियों का रूप धारण कर लेते हैं। विभिन्न बिगड़ते जाने वाले, चयापचय संबंधी रोग, गांठ, और विभिन्न प्रकार के कैंसर इस श्रेणी में आते हैं। यह समझने की जरूरत है कि एसटीडी का मतलब हमेशा संक्रमण नहीं होता है, बल्कि यह एसटीडी का स्रोत होता है।

### इलाज

हालांकि होम्योपैथिक उपचार में, ऐसे रोगों को उनके प्रत्येक अंग और पूरे मानव शरीर के विस्तृत लक्षणों से समझा जाता है। इस जांच के दौरान, पैटर्न का विश्लेषण किया जाता है और फिर होम्योपैथिक रूप से ज्ञात दवाओं की सूची से इसकी दवा का पता लगाया जाता है। केवल एक ऐसी दवा का चयन किया जाता है जो रोगी में लक्षणों के पैटर्न से मेल खाती हो। होम्योपैथी में इस प्रक्रिया को वैयक्तिकरण कहा जाता है। वही वैयक्तिकरण चयनित दवा की शक्ति व पुनरावृत्ति को चुनने में मदद करता है। यह पूर्णतया एक बहुत ही समर्पित प्रक्रिया है क्योंकि इसमें रोगी के वैयक्तिकरण की आवश्यकता के अनुसार दवा दिया जाना शामिल होता है।

यह वैयक्तिकरण प्रक्रिया होम्योपैथिक चिकित्सक का वास्तविक कठिनसाध्य कार्य है जिसमें काफी समय लगता है, और इसकी सटीकता डॉक्टर के कौशल पर निर्भर करती है। जब होम्योपैथिक चिकित्सक अत्यधिक कुशल होता है तो उसकी दवा का चयन पहली खुराक के साथ काम करता है। यह प्रक्रिया एक नुस्खे के साथ समाप्त नहीं होती है बल्कि इसके लिए आवश्यक अंतराल में कई फालोअप कार्रवाइयों की आवश्यकता होती है और प्रत्येक फालोअप परामर्श, बदलते पैटर्न का अध्ययन किया जाता है और दवाओं का एक और चयन किया जाता है। हां! यह जानना आवश्यक है कि रोगी को आवश्यक खुराक के साथ एक समय में केवल एक ही दवा दी जाती है।

इसलिए, सही मायने में होम्योपैथी एसटीडी को पूर्णतया जड़ से खत्म कर सकती है, चाहे वह किसी भी चरण में हो, लेकिन एक कुशल होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए जो इसे उचित परिश्रम के साथ कर सकता है। वास्तव में, आज के समय में अधिकांश लोग एसटीडी से प्रभावित हो जाते हैं जो या तो असुरक्षित यौन संपर्क के बाद संक्रमित हो जाते हैं या फिर परिवार के जीन से संक्रमित हो जाते हैं।

इसलिए, यदि आप एसटीडी के लक्षणों का सामना कर रहे हैं, तो चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसका इलाज होम्योपैथी और एक कुशल होम्योपैथिक पेशेवर की मदद से किया जा सकता है।



## बचाव के लिए न्यूट्रास्युटिकल

**डॉ. अनीश** देसाई कहते हैं कि वर्तमान में, दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए वानस्पतिक उपचारों पर निर्भर है

विश्व स्वास्थ्य संगठन (कोव) द्वारा 2019–एन कोव या 2019 नोवल कोरोनवायरस या कोविड–19 नामक एक नोवल कोरोनावायरस (कोव) निमोनिया के वर्तमान प्रकोप पर नजर रखी जाती है जो दिसंबर 2019 की शुरुआत में वुहान शहर, हुबेई प्रांत, चीन के पास शुरू हुआ था। कोविड–19 एक रोगजनक वायरस है। अधिकांश लोग 2 से 3 सप्ताह के भीतर कोविड–19 से ठीक हो गए, हालांकि, कुछ ने बीमारी के हल्के संस्करण का अनुभव किया था और ठीक होने के बाद भी लक्षणों से पीड़ित रहे।

इन लोगों को कभी–कभी लंबे समय तक रोगग्रस्त रहने वालों के रूप में माना जाता है, और इन स्थितियों को पोस्ट–कोविड–19 सिंड्रोम या लंबे समय तक कोविड–19 के रूप में जाना जाता है। इन स्वास्थ्य समस्याओं को कभी–कभी कोविड–19 उपरांत– स्थितियों के रूप में संदर्भित किया जाता है। उन्हें आम तौर पर कोविड–19 साइड इफेक्ट माना जाता है जो आपको वायरस प्रभावित होने का पता चलने के बाद भी चार सप्ताह से अधिक समय तक रहता है।

वृद्ध लोगों और कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में कोविड–19 के लक्षण दिखने की संभावना अधिक होती है, लेकिन यहां तक कि युवा, व अन्य स्वस्थ लोग संक्रमण के बाद हफ्तों से लेकर महीनों तक बीमार महसूस कर सकते हैं। निम्नलिखित कुछ सबसे सामान्य दीर्घकालिक संकेत और लक्षण हैं : सांस की तकलीफ, थकान, जोड़ों में दर्द, खांसी, सीने में दर्द, गंध या स्वाद की कमी, चिंता, अवसाद, बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द, आदि।

प्राचीन काल से ही मानव द्वारा जड़ी–बूटियों से प्राप्त न्यूट्रास्युटिकल्स का उपयोग औषधि के स्रोत के रूप में किया जाता रहा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए वानस्पतिक उपचारों पर निर्भर है। अब स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों के निर्माण में वानस्पतिक उपचारों में रुचि व उपयोग बढ़ रहा है। विभिन्न जड़ी–बूटियां जिनका उपयोग लंबे कोविड् लक्षणों के उपचार में किया जा सकता है, वे इस प्रकार हैं :

**अदरक** : यह अपने जलनरोधक व एंटीवायरल प्रभाव को साबित कर चुका है और इसलिए इसका उपयोग कोविड–19 लक्षण उपचार में किया जा सकता है।

**शहद** : विभिन्न सक्रिय घटकों, जैसे कि विटामिन, फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स आदि से मिलकर बनता है जो एंटीऑक्सिडेंट एजेंट के रूप में कार्य करता है और संक्रमण के दौरान वायरल आरएनए को नियंत्रित करने में प्रभावी होता है।

**ग्लूटाथियोन :** उन्हें मास्ट एंटीऑक्सिडेंट एजेंट कहा जाता है जो प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों (आरओएस) को कम करते हैं और एनएफ–केबी की सक्रियता को कम करते हैं। यह श्वसन संबंधी लक्षणों से राहत दिलाने में भी कारगर है।

**आस्टाक्सान्थिन** : इसमें मजबूत जलनरोधी और एंटीऑक्सीडेंट कार्रवाई होती है जो इंटरफेरॉन–उत्तेजित प्रतिक्रिया तत्वों (आरओएस) के प्रोत्साहन में जानूस किनसे / सिग्नल ट्रांसड्यूसर और ट्रांसक्रिप्शन (जेक/स्टाट) के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है, जो मार्ग को क्षीण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी ताकि कोविड–19 में सूजन से बचा जा सके।

**करक्यूमिन :** यह करकूमा लोंगा से प्राप्त एक सक्रिय घटक है और इसमें सूजन–रोधी क्रिया होती है। नैदानिक साक्ष्य से पता चला है कि करक्यूमिन कोविड–19 के उपचार में एक प्रभावी एजेंट है।



**डॉ. अनीश देसाई**
**क्लिनिकल फार्माकोलॉजिस्ट और फार्मास्युटिकल फिजिशियन, इंटेलीमेड हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के संस्थापक**

**एंड्रोग्राफिस पैनिकुलेट :** एंड्रोग्राफोलाइड जो एंड्रोग्राफिस पैनिकुलता का एक सक्रिय घटक है, ने कोविड–19 के खिलाफ शक्तिशाली निरोधात्मक प्रभाव दिखाया। यह ग्लाइकोप्रोटीन के स्पाइक प्रोटीन के साथ बंधता है और मेजबान सेल में वायरस के प्रवेश को सीमित करता है।

**विटामिन डी3:** साहित्य समीक्षा से पता चलता है कि विटामिन डी3 एंजियोटेंसिन–परिवर्तित एंजाइम 2 (एसीई2) पर सीधी क्रिया दिखाता है, जो गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (सार्स–सीओवी–2) के लिए कोशिका की सतह के प्रवेश रिसेप्टर के रूप में कार्य करता है।

**विटामिन सी :** एस्कॉर्बिक एसिड पानी में घुलने वाला विटामिन है जिसमें एंटीऑक्सिडेंट, जलनरोधक और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुण होने का प्रस्ताव है।

**सेलेनियम :** सेलेनाइट, एक प्रकार का सेलेनियम जो स्वस्थ कोशिकाओं में वायरस के प्रवेश को रोकता है। इसलिए, कोविड–19 के उपचार में सेलेनियम का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है।

**जिंक** : जिंक अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट वायरल इंफेक्शन के इलाज में मददगार होता है और इसलिए यह कोविड–19 के प्रबंधन में भी फायदेमंद हो सकता है।

**मेलाटोनिन** : मेलाटोनिन फेफड़े की तीव्र ऑक्सीडेटिव चोट और सूजन को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है।

